
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 177 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 07 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


# दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति का संदेश: नवाचार, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा पर जोर

**समाज जागरण**

मुरथल (हरियाणा)। सी.पी. राधाकृष्णन ने हरियाणा के मुरथल स्थित दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए छात्रों को नवाचार, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश का भविष्य युवाओं के ज्ञान, कौशल और नैतिक मूल्यों पर निर्भर करता है।




### दीनबंधु छोटू राम को किया नमन

उपराष्ट्रपति ने दीनबंधु छोटू राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सामाजिक न्याय और किसान हितों का सशक्त समर्थक बताया। उन्होंने कहा कि उनके योगदान ने हरियाणा को एक समृद्ध कृषि राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### महिला सशक्तिकरण की झलक

उन्होंने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में लगभग 64% महिलाएं हैं, जबकि कुल छात्रों में उनकी भागीदारी करीब 50% है। इसे उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों की सफलता का सकारात्मक संकेत बताया।

### आत्मनिर्भर भारत और नवाचार पर बल

उपराष्ट्रपति ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर भारत' की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए, कहा कि नवाचार, आत्मविश्वास और स्वदेशी समाधान देश को वैश्विक मंच पर सशक्त बनाएंगे।

### कोविड काल में भारत की भूमिका सराहनीय

उन्होंने COVID-19 के दौरान भारत द्वारा विकसित वैक्सीन और 100 से अधिक देशों को उसकी आपूर्ति को देश की वैश्विक जिम्मेदारी और क्षमता का प्रतीक बताया।

### उभरती तकनीकों को अपनाने की अपील

छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते क्षेत्रों में जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### नशामुक्त समाज के लिए युवाओं से अपील

उन्होंने युवाओं से नशीले पदार्थों से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने के लिए "राजदूत" की भूमिका निभाने की अपील की।

### चरित्र और ईमानदारी ही असली सफलता

उपराष्ट्रपति ने कहा कि सफलता केवल उपलब्धियों से नहीं, बल्कि चरित्र, ईमानदारी और कठिनाइयों से उबरने की क्षमता से तय होती है। उन्होंने छात्रों को धैर्य और सकारात्मकता के साथ जीवन की चुनौतियों का सामना करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि सच्ची शिक्षा वही है, जो विचारों को स्वतंत्र बनाती है और अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करना सिखाती है। उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्त होकर ही भारत बौद्धिक रूप से मजबूत बन सकता है।

इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल आशीष कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और कुलपति प्रकाश सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (इनपुटः पीआईबी)

समाज जागरण / राजनीति

## असम में 'मामा' फिर बनेंगे सीएम? ओपिनियन पोल में NDA को बढ़त

गुवाहाटी। असम में आगामी विधानसभा चुनाव 2026 से पहले जारी ओपिनियन पोल ने सियासी हलचल तेज कर दी है। नेटवर्क18 के 'वोट वाइब' सर्वे (ट्रैकर-3) के अनुसार, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन एक बार फिर मजबूत स्थिति में नजर आ रहा है।

सर्वे में शामिल 14,247 लोगों की राय के आधार पर अनुमान लगाया गया है कि 126 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए को 82 से 92 सीटें मिल सकती हैं। वहीं इंडिया गठबंधन को 30 से 40 सीटें मिलने का अनुमान है।
अन्य दलों में एआईयूडीएफ 2 से 4 सीटों पर सिमटती दिख रही है, जबकि यूपीपीएल को 0 से 2 सीटें मिलने की संभावना जताई गई है।

### सभी क्षेत्रों में NDA की बढ़त

ओपिनियन पोल के अनुसार एनडीए को अपर असम, उत्तर असम, निचली असम, मध्य असम और बराक घाटी–सभी क्षेत्रों में बढ़त मिलती दिख रही है। हालांकि, कांग्रेस को कुछ इलाकों में आंशिक मजबूती मिल सकती है।

### 'मामा' की लोकप्रियता कायम

मुख्यमंत्री पद के लिए पहली पसंद के तौर पर हिमंता बिस्वा सरमा 47.1% समर्थन के साथ आगे हैं। महिलाओं और युवाओं के बीच उन्हें 'मामा' के रूप में खास लोकप्रियता मिल रही है।

## पाकिस्तान में महंगाई के खिलाफ उग्र विरोध, 'कफन' पहन सड़कों पर उतरे लोग



**समाज जागरण**

कराची/सुक्कुर। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के खिलाफ जनाक्रोश फूट पड़ा है। कराची, जैकबाबाद, हैदराबाद और सुक्कुर समेत कई शहरों में लोगों ने प्रदर्शन और रैलियां निकालीं। कई जगहों पर प्रदर्शनकारियों ने 'कफन' पहनकर विरोध जताया और भूख हड़ताल पर भी बैठे।

### पेट्रोल कीमतों पर भड़का जनाक्रोश

सिंध यूनाइटेड पार्टी (एसयूपी) के कार्यकताओं ने सुक्कुर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी नेता ईदन जगिरानी ने कहा कि "महंगाई का जिन्न" बाहर आ चुका है, जिससे मजदूर वर्ग के लिए जरूरी सामान खरीदना मुश्किल हो गया है।
वहीं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता गौहर खान खोसो ने आरोप लगाया कि पेट्रोल की कीमत करीब 378 पाकिस्तानी रुपए प्रति लीटर पहुंच गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि राहत नहीं मिलने पर आंदोलन और तेज होगा।

### सरकार पर 'बहानेबाजी' का आरोप

अवामी तहरीक के नेताओं अहमद कटियार और सरवन जटोई ने सरकार पर आरोप लगाया कि पश्चिम एशिया के हालात का बहाना बनाकर पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाई जा रही हैं। उन्होंने शहबाज शरीफ और मुराद अली शाह की नीतियों की आलोचना करते हुए सब्सिडी घोषणाओं को "दिखावटी" बताया।

# एनसीआर में 7-8 अप्रैल को बदलेगा मौसम, बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/एनसीआर। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एक बार फिर मौसम करवट लेने जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 7 और 8 अप्रैल को क्षेत्र में तेज हवाएं, बादल छाए रहने के साथ बारिश और कहीं-कहीं गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है।



### तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक 6 अप्रैल को मौसम सामान्य रहा, जहां न्यूनतम तापमान 21°C और अधिकतम 33°C दर्ज किया गया।
7 अप्रैल को न्यूनतम तापमान 20°C और अधिकतम 31°C रहने का अनुमान है, जबकि 8 अप्रैल को तापमान और गिरकर न्यूनतम 18°C तथा अधिकतम 31°C तक पहुंच सकता है।

### बारिश और गरज के आसार

इन दोनों दिनों में एक-दो दौर की बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।
9 अप्रैल को आंशिक बादल छाए रहेंगे, जबकि 10 और 11 अप्रैल को मौसम साफ होने और तापमान बढ़ने का अनुमान है, जो 33-34°C तक जा सकता है।

### पश्चिमी विक्षोभ बना वजह

मौसम में इस बदलाव का मुख्य कारण पश्चिमी विक्षोभ को माना जा रहा है। इसके प्रभाव से हवाओं की गति बढ़ेगी और तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

### हल्की ठंड का एहसास संभव

न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री तक की गिरावट से लोगों को हल्की ठंड का एहसास हो सकता है, खासकर सुबह और रात के समय।

### वायु गुणवत्ता में सुधार

वहीं वायु गुणवत्ता सूचकांक (अदक) की स्थिति फिलहाल पहले से बेहतर बनी हुई है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिली है। (इनपुटः आईएएनएस)

**समाज जागरण**

## 'हलाल इकोनॉमी' को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज

नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर 'हलाल इकोनॉमी' को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। गौतम खट्टर द्वारा किए गए एक पोस्ट में इस विषय पर सवाल उठाए गए, जिसके बाद विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर चर्चा शुरू हो गई। पोस्ट में 'हलाल इकोनॉमी' के आकार, इसके प्रभाव और इससे जुड़े नियमों को लेकर चिंता जताई गई है। कुछ यूजर्स इसे बाजार में एक खास प्रकार के सर्टिफिकेशन और उपभोक्ता मांग से जुड़ा विषय बता रहे हैं, जबकि अन्य इसे पारदर्शिता और नियमन के नजरिए से देख रहे हैं।
विशेषज्ञों के अनुसार, 'हलाल' मुख्य रूप से इस्लाम में खाद्य पदार्थों और उत्पादों के लिए निर्धारित मानकों से जुड़ा एक सर्टिफिकेशन है, जिसका पालन कुछ उपभोक्ता अपनी आस्था के आधार पर करते हैं। भारत सहित कई देशों में यह एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में मौजूद है।
हालांकि, इस विषय पर अलग-अलग विचार सामने आ रहे हैं। कुछ लोग इसके दायरे और आर्थिक प्रभाव पर स्पष्ट नियमों की मांग कर रहे हैं.

# ट्रंप ने ईरान का शांति प्रस्ताव ठुकराया, बोले– "यह काफी नहीं", हमले की दी चेतावनी

**समाज जागरण**

वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ताजा शांति प्रस्ताव को अपर्याप्त बताते हुए कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने के लिए दी गई समय-सीमा "फाइनल" है और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।
व्हाइट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने कहा कि ईरान को अमेरिका की शर्तों को हर हाल में मानना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ईरान के पावर प्लांट, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे पर "भयानक हमला" किया जा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी माना कि ईरान का प्रस्ताव एक "महत्वपूर्ण कदम" है, लेकिन अभी पर्याप्त नहीं है।



### "तो मैं सारा तेल छीन लेता"

ट्रंप ने तीखे बयान में कहा कि यदि निर्णय उनके हाथ में होता, तो वे ईरान का सारा तेल अपने नियंत्रण में ले लेते। उनका कहना था कि इससे न केवल अमेरिका को आर्थिक लाभ होता, बल्कि ईरान की जनता की मदद भी की जा सकती थी।
उन्होंने यह भी जोड़ा कि अमेरिकी जनता अब सैनिकों की घर वापसी चाहती है, इसलिए आगे की कार्रवाई सोच-समझकर की जाएगी।

### सैन्य तनाव जारी

ट्रंप ने ईरान द्वारा अमेरिकी फाइटर जेट गिराए जाने की घटना को "तुक्का" करार दिया। उन्होंने कहा कि यह ईरान की सैन्य ताकत नहीं, बल्कि किस्मत का परिणाम था। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि युद्ध क्षेत्र में अमेरिकी हेलीकॉप्टरों को भारी गोलाबारी का सामना करना पड़ रहा है और कुछ को नुकसान भी पहुंचा है।

### मध्यस्थों के जरिए जारी बातचीत

दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है, लेकिन मध्यस्थों के जरिए बातचीत अभी भी जारी है। ट्रंप ने संकेत दिया कि यदि ईरान अमेरिकी शर्तों को मान लेता है, तो युद्ध जल्द समाप्त हो सकता है, अन्यथा स्थिति और गंभीर हो सकती है।

## CEC पद पर बने रहेंगे ज्ञानेश कुमार, विपक्ष का प्रस्ताव खारिज

नई दिल्ली। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने संबंधी विपक्ष के प्रस्ताव को राज्यसभा के सभापति ने खारिज कर दिया है।




इसके साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि वे अपने पद पर बने रहेंगे। विपक्षी दलों ने सीईसी पर पक्षपात और भेदभाव के आरोप लगाते हुए 1 मार्च को संसद के दोनों सदनों में नोटिस दिया था। इस प्रस्ताव के समर्थन में 130 लोकसभा और 63 राज्यसभा सांसदों ने हस्ताक्षर किए थे। हस्ताक्षरकताओं में इंडिया गठबंधन के अधिकांश दल शामिल थे। आम आदमी पार्टी के सांसदों ने भी समर्थन किया, जबकि कुछ निर्दलीय सांसद भी इसके पक्ष में रहे।
नियमों के अनुसार लोकसभा में कम से कम 100 और राज्यसभा में 50 सांसदों के हस्ताक्षर आवश्यक होते हैं, जो इस प्रस्ताव में पूरे थे। इसके बावजूद सभापति ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिससे यह मामला आगे नहीं बढ़ेगा।

## सुप्रीम कोर्ट में मालदा मामले की सुनवाई, अफसरों की जवाबदेही पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में मालदा मामले की सुनवाई के दौरान प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर तीखी टिप्पणी सामने आई। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।
कार्यवाही के दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से पूछा कि क्या वे कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश का फोन भी नहीं उठाते हैं।
इस पर मुख्य सचिव ने जवाब दिया कि एक नंबर बंद था और दूसरा ह्लउच्च सुरक्षाह्व वाला नंबर है, जिस पर संपर्क संभव नहीं हो पाया।



इस पर अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि सुरक्षा इतनी भी नहीं होनी चाहिए कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जैसे संवैधानिक पदाधिकारी भी संपर्क न कर सकें। न्यायालय ने अधिकारियों को अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनने की सलाह दी।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने यह भी संकेत दिया कि प्रशासनिक पदों पर बैठे अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन अधिक पारदर्शिता और संवाद के साथ करना चाहिए।

## ट्रंप की कड़ी चेतावनी: "डेडलाइन के बाद ईरान के पास न पुल होंगे, न बिजलीघर"

**समाज जागरण**

वॉशिंगटन डीसी। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि तय समयसीमा के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा, "यह बेहद महत्वपूर्ण समय है। उन्होंने 7 दिन का समय मांगा था, मैंने 10 दिन दिए। अब उनके पास कल तक, रात 8 बजे (ईस्टर्न टाइम) तक का समय है। इसके बाद देखेंगे क्या होता है।"



उन्होंने आगे कहा कि यदि तय शर्तों का पालन नहीं किया गया, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा सकता है। ट्रंप के मुताबिक, "इसके बाद उनके पास न पुल होंगे, न बिजलीघर... वे स्टोन एज (प्राचीन काल) में पहुंच जाएंगे।"

ट्रंप के इस बयान से दोनों देशों के बीच तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, कूटनीतिक स्तर पर बातचीत जारी रहने की भी खबर है।

### असम CM की पत्नी ने विदेशी संपत्ति के आरोपों को बताया "शर्मनाक"

गुवाहाटी। हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने कांग्रेस द्वारा लगाए गए विदेशी संपत्ति से जुड़े आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने इन आरोपों को "शर्मनाक" बताते हुए कहा कि यह केवल बदनाम करने की कोशिश है। उन्होंने बयान में कहा कि उनका किसी भी कथित विदेशी संपत्ति से कोई संबंध नहीं है और इस तरह के आरोप राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित हैं। वहीं कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी के पास अब "लोगों को बदनाम करने के अलावा कोई काम नहीं बचा है।"

## भारतीय विमानन क्षेत्र पर उठे सवाल, सोशल मीडिया पर चर्चा तेज

**समाज जागरण**

नई दिल्ली। हाल के महीनों में विमानन क्षेत्र से जुड़ी घटनाओं के बाद भारत के एविएशन सेक्टर को लेकर सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई है। Logical Wander नामक यूजर के एक पोस्ट में एयर इंडिया समेत पूरे विमानन उद्योग की स्थिति पर सवाल उठाए गए हैं।
पोस्ट में दावा किया गया है कि हालिया घटनाओं के चलते सेक्टर की स्थिति चिंताजनक नजर आ रही है और इसके वास्तविक हालात को तथ्यों के आधार पर समझने की जरूरत है। इस पोस्ट के बाद कई यूजर्स ने सुरक्षा, संचालन और सेवाओं को लेकर अपनी राय साझा की। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत का



विमानन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ चुनौतियां भी सामने आ रही हैं, जैसे बढ़ता यात्री दबाव, इंफ्रास्ट्रक्चर की सीमाएं और ऑपरेशनल जटिलताएं। हालांकि, उद्योग से जुड़े जानकारों का कहना है कि नियामक संस्थाएं और एयरलाइंस लगातार सुरक्षा मानकों और सेवाओं को बेहतर बनाने के प्रयास कर रही हैं। फिलहाल, सोशल मीडिया पर चल रही इस बहस ने विमानन क्षेत्र की स्थिति और सुधार की जरूरत को लेकर एक नई चर्चा जरूर छेड़ दी है।

# बदलते परिवेश में स्वास्थ्य चुनौतियां

– महेन्द्र तिवारी

विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो



न केवल स्वास्थ्य के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है, बल्कि एक स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में सामूहिक प्रयासों को भी प्रेरित करता है। इस विशेष दिन की नींव 7 अप्रैल 1948 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना के साथ रखी गई थी, और इसे आधिकारिक रूप से पहली बार 1950 में मनाया गया। वर्ष 2026 में, जब दुनिया तकनीकी और वैज्ञानिक प्रगति के एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है, विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम “Together for health. Stand with science” यानी "स्वास्थ्य के लिए एकजुट। विज्ञान के साथ खड़े रहें" निर्धारित की गई है। यह थीम एक अत्यंत महत्वपूर्ण मोड़ पर हमारे सामने आई है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी सूचनाओं, मिथकों और वैज्ञानिक तथ्यों के बीच एक निरंतर संघर्ष देखा गया है। यह विषय हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करता है कि हम अपने जीवन और स्वास्थ्य के प्रति निर्णय लेते समय भावनाओं या अफवाहों के बजाय साक्ष्य-आधारित विज्ञान को आधार बनाएं। विज्ञान ही वह प्रकाश है जिसने मानवता को सबसे अंधेरे समय में रास्ता दिखाया है, और 2026 का यह अभियान इसी वैज्ञानिक दृष्टिकोण को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने की एक सशक्त पुकार है।

इतिहास देखें तो वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग की यात्रा 19वीं शताब्दी के मध्य में शुरू हुई थी। वर्ष 1851 में पेरिस में आयोजित पहला अंतरराष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन इस दिशा में पहला बड़ा कदम था, जिसका उद्देश्य हैजा जैसी संक्रामक बीमारियों के प्रसार को रोकना था। इसके बाद 1902 में पैन-अमेरिकन सैनिटरी ब्यूरो और 1907 में ऑफिस इंटरनेशनल डी'हाइजीन पब्लिक जैसे संगठनों ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सहयोग की नींव को और मजबूत किया। द्वितीय विश्व युद्ध की विभीषिका के बाद जब संयुक्त राष्ट्र का गठन हुआ, तब यह महसूस किया गया कि एक ऐसी वैश्विक संस्था की आवश्यकता है जो बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के पूरी मानवता के स्वास्थ्य की रक्षा कर सके। परिणामस्वरूप, 1946 में न्यूयॉर्क में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन में विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान पर 61 देशों ने हस्ताक्षर किए और अंततः 7 अप्रैल 1948 को यह संगठन अस्तित्व में आया। वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन के 194 सदस्य देश हैं, जो दुनिया भर में "Health for A''" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी सफलता 1980 में चेचक का वैश्विक उन्मूलन रही है, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि यदि दुनिया विज्ञान के साथ एकजुट होकर खड़ी हो, तो किसी भी असाध्य बीमारी को जड़ से मिटाया जा सकता है। इसके अलावा, पोलियो के मामलों में 99 प्रतिशत से अधिक की कमी, एचआईवी/एड्स के उपचार में प्रगति और हाल के वर्षों में मलेरिया के पहले टीके (RTS,S/AS01) की मंजूरी विज्ञान की ही गौरवशाली उपलब्धियां हैं।

वर्ष 2026 की थीम "Stand with science" केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह वर्तमान समय की अनिवार्य आवश्यकता है। आधुनिक युग में डिजिटल मीडिया के विस्तार के साथ स्वास्थ्य संबंधी गलत सूचनाएं एक नई महामारी की तरह उभरी हैं। टीकाकरण से लेकर कैंसर के उपचार तक, लोग अक्सर वैज्ञानिक प्रमाणों के स्थान पर अवैज्ञानिक दावों की ओर आकर्षित हो जाते हैं। ऐसे में यह थीम दुनिया को याद दिलाती है कि विज्ञान ने ही हमें टीके, एंटीबायोटिक्स, उन्नत सर्जिकल तकनीक और जीवन रक्षक दवाएं दी हैं। वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति सम्मान और शोध में निवेश ही वह मार्ग है जिससे भविष्य की महामारियों को रोका जा सकता है। इसके साथ ही, 2026 का अभियान "डल्ली ऌीं'ः" दृष्टिकोण पर बहुत अधिक जोर देता है। विज्ञान हमें बताता है कि मनुष्यों का स्वास्थ्य अकेले नहीं सुधारा जा सकता, क्योंकि यह पशुओं और हमारे साझा पर्यावरण के स्वास्थ्य से गहराई से जुड़ा हुआ है। डेटा बताते हैं कि मनुष्यों में होने वाली लगभग 75 प्रतिशत नई उभरती संक्रामक बीमारियां 'जूनोटिक' होती हैं, यानी वे जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। इसलिए, जब हम विज्ञान के साथ खड़े होने की बात करते हैं, तो इसमें पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण, जैव-विविधता की रक्षा और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझना भी शामिल है।

आज वैश्विक स्वास्थ्य के सामने चुनौतियां पहले से कहीं अधिक जटिल हैं। गैर-संचारी रोग जैसे हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर और श्वसन संबंधी बीमारियां वर्तमान में दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों का लगभग 74 प्रतिशत हिस्सा हैं। डेटा के अनुसार, प्रत्येक वर्ष लगभग 41 मिलियन लोग इन बीमारियों के कारण अपनी जान गंवाते हैं, जिनमें से 17 मिलियन मौतें 70 वर्ष की आयु से पहले ही हो जाती हैं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि हमारी जीवनशैली और वैज्ञानिक परामर्श की अनदेखी हमें किस ओर ले जा रही है। विशेष रूप से मधुमेह की समस्या एक वैश्विक संकट बन चुकी है, जिससे दुनिया भर में 530 मिलियन से अधिक लोग प्रभावित हैं और यह संख्या 2045 तक बढ़कर 780 मिलियन होने का अनुमान है। मानसिक स्वास्थ्य भी एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर 2026 के इस अभियान में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 8 में से 1 व्यक्ति किसी न किसी मानसिक विकार के साथ जी रहा है। डिप्रेशन और चिंता न केवल व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी हर साल खरबों डॉलर का नुकसान पहुंचाते हैं। "रइंल्ला द्दइँ ॠल्लू" का संदेश हमें यह समझने के लिए प्रेरित करता है कि मानसिक रोग भी शारीरिक रोगों की तरह ही वैज्ञानिक उपचार और सामाजिक समर्थन के पात्र हैं।

# बंगाल की अस्मिता को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाना चाहती हैं ममता

अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार

पश्चिम बंगाल की चुनावी जमीन पर तनाव भरा माहौल छाया हुआ है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली ममता बनर्जी अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्ता हासिल करने के सपने बुन रही है। इस बार की लड़ाई 2021 वाली जंग से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। पहले के चुनावों में हिंसा का तांडव देखने को मिला था, जहां दंगाइयों को खुला संरक्षण मिला। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कानून की सख्ती ने उपद्रवियों की हिम्मत तोड़ दी है। अर्धसैनिक बलों के जवान हर कोने में मुस्तैद हैं, जो किसी भी तरह की गुंडागर्दी को कुचलने को तैयार हैं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इन बदलावों से ममता बनर्जी का गुस्सा भड़क उठा है। वे खुद को पीड़ित साबित करने की कोशिश कर रही हैं, जो उनकी पुरानी चाल है।



चुनावी जंग की शुरूआत होते ही पश्चिम बंगाल की सड़कों पर उत्तेजना का माहौल बन गया। 2021 में जो दृश्य देखे गए थे, वे भयानक थे। तब तृणमूल के कार्यकताओं ने हिंसा का सहारा लिया। रामनवमी के जुलूस पर हमले हुए, घरों को आग लगाई गई, और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया। पुलिस ने आंखें मूंद लीं। लेकिन इस बार सब कुछ अलग है। केंद्र सरकार ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में तैनात किया। ये जवान सीधी कार्रवाई करने से नहीं हिचकते। कोलकाता के एक इलाके में जब गुंडों ने मतदान केंद्र के पास उपद्रव मचाने की कोशिश की, तो जवानों ने तुरंत लाठियां भांजीं। पांच उपद्रवी घायल हो गए और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इससे आसपास का इलाका शांत हो गया। एक अन्य घटना में दक्षिण 24 परगना जिले के एक गांव में तृणमूल समर्थकों ने भाजपा कार्यकताओं को घेर लिया। लेकिन अर्धसैनिक बल ने फटाक से हस्तक्षेप किया। हवा में गोली चलाई गई और गुंडे भाग खड़े हुए। इन उदाहरणों से साफ है कि कानून अब किसी की सुनता नहीं।

ममता बनर्जी को ये सख्ती रास नहीं आ रही। वे हर मौके पर चिल्ला रही हैं कि केंद्र चुनाव में दखल दे रहा है। एक रैली में उन्होंने रोते हुए कहा कि उनके राज्य पर हमला हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि अर्धसैनिक बल निष्पक्ष तरीके से काम कर रहे हैं। वे तृणमूल के गुंडों पर भी उतनी ही सख्ती दिखा रहे हैं जितनी किसी और पर। उदाहरण के तौर पर हावड़ा में एक तृणमूल नेता ने पुलिस अधिकारी को धमकाया। अधिकारी ने शिकायत की, तो अर्धसैनिक बल ने उस नेता को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। ममता ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। वे कहती हैं कि उनके कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन आंकड़े कुछ और कहते हैं। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है कि इस बार हिंसा की घटनाएं 2021 के मुकाबले 70 प्रतिशत कम हुई हैं। मतदान केंद्रों पर कोई बड़ा उपद्रव नहीं हुआ। यह सब अर्धसैनिक बल की मौजूदगी का नतीजा है।

चुनाव आयोग भी पीछे नहीं हट रहा। आयोग ने हर जिले में विशेष टीम गठित की हैं। ये टीमें रात-दिन गश्त कर रही हैं। एक बार उत्तर दिनाजपुर में एक जज को तृणमूल कार्यकताओं ने घेर लिया। जज निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। कार्यकर्ता चिल्ला रहे थे कि जज पक्षपाती हैं। लेकिन अर्धसैनिक बल ने तुरंत पहुंचकर जज को सुरक्षित निकाला और आठ लोगों को पकड़ लिया। जज ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि अगर ये जवान न होते, तो हालात बिगड़ जाते। इसी तरह मालदा में एक पुलिस अधिकारी को धमकी मिली। अधिकारी मतपेटियों की गिनती करवा रहे थे। गुंडों ने उन्हें घेरा, लेकिन जवानों ने डंडों की बौछार कर दी। तीन गुंडे अस्पताल पहुंचे। ये उदाहरण बताते हैं कि अब कानून का राज है। जज और अधिकारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पहले वे डरते थे, अब वे बेधड़क काम कर पा रहे हैं।

ममता बनर्जी इस स्थिति से तिलमिला रही हैं। उनका पारा चढ़ा हुआ है। वे हर सभा में केंद्र को कोसती हैं। कहती हैं कि दिल्ली वाले उनके राज्य को बर्बाद कर देंगे। लेकिन उनकी यह चाल उल्टी पड़ रही है। जनता अब उनकी नाटकबाजी समझ रही है। विक्टिम कार्ड खेलने का उनका तरीका पुराना है। 2021 में भी उन्होंने यही किया था। तब हिंसा के बाद वे रो-रोकर टीवी पर आईं और खुद को मां बताते हुए वोट मांगे। कहा कि बेटे को बचाओ। इस बार भी वही फॉर्मूला अपना रही हैं। कोलकाता की एक सभा में वे घुटने मोड़कर बैठ गईं। आंसू बहाते हुए बोलीं कि उन्हें कुर्सी से हटाने की साजिश चल रही है। उनके समर्थक चिल्लाने लगे। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता हंस पड़े। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो वायरल हो गए। लोग कह रहे हैं कि यह नौटंकी है। एक और उदाहरण लीजिए। जब अर्धसैनिक बल ने उनके एक विधायक को पकड़ा, तो ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। कहा कि विधायक निर्दोष हैं, उन पर झूठा केस बनाया गया। लेकिन जांच में पता चला कि विधायक ने ही हिंसा भड़काई थी। आयोग ने उसे अयोग्य घोषित कर दिया। ममता ने फिर विक्टिम बनने की कोशिश की। कहा कि न्याय व्यवस्था उनके खिलाफ है।

इसके अलावा ममता भक्तों को भड़काने से नहीं चूक रही हैं। वे कहती हैं कि बंगाल की बेटी पर अत्याचार हो रहा है। लेकिन जनता जाग चुकी है। 2021 में वे सफल रहीं क्योंकि हिंसा का डर था। अब डर खत्म हो गया। अर्धसैनिक बल ने गुंडों की कमर तोड़ दी। एक सर्वे में सामने आया कि 60 प्रतिशत मतदाता शांतिपूर्ण चुनाव से खुश हैं। वे ममता की गुंडागर्दी से तंग आ चुके हैं। उदाहरण स्वरूप, आसनसोल में एक महिला मतदाता ने कहा कि पहले डर लगता था, अब बेझिझक वोट दे सकी। इसी तरह पुरुलिया के एक युवक ने बताया कि उसके भाई को 2021 में पीटा गया था। इस बार सब शांत रहा। ये बदलाव ममता के लिए खतरे की घंटी हैं। उनका विक्टिम कार्ड अब फेल हो रहा है। वे खुद को पीड़ित बताकर वोट बटोरना चाहती हैं, लेकिन लोग सच्चाई जान चुके हैं।

चुनावी माहौल में और भी रोचक घटनाएं घटीं। बांकुरा जिले में तृणमूल ने फर्जी वोटिंग की कोशिश की। लेकिन चुनाव आयोग की टीम ने पकड़ लिया। अर्धसैनिक बल ने मौके पर छापा मारा। 20 लोग गिरफ्तार हुए। ममता ने इसे साजिश कहा। लेकिन सबूतों ने उन्हें झूठा साबित कर दिया। हुगली में एक जज को धमकी भरा फोन आया। जज ने आयोग को सूचना दी। जवानों ने फोन करने वाले को ट्रेस कर पकड़ लिया। वह तृणमूल का स्थानीय नेता निकला। ममता ने चुप्पी साध ली। इन घटनाओं से साफ है कि सख्ती काम कर रही है। उपद्रव करने वालों को सबक मिल रहा है। जज और अधिकारी अब बिना डरे काम कर रहे हैं।

ममता का विक्टिम कार्ड खेलने का तरीका बहुत साफ है। वे हर घटना को अपने खिलाफ साजिश बताती हैं। रोना-धोना शुरू कर देती हैं। समर्थकों को उकसाती हैं। कहती हैं कि बंगाल की अस्मिता खतरे में है। लेकिन इस बार यह चाल चल नहीं रही। जनता देख रही है कि अर्धसैनिक बल ने कैसे शांति लाई। 2021 के दंगों की यादें ताजा हैं। लोग हिंसा से त्रस्त थे। अब वे शांत चुनाव चाहते हैं। ममता का गुस्सा इसी से भड़कता है। वे जानती हैं कि सत्ता खिसक रही है। भाजपा का माहौल मजबूत हो गया है। कार्यकर्ता बिना डर के प्रचार कर रहे हैं। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल की यह चुनावी जंग लोकतंत्र की जीत बन रही है। अर्धसैनिक बल और चुनाव आयोग की सख्ती ने हिंसा को जड़ से उखाड़ फेंका। ममता बनर्जी का विक्टिम कार्ड फेल हो गया। उदाहरण गिनाने को तो बहुत हैं। हर जिले से ऐसी कहानियां आ रही हैं। जनता अब सच्चाई चुन रही है। यह बदलाव ऐतिहासिक है। बंगाल की धरती पर शांति का राज कायम हो रहा है।

# उत्तर प्रदेश के जातिवादी राजनैतिक दलों का बेनकाब होता चेहरा

मृत्युंजय दीक्षित

उत्तर प्रदेश में सभी राजनैतिक दलों ने वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। इन चुनावों की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी का एजेंडा लगभग स्पष्ट है जबकि सपा, बसपा व कांग्रेस सहित अन्य सभी क्षेत्रीय दलों ने भी अपनी रणनीति को धार देना शुरू कर दिया है। इनमें सपा और बसपा की चुनावी तैयारी कांग्रेस की तुलना में थोड़ा आगे है।

लोकसभा चुनावो में प्राप्त बढ़त को बरकरार रखने के लिए सपा हर चुनावी हथकंडा अपनाते हुए तमाम समुदायों को अपने पीडीए में जोड़ने के लिए सभी संभव प्रयास कर रही है और अनेक योजनाओं की घोषणा भी कर रही है। यद्यपि प्रदेश में घटी कुछ आपराधिक घटनाओं ने समाजवादी पार्टी सहित सभी जातिवादी दलों का दोहरा चरित्र बेनकाब कर दिया है।

प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले माघ मेले में तथाकथित शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद व उनके शिष्यों और प्रशासन के मध्य हुई दुर्भाग्यपूर्ण खींचतान के बाद समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में सभी दल ब्राह्मण हितैषी बनकर भाजपा पर हमलावर थे इनका प्रयास था कि ब्राह्मण समाज येनकेन प्रकारेण भाजपा से नाराज होकर उनके पास आ जाए किंतु ऐसा अभी कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिल रहा है कि ब्राह्मण मतदाता सपा या किसी अन्य दल के साथ जा रहा है। इसके बाद फिल्, “घूसखोर पंडत” के शीर्षक को लेकर भी प्रदेश में खूब राजनीति हुई, इसी बीच ब्राह्मण शब्द का उपयोग एक सरकारी परीक्षा के प्रश्नपत्र में गलत तरह से हो गया जिससे ब्राह्मण समाज में नाराजगी फैलाने का प्रयास हुआ किंतु सतर्क भाजपा नेतृत्व ने फिलहाल इस नाराजगी को साध लिया है। कुछ भी करके चुनाव जीतने का प्रयास कर रही समाजवादी पार्टी हिंदू सनातन समाज को टुकड़ों - टुकड़ों में विभाजित कर, विभिन्न वर्गों में आपसी वैमनस्यता का भाव पैदा करके हिन्दू वोटों को बाँटने और मुस्लिम वोटों को साधने में लगी है।



एक दिन समाजवादी नेता समाज के हर वर्ग को पीडीए की धारा से जोड़ने की बात करते हैं और दूसरे दिन ही ऐसी घटनाएं भी घट जाती हैं जिनके कारण उनकी असली मंशा बेनकाब हो जाती है और भाजपा को लाल टोपी वालों को सबसे बड़ा खतरा कहने का अवसर मिला जाता है।

हरदोई जिले में समाजवादी नेता यदुनंदन वर्मा ने स्थनीय स्तर पर अपनी विकृत राजनीति चमकाने के लिए भगवान राम का आपत्तिजनक चरित्र चित्रण किया व माता कौशल्या के लिए भी आपत्तिजनक शब्द बोले जिसके लिए उनको जेल जाना पड़ा। जब वह जमानत पर बाहर आए तब भीम आर्मी व सपा के स्थानीय नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। समाजवादी पार्टी ने अपने नेता के उस रामद्रोही बयान की निंदा तक नहीं की। यह तथ्य भी सामने आया है कि यदुनंदन वर्मा ने करोड़ों की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। 1975 में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर जनता इंटर कालेज बना लिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हिंदुओं के आराध्य प्रभु श्रीराम और माता कौशल्या पर अश्लील टिप्पणी करने वाले वर्मा खुद को समाजसेवी, शिक्षाविद और गरीबों का मसीहा बताते हैं लेकिन उनकी सेवा की जड़ें सीधे सरकारी जमीन हड़पने में धंसी हुई हैं। जो व्यक्ति मंचो से गरीबों, दलितों और पिछड़ों की सेवा का दावा करते नहीं थकता उसने उसी शोषित समाज की जमीन पर कब्जा कर रखा है।

गाजियाबाद में एक दलित हिंदू युवक ने एक मुस्लिम लड़की से प्रेम विवाह किया किंतु कुछ ही दिनों बाद जिहादी कट्टरपंथियों ने इस दलित हिंदू युवक की हत्या कर दी। यहां पर पीड़ित एक दलित हिंदू है किन्तु किसी भी दल ने उसके समर्थन में केवल इसलिए आवाज नहीं उठाई कि कहीं मुस्लिम वोट बैंक नाराज न हो जाए।

वाराणसी में बीएचयू के हिंदी विभाग में एमए द्वितीय वर्ष के एक छात्र से जाति पूछकर मारपीट का मामला सामने आया। बीएचयू में एमएससी कर रहे हिमांशु यादव (समाजवादी छात्र सभा के अध्यक्ष) ने एक अन्य छात्र की जाति पूछकर उसको कई थप्पड़ मारे और विरोध करने पर जाति सूचक गालियां भी दीं। विद्यार्थी परिषद व पीड़ित युवक की शिकायत पर आरोपी हिमांशु यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। समाजवादी नेता इस घटना की निंदा करने के बजाय आरोपी को बचाने का उपक्रम कर रहे हैं। यहां पर ध्यान देने योग्य बात यह है कि अभी जो लोग ब्राह्मण समाज के लिए खड़े होने का ढोंग कर रहे थे जब उनकी अपनी ही पार्टी के नेता ने अकारण ही केवल ब्राह्मण होने के कारण एक छात्र को पीट दिया वह सब चुप्पी साध गए।

प्रदेश में घटी उक्त तीनों ही घटनाएं समाजवादी पार्टी तथा उसके साथियों के दोहरे चरित्र को उजागर करती हैं। समाजवादी पार्टी प्रशांत किशोर जैसे रणनीतिकारों को साथ लेकर अपनी रणनीति को नई धार देना चाहती है। दलित आबादी को पार्टी से जोड़ने के लिए गांव -गांव में डा. भीमराव आंबेडकर जयंती मनाने जा रही है किन्तु यदि समाजवादी पार्टी अपने दोहरे चरित्र से मुक्त नहीं होती तो ये सारे प्रयास व्यर्थ रहेंगे।

## गजल

कॉफी की उस मेज पर दो
खामोशियाँ बैठी थीं,
एक उसकी आँखों में, दूसरी बातों में ठहरी थीं।

उसे देखे जा रहा था, ऐसे
जवाब मिल गया हो,
वो नजरें झुकाए बैठी-जैसे
कोई राज छिपा हो।

कप से उठती भाप में कुछ
सपने घुलते जाते थे,
बिन कहे दोनों दिल एक-
दूजे को पढ़ते जाते थे।

उसकी हँसी में सुकूँ था,
साथ ही चुप्पी में प्यार,
ये वक्त वहीं ठहर गया
धड़कनों का था व्यापार।

न कोई वादा, न इकरार
फिर भी रिश्ता बन गया,
कॉफी ठंडी हो गई पर दिलों
में मौसम बस गया।

संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011
(मध्य प्रदेश)

(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

7 अप्रैल-विश्व स्वास्थ्य दिवस

# स्वास्थ्य: सभ्यता की स्थिरता, समाज की शक्ति और व्यक्ति की सबसे बड़ी पूँजी

मानव जीवन की समस्त उपलब्धियों चाहे वे विज्ञान की ऊँचाइयाँ हों, अर्थव्यवस्था की प्रगति हो या सामाजिक विकास की संरचनाएँ इन सबका मूल यदि किसी एक तत्व पर टिका है, तो वह है “स्वास्थ्य”। 7 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व स्वास्थ्य दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक गहन आत्ममंथन का अवसर है, जहाँ व्यक्ति, समाज और शासन ये तीनों को अपने-अपने दायित्वों की पुनर्समीक्षा करनी होती है।वर्तमान समय को यदि “तेज गति का युग” कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

तकनीक ने जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, लेकिन इसी सुविधा ने हमारी दिनचर्या को असंतुलित भी कर दिया है। पहले जहाँ श्रम जीवन का स्वाभाविक हिस्सा था, वहीं आज मशीनों ने उस स्थान को ले लिया है। परिणामस्वरूप, शारीरिक निष्क्रियता एक वैश्विक समस्या बनती जा रही है। यह निष्क्रियता धीरे-धीरे मधुमेह, मोटापा, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली जनित बीमारियों को जन्म दे रही है।

स्वास्थ्य का वास्तविक अर्थ केवल रोगों का अभाव नहीं है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार स्वास्थ्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक, तीनों स्तरों पर पूर्ण कुशलता की अवस्था है। यदि किसी व्यक्ति का शरीर स्वस्थ है, लेकिन वह मानसिक रूप से तनावग्रस्त है या सामाजिक रूप से असुरक्षित महसूस करता है, तो वह पूर्णतः स्वस्थ नहीं कहा जा सकता।

इस दृष्टि से स्वास्थ्य एक बहुआयामी अवधारणा है, जिसे केवल दवाइयों या अस्पतालों के माध्यम से नहीं, बल्कि जीवनशैली, परिवेश और सामाजिक संरचना के माध्यम से समझा जाना चाहिए। आज मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर और मौन संकट के रूप में उभर रहा है। प्रतिस्पर्धा, करियर का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएँ, और सोशल मीडिया की आभासी दुनिया ने व्यक्ति को भीतर से अकेला और असंतुलित बना दिया है।

अवसाद, चिंता और अनिद्रा जैसी समस्याएँ अब केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी तेजी से फैल रही हैं। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि हमने बाहरी विकास तो कर लिया है, परंतु आंतरिक शांति कहीं पीछे छूट गई है।

इसके साथ ही, पर्यावरणीय कारक भी स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल रहे हैं। वायु प्रदूषण, जल की गुणवत्ता में गिरावट, रासायनिक खाद्य पदार्थ और शहरीकरण के कारण घटती हरियाली ये सभी ऐसे तत्व हैं जो सीधे हमारे स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहे हैं। जब हम स्वच्छ हवा में सांस नहीं ले सकते और शुद्ध जल उपलब्ध नहीं होता, तो स्वास्थ्य केवल एक कल्पना बनकर रह जाता है। इसीलिए स्वास्थ्य और पर्यावरण को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता; दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और समानता भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न है। शहरों में अत्याधुनिक अस्पताल और सुविधाएँ उपलब्ध हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। यह असमानता न केवल सामाजिक न्याय के सिद्धांत के विरुद्ध है, बल्कि राष्ट्रीय विकास में भी बाधक है। “सभी के लिए स्वास्थ्य” का लक्ष्य तभी साकार होगा जब हर व्यक्ति चाहे वह किसी भी वर्ग, क्षेत्र या आर्थिक स्थिति से जुड़ा हो–उसे समान और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हों।

इस संदर्भ में “निवारक स्वास्थ्य” की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि हम अपने दैनिक जीवन में कुछ सरल आदतों को शामिल कर लें- जैसे संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, योग और ध्यान- तो हम कई गंभीर बीमारियों से स्वयं को बचा सकते हैं। यह एक सच्चाई है कि बीमारी का इलाज करने से कहीं अधिक आसान और प्रभावी है उसे होने से रोकना।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# दादरी में अवैध गैस रिफिलिंग पर बड़ी कार्रवाई, सिलेंडर व उपकरण बरामद

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 अप्रैल। आपूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने दादरी क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति के घर छापेमारी कर कई घरेलू गैस सिलेंडर और उपकरण बरामद किए हैं।

प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि 4 अप्रैल की शाम थाना दादरी क्षेत्र के नत्थू चौक स्थित तुलसी विहार कॉलोनी में विनय कुमार के घर पर छापा मारा गया। कार्रवाई के दौरान मौके से भारत पेट्रोलियम, इंडियन ऑयल और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के



कई भरे और खाली घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए।

इसके अलावा एक 5 किलोग्राम का छोटा (नॉन-आईएसआई) सिलेंडर, इलेक्ट्रॉनिक



वजन मशीन, रिफिलिंग नोजल युक्त मशीन, रबर पाइप और रेगुलेटर सहित अन्य उपकरण भी जब्त किए गए।

जांच में सामने आया कि आरोपी घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस भरकर आर्थिक लाभ कमा रहा था। इस तरह की गतिविधियां न केवल एलपीजी की आपूर्ति को प्रभावित करती हैं, बल्कि बड़े हादसे का कारण भी बन सकती हैं।

प्रशासन के अनुसार यह कृत्य द्रवित पेट्रोलियम गैस (आपूर्ति एवं वितरण विनियमन) आदेश-2000 का उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं के तहत दंडनीय अपराध है।

इस मामले में विनय कुमार सहित अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# विधान परिषद की समीक्षा बैठक संपन्न, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 अप्रैल। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति अश्विनी त्यागी ने की, जिसमें जनपद के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य, परिवहन, लोक निर्माण, शिक्षा सहित कई विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए वर्ष 2024 से अब तक जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए पत्रों और विकास कार्यों पर की गई कार्रवाई का आकलन किया गया। साथ ही प्रोटोकॉल अनुपालन, जनप्रतिनिधि रजिस्टर की उपलब्धता और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर भी चर्चा हुई।

सभापति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए



और समिति द्वारा मांगी गई सूचनाएं निर्धारित समयसीमा में उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

बैठक में मानव सम्पदा पोर्टल पर कर्मचारियों के संपत्ति विवरण, भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतों पर कार्रवाई और जनहित से जुड़े मामलों की समीक्षा भी की गई। समिति ने सफाई कर्मचारियों के सत्यापन और पात्र लाभार्थियों के 100 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए।

मेधा रूपम (जिलाधिकारी) ने अब तक की प्रगति से अवगत कराते हुए आश्वासन दिया कि सभी निर्देशों का प्रभावी अनुपालन कराया जाएगा।

बैठक में समिति के सदस्य पवन कुमार सिंह, धर्मेन्द्र भारद्वाज, विरेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचन्द शर्मा, दिनेश कुमार गोयल, अभिषेक शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# फा. एग्नेल स्कूल के स्थापना दिवस पर इंटरफेथ ईस्टर मिलन, एकता और सद्भाव का संदेश

समाज जागरण संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। फा. एग्नेल स्कूल के 17वें स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय सर्व धर्म संसद द्वारा सतरंग ऑडिटोरियम में इंटरफेथ ईस्टर मिलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के संतों, धर्मगुरुओं और सामाजिक प्रतिनिधियों ने एक मंच पर आकर एकता, सद्भाव और राष्ट्रीय समरसता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. रैफी मंझाली (आर्चबिशप, आगरा) रहे। उनके साथ इमाम उमर अहमद इलियासी, अनिल जोसेफ थॉमस कुटो, स्वामी सुशीलजी महाराज, आचार्य विवेक मुनि, डॉ. मोहनजी, परमजीत सिंह चंडोक, सैयद सलमान चिश्ती, एजेकियल मालेकर सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित




रहे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत और स्मृति-चिन्ह भेंट के साथ हुई, जिसके बाद प्रार्थना नृत्य ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

### धर्मगुरुओं ने दिया एकता का संदेश

कार्यक्रम में सभी वक्ताओं ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों के बीच शांति, संवाद और भाईचारे पर जोर दिया। स्वामी सुशीलजी महाराज ने "हम सब एक हैं" का संदेश देते हुए सामाजिक एकता की आवश्यकता बताई।

मुख्य अतिथि डॉ. रैफी मंझाली ने ईस्टर के महत्व को बताते हुए इसे अंधकार पर प्रकाश और मृत्यु पर जीवन की विजय का प्रतीक बताया। उन्होंने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना की।

आचार्य विवेक मुनि ने सभी धर्मों के सम्मान और आपसी भेदभाव से ऊपर उठने की बात कही, वहीं डॉ. मोहनजी ने भारत की "विविधता में एकता" की परंपरा को विश्व के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

इस अवसर पर विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'AgNel Lights' का विमोचन किया गया। माइम प्रस्तुति, शास्त्रीय नृत्य और संगीत कार्यक्रमों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का समापन एकता, प्रेम और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के संदेश के साथ हुआ, जिसने सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया।

# डीएम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा की, लंबित वादों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 06 मार्च। मेधा रूपम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न स्तरों पर लंबित राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और राजस्व न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या में प्रभावी कमी लाई जाए। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों और संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने न्यायालयों में लंबित वादों की नियमित निगरानी करने के निर्देश



दिए। बैठक में लंबे समय से लंबित मामलों को चिन्हित कर विशेष अभियान के तहत उनके निस्तारण पर जोर दिया गया। साथ ही पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व न्यायालयों की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए तथा प्रत्येक मामले का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

बैठक में मंगलेश दुबे, आशुतोष गुप्ता, अनुज नेहरा, दुर्गेश सिंह, वेद प्रकाश पांडेय सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# थाना फेस-2 पुलिस की कार्रवाई, ठगी करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा के थाना फेस-2 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस की मदद से ठगी करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को ग्राम भंगेल क्षेत्र से दबोचा।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विशाल उर्फ नन्हे (19 वर्ष) निवासी प्रेम नगर, नांगलोई दिल्ली और करन सोलंकी (26 वर्ष) निवासी सभापुर, लोनी, जिला गाजियाबाद के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से दो कागज की गड्डियां बरामद हुई हैं, जिनमें ऊपर-नीचे केवल 500 रुपये के एक-एक नोट लगाए गए थे, जबकि बीच में सादा कागज था। इसके अलावा 2500 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं।



पूछताछ में सामने आया कि आरोपी लोगों को नोटों की गड्डी दिखाकर लालच देते थे और बदले में उनके कीमती आभूषण ठगकर फरार हो जाते थे।

पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता धारा 318(4) के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घरेलू सहायक बनकर चोरी करने वाली अभियुक्ता गिरफ्तार, 2 लाख बरामद

समाज जागरण/ संदीप गर्ग, नोएडा

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-20 पुलिस ने घरेलू सहायक के रूप में काम कर चोरी करने वाली एक अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे लखनऊ एयरपोर्ट के पास से पकड़ा।

गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान रूबी देवी (32 वर्ष) पत्नी मनोज साह, निवासी भागलपुर (बिहार) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से चोरी के आभूषणों की बिक्री से प्राप्त 2 लाख नकद बरामद किए गए हैं।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्ता ने बताया कि उसकी मुलाकात उसकी साथी रेश्मा से दिल्ली में हुई थी। दोनों ने मिलकर जनवरी के अंतिम सप्ताह में सेक्टर-20 स्थित एक घर में घरेलू काम के बहाने प्रवेश कर




ज्वैलरी चोरी की थी। बाद में चोरी के सामान को आपस में बांट लिया गया। अभियुक्ता ने अपने हिस्से के आभूषणों को कम कीमत पर बेच दिया, जिससे प्राप्त धनराशि में से ₹2 लाख पुलिस ने बरामद कर लिए हैं, जबकि बाकी रकम उसने खर्च कर दी। पुलिस के अनुसार रूबी देवी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और विभिन्न थानों में उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। मामले में फरार आरोपी रेश्मा की तलाश जारी है।

पुलिस ने अभियुक्ता को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नोएडा प्राधिकरण की 222वीं बोर्ड बैठक संपन्न, कई अहम फैसले

समाज जागरण संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की 222वीं बोर्ड बैठक दीपक कुमार (अध्यक्ष) की अध्यक्षता में प्राधिकरण सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कृष्णा करूणेश, रवि एन जी और राकेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में कई महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लिए गए, जिनका असर आम नागरिकों, बिल्डर्स और उद्योगों पर पड़ेगा।




### प्रमुख निर्णय
### बजट लक्ष्य तय

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 10,290.76 करोड़ की प्राप्ति और 10,004.58 करोड़ के भुगतान का लक्ष्य निर्धारित किया गया। वहीं 2025-26 में लक्ष्य के मुकाबले 6,589.35 करोड़ की प्राप्ति हुई।

### रुकी परियोजनाओं को राहत

लिगेसी स्टाल्ड रियल एस्टेट परियोजनाओं के समाधान के लिए जारी नीति के तहत 57 में से 36 परियोजनाओं ने लाभ लिया है। अब तक 4,364 फ्लैट खरीदारों की रजिस्ट्री की जा चुकी है।

### भवन विनियमों में संशोधन

भवन विनियमावली-2016 में संशोधन के लिए समिति गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

### OTS योजना को मंजूरी

स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर वन टाइम सेटलमेंट (OTS) योजना-2028 को सैद्धांतिक मंजूरी दी गई, जिसे शासन से अनुमति मिलने के बाद लागू किया जाएगा।

### स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट को हरी झंडी

सेक्टर-150 स्थित स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट के संशोधित ले-आउट प्लान को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में मंजूरी दी गई।

### जल बकाया पर छूट योजना

जल राजस्व पर ब्याज में छूट के लिए तीन माह की एमनेस्टी योजना लागू की गई–

40% छूटः 16 अप्रैल-15 मई
30% छूटः 16 मई-15 जून
20% छूटः 16 जून-15 जुलाई

### मिश्रित भू-उपयोग की अनुमति

आवासीय और औद्योगिक भूखंडों में मिश्रित उपयोग के लिए कन्वर्जन चार्ज तय किया गया।

### आवंटियों को अंतिम मौका

12 वर्ष से अधिक समय से निर्माण पूरा न करने वाले आवंटियों को 3 माह का अंतिम अवसर दिया गया।

### फायर सेफ्टी को बढ़ावा

अग्निशमन विभाग के लिए 154.42 करोड़ के वाहन व उपकरण खरीदने की मंजूरी दी गई।

### नोटिस प्रक्रिया सरल

भू-उपयोग उल्लंघन के मामलों में नोटिस वापसी की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में लिए गए इन फैसलों से नोएडा में रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और आम नागरिकों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सेक्टर-58 पुलिस की कार्रवाई, वाहन चोर गैंग का शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण/संदीप गर्ग

नोएडा। नोएडा के थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी को सेक्टर-58 स्थित जुबलियेंट पार्क के पास से पकड़ा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राहुल उर्फ अतुल उर्फ मोनू (28 वर्ष) निवासी बुलंदशहर (वर्तमान पता छपरौला, थाना बादलपुर) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से चोरी की एक स्कूटी, ₹2 लाख नकद, कई फर्जी नंबर प्लेट (DL1LAD1757, DL1LAH2219,



DL1LAM7977) और चोरी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने साथियों आरिफ और अजहर (जिला भरतपुर, राजस्थान) के साथ मिलकर पिकअप और अन्य बड़े वाहनों की चोरी करता था। चोरी के बाद वाहनों की नंबर प्लेट हटाकर उन्हें बेच दिया जाता था।

अभियुक्त ने सेक्टर-62, 59, 57 और 22 क्षेत्रों से पिकअप और कैंटर चोरी करने की घटनाएं कबूल की हैं। उसने बताया कि वह एलेन की, पेचकस, बोल्ट खोलने वाली चाबी और प्लास जैसे औजारों की मदद से वाहन के लॉक तोड़कर और सेल्फ वायर जोड़कर गाड़ी स्टार्ट करता था। ये सभी उपकरण पुलिस ने बरामद कर लिए हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ गाजियाबाद और नोएडा के विभिन्न थानों में 18 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। संबंधित मामलों में थाना कौशांबी सहित कई थानों में वाहन चोरी के केस पंजीकृत हैं।

पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर बरामद सामान अपने कब्जे में लेते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है।

## ओडिशा में SC/ST छात्रों के लिए आरक्षण बढ़ाने का फैसला, सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाएं तेज

समाज जागरण

भुवनेश्वर। ओडिशा में भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा मेडिकल और तकनीकी शिक्षा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए आरक्षण बढ़ाने के फैसले के बाद इस मुद्दे पर बहस तेज हो गई है।

सरकार के इस निर्णय को सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है। वहीं, कुछ वर्गों और व्यक्तियों ने इस पर आपत्ति भी जताई है।

इसी क्रम में स्वामी आनंद स्वरूप ने सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए सरकार के फैसले का विरोध किया है। उनके बयान के बाद यह मुद्दा सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आरक्षण नीति का उद्देश्य शिक्षा और रोजगार में समान अवसर सुनिश्चित करना है, खासकर उन वर्गों के लिए जो ऐतिहासिक रूप से वंचित रहे हैं। हालांकि, इस तरह के निर्णयों पर विभिन्न दृष्टिकोण सामने आना सामान्य है।

# "20 करोड़ की लागत से सिरसा-खेरली मार्ग के चौड़ीकरण एवं सीसी रोड निर्माण का हुआ शुभारंभ"

संदीप गर्ग / नोएडा

जेवर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरसा (ग्रेटर नोएडा) से खेरली नहर तक लगभग 20 करोड़ की लागत से सीसी रोड एवं मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का आज शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकताओं द्वारा फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जो समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सशक्त भूमिका का सशक्त संदेश है।

इस मार्ग के लिए लंबे समय से क्षेत्रवासियों मांग करते आ रहे थे। यह मार्ग संकरा एवं जर्जर होने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब इस मार्ग के बनने से सड़क का चौड़ीकरण भी किया जाएगा, जिससे यात्रा अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगी।

यह मार्ग क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को सीधे ग्रेटर नोएडा एवं नोएडा से जोड़ने वाला एक प्रमुख संपर्क मार्ग है। इसके चौड़ीकरण होने से न केवल स्थानीय ग्रामीणों को लाभ मिलेगा, बल्कि आसपास के विभिन्न जनपदों के लोगों के लिए भी यह मार्ग आवागमन का प्रमुख माध्यम बनेगा।



व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं दैनिक आवश्यकताओं तक पहुंच पहले से कहीं अधिक आसान और तेज होगी। इस अवसर पर जेवर विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि "यह संपर्क क्षेत्र के समग्र विकास की आधारशिला है। साथ ही यह मार्ग ग्रेटर नोएडा को सीधे नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से जोड़ने में महत्वपूर्ण कड़ी सिद्ध होगा, जिससे क्षेत्र में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी और इससे स्थानीय युवाओं को अपने ही क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं प्राप्त होंगी।"

जेवर के विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि 'प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में जेवर विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने हेतु लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सड़क, विद्युत, जलापूर्ति, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को गति दी जा रही है, जिससे क्षेत्र को एक सशक्त एवं विकसित पहचान मिल सके।"

उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने यह भी आश्वस्त किया कि "निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि जनता को शीघ्र ही इस परियोजना का लाभ मिल सके।" कार्यक्रम के दौरान स्थानीय कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। सभी ने इस विकास कार्य के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया। इस मार्ग के साथ ही जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने 01 करोड़ 91 लाख रुपए की धनराशि से ग्राम खेरली कासना मार्ग से पंचायतन चीरसी लिंक रोड तक का मार्ग का भी शुभारंभ किया।

# टीएमयू के 250 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट, 14.5 लाख तक का पैकेज



समाज जागरण

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इंजीनियरिंग ने प्लेसमेंट के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। विश्वविद्यालय के 250 छात्रों का चयन देश-विदेश की प्रतिष्ठित कंपनियों में हुआ है, जिनका अधिकतम वार्षिक पैकेज 14.5 लाख रुपये तक पहुंचा है।

चयन प्रक्रिया बहु-स्तरीय रही, जिसमें लिखित परीक्षा, तकनीकी परीक्षण, समूह चर्चा और व्यक्तिगत साक्षात्कार जैसे चरण शामिल थे। छात्रों ने अपने तकनीकी ज्ञान, तार्किक क्षमता और संप्रेषण कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### प्रशिक्षण और इंडस्ट्री एक्सपोजर का मिला लाभ

विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए पूर्व-नियुक्ति प्रशिक्षण, मॉक इंटरव्यू, योग्यता कक्षाएं और करियर काउंसलिंग ने छात्रों की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

अक्षत जैन ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य छात्रों को केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और नवोन्मेषी बनाना है। वहीं राकेश कुमार द्विवेदी ने इसे छात्रों की मेहनत और संस्थान की दूरदर्शी नीति का परिणाम बताया।

### नामी कंपनियों में मिला मौका

छात्रों का चयन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचटी मीडिया, मफैसिस, क्लाउड एनालॉजी, जॉश टेक्नोलॉजी ग्रुप, वन बैंक, यू-सर्टिफाई सहित आ-ईटी, फिनटेक और कॉर्पोरेट सेक्टर की कई कंपनियों में हुआ है।

वहीं इंजीनियरिंग संकाय के छात्रों को अशोक लीलैंड, श्री सीमेंट, जेडएफ राने ऑटोमोटिव जैसी औद्योगिक कंपनियों में अवसर मिला है।

### कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर की अहम भूमिका

पूरी चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय के कॉर्पोरेट रिसोर्स सेंटर (CRC) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संस्थान का कहना है कि वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर करियर अवसर और समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।

# मिशन शक्ति महिला जागरुकता अभियान का आयोजन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर किरतपुर, थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौकी भनेड़ा के ग्राम जहांगीर वाला में थाना किरतपुर पुलिस टीम ने पहुंचकर घर घर से महिलाओं को एकत्रित कर मिशन शक्ति दीदी अभियान फेज 5 के तहत महिलाओं बालिकाओं को जागरूक किया। महिला सुरक्षा सम्मान स्वालंबन एवं यातायात संबंधी सभी नियमों के बारे मे विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, (2).सुकन्या समृद्धि योजना,(3).प्रधानमंत्री आवास योजना, (4). उज्जवला योजना , (5).मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना,(6). राष्ट्रीय पारिवारिक योजना,(7).नशामुक्ति



भारत अभियान के साथ साथ मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1076, महिला हेल्प लाइन 181 , पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड लाइन 1098, व साइबर क्राइम हेल्प लाइन 1930 आदि के बारे में विस्तार से जागरूक करते हुए जागरुकता अभियान से संबंधित पंप्लेट वितरित किए। जागरूकता अभियान को सफल बनाने में थाना किरतपुर से कांस्टेबल सहदेव, कांस्टेबल परविंदर सिंह, महिला कांस्टेबल प्रीति , महिला कांस्टेबल ओमी, महिला कांस्टेबल मोनी आदि पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।

# कमेटी के जाल में फंसे 200 परिवार, 1 करोड़ लेकर फरार हुए दो आरोपी।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना खैरगढ़ क्षेत्र में कमेटी (बीसी) के नाम पर बड़े स्तर की ठगी का मामला सामने आया है, जहां दो आरोपियों ने करीब 200 लोगों से लगभग 1 करोड़ रुपये की रकम इकट्ठा कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवारों में हड़कंप मचा हुआ है और लोग अपनी मेहनत की कमाई वापस पाने के लिए थाना खैरगढ़ पुलिस से गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम भैसाखर निवासी प्रदीप बंधेल और कायम सिंह बंधेल ने वर्ष 2015 से इलाके में कमेटी (बीसी) चलानी शुरू की थी। शुरूआत में समय से भुगतान कर उन्होंने लोगों का भरोसा जीता, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीणों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों ने अपनी बचत इनकी कमेटी में जमा कर दी। आरोप है कि दोनों ने करीब 1 करोड़ रुपये जमा करने के बाद



पैसे लौटाने में आनाकानी शुरू कर दी।

पीड़ितों का कहना है कि पिछले तीन महीनों से उन्हें भुगतान के नाम पर टालमटोल किया जा रहा था और अब दोनों आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए हैं। उनके घरों पर ताले लटक रहे हैं, जिससे लोगों में आक्रोश है। इस मामले में सुनील कुमार, मूलचंद सिंह, रामपाल सिंह, संजय, राजेश, रमेश, अंकित सिंह, राहुल चौहान सहित कई लोगों ने थाना खैरगढ़ में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अपनी रकम वापस दिलाने की मांग की है।

खैरगढ़ थाना प्रभारी प्रेम सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है, जांच के आधार पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

# विभिन्न कर्यक्रमों के साथ मनाया गया भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज पूरे महानगर में महानगर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सतीश दिवाकर के नेतृत्व में विविध कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने दिन की शुरूआत महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर की। इसके पश्चात जिला भाजपा कार्यालय में विधि-विधान से हवन पूजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मिष्ठान वितरण कर सभी ने स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर भाजपा का ध्वज भी पूरे सम्मान के साथ फहराया गया और लगभग 2000 झंडों का वितरण कर संगठन के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। साथ ही वरिष्ठ कार्यकताओं का सम्मान कर उनके योगदान को सराहा गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में सेवा कार्यों को भी विशेष महत्व दिया गया।



मोहन भैया अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 47वीं स्थापना दिवस पर 47 भाजपा कार्यकताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।

पूरे दिन चले इन कार्यक्रमों में संगठन के प्रति उत्साह, समर्पण और सेवा भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नानक चंद्र अग्रवाल, सुनील टंडन, निवर्तमान अध्यक्ष राकेश शंखवार, कन्हैया लाल गुप्ता शिव मोहन श्रोतीय सुनील शर्मा,राजेंद्र बोहरे डॉ महेश गुप्ता डॉक्टर रेनू सिरोही गुप्ता महामंत्री प्रमोद बघेल, देवेश भारद्वाज, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता कालू महानगर उपाध्यक्ष डॉ एसपी लहरी,रामनरेश कटारा, योगेंद्र बाबा, अंकित तिवारी, विवेक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता,महानगर मंत्री नमन बंसल, कैलाश ओझा, श्रीमती दुर्गेश यादव, राम लड़ती लकी,विमलेश जाटव, सुखपाल निषाद, क्षेत्रीय पार्षद हरिओम वर्मा एवं प्रमोद राजोरिया केशव देव, उदय प्रताप सिंह, सुनील मिश्रा,अनुपम शर्मा, आकृति सहयोगी, गौतम कुशवाहा, अनार सिंह कुशवाहा सतवीर गुर्जर, प्राचीर गुप्ता,लायक सिंह संखवार,अशोक राठौर, मनीष राठौर एवं समस्त कार्यकर्ता गढ़ उपस्थित रहे.

# मथुरा में जे डी आगरा ने अश्वनी जैन के साथ डॉ संजीव यादव, दिनेश चाहर एवं सोनम सेठ को किया सम्मानित

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिला प्रशिक्षण संस्थान, मथुरा में संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मण्डल आगरा डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल के संयोजन में कर्मयोगी कार्यशाला एवं अभिनंदन समारोह में प्रदेश के आगरा मण्डल के जनपद फिरोजाबाद के श्री महावीर दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज, सिरसागंज के नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन को मानविकी वर्ग में महामहिम राज्यपाल द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए चयनित होने पर सम्मानित किया। इसके साथ ही राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अनुशासन में महती भूमिका निभाने के लिए राजकीय हाई स्कूल नियामतपुर के प्रधानाचार्य डॉ संजीव यादव, जनपद में खेल प्रतियोगिता को प्रोत्साहित करने एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में तकनीकी सदस्य की भूमिका का निर्वहन के लिए जनपद क्रीड़ा सचिव डॉ दिनेश चाहर एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में महती भूमिका का निर्वहन करने के लिए श्रीमती रेवती देवी बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ सोनम सेठ को सम्मानित किया गया। अश्वनी कुमार जैन को यह पुरस्कार विद्यालय में अपने विषय में विद्यार्थियों के नामांकन बढ़ाने,



नागरिक शास्त्र विषय को रुचिकर बनाने, उसमें नवाचार करने नागरिक शास्त्र मेला, भारतीय संसद का निर्माण, संविधान प्रस्तावना पाठ, संविधान क्विज, संविधान पोस्टर प्रतियोगिता, पैनल बोर्ड से वीडियो के माध्यम से अध्ययन, शैक्षिक भ्रमण, टी एल एम से विद्यार्थियों को अध्ययन, विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं में योगदान, महापुरुषों की जयंती एवं राष्ट्रीय पर्वों पर मंच संचालक की भूमिका का निर्वहन, नगर पालिका परिषद सिरसागंज के स्वच्छ भारत अभियान के ब्राण्ड एम्बेसडर की भूमिका में स्वच्छता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन, वृक्षारोपण कार्यक्रम, सड़क सुरक्षा, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम, आजादी का अमृत महोत्सव, विद्यार्थियों को संसद, चुनाव आदि की जानकारी एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका प्रदान करने के लिए दिया गया है।

डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल ने सभी को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के विभिन्न कार्यों के माध्यम से आगरा मण्डल को प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित किया। अश्वनी कुमार जैन ने जे डी डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल, डीआईओएस धीरेंद्र कुमार के साथ अपने परिवार, समस्त जनप्रतिनिधियों, समस्त प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक साथी, विद्यालय की प्रबन्ध समिति, समस्त विद्यालय परिवार, समस्त मीडिया वर्ग का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि काम ही पहचान है।

# महर्षि वाल्मीकि के नाम पर द्वार बनाने के लिए नगर विधायक को सोपा ज्ञापन।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। वाल्मीकि समाज एवं उत्तर प्रदेशीय ठेका सफाई कर्मचारी संघ के वरिष्ठ संरक्षक राम खिलाड़ी वाल्मीकि पूर्व के संयुक्त नेतृत्व में लोकप्रिय सदर विधायक मनीष असीजा को एक ज्ञापन दिया ज्ञापन देते हुए उत्तर प्रदेशीय ठेका सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आचार्य कृष्ण मुरारी एवं राहुल चौहान वाल्मीकि कार्यकारिणी सदस्य युवा भाजपा नेता कहा कि रामायण रचियता महर्षि वाल्मीकि भगवान द्वारा संस्कृत के प्रथम आदि महाकाव्य रामायण की रचना कर समग्र राष्ट्र की परिकल्पना के साथ साथ समरसता सदभावना सत्य प्रेम करुणा मयार्दा के पथ का अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया जो आज भी प्रासंगिक है आज इस कलिकाल में संपूर्ण विश्व प्रभु श्री रामचंद्र का गुणगान कर नमन एवं वंदन कर रहा है नगर फिरोजाबाद में विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री राम सहित अनेकों स्थानों पर महापुरुषों के नाम पर



चौराहे मार्ग एवं द्वार स्थापित हैं परंतु नगर निगम प्रशासन की उपेक्षा के कारण फिरोजाबाद में कहीं भी महर्षि वाल्मीकि भगवान के नाम से ना कोई द्वार है न किसी चौराहे का नाम और न किसी मार्ग का नाम है समस्त वाल्मीकि समाज पूर्ण आशा एवं विश्वास के साथ ज्ञापन देते हुए आशा करता है कि इस दलित शोषित पीड़ित प्रताड़ित वंचित समाज की महर्षि वाल्मीकि भगवान एवं प्रभु श्री राम चन्द्र के प्रति अपार आस्था एवं सम्मान में नगर फिरोजाबाद में महर्षि वाल्मीकि भगवान द्वार का नव निर्माण शीघ्रता शीघ्र कराया जाए ज्ञापन देने वालों में सर्वश्री अशोक मोती वाल्मीकि, जालिम सिंह वाल्मीकि योगेश सरन वाल्मीकि, विनय चौहान ,मुन्नालाल टार्जन ,बबलू गौतम पवनदीप चौहान ,राम खिलाड़ी वाल्मीकि, राहुल चौहान ,रोबिन सिंह, विनय वशिष्ठाचार्य ,नीरज पाराशर, मनमोहन सिंह ,रूपेश जॉन,सोनू वाल्मीकि , रोहित, विमल वाल्मीकि, करन वाल्मीकि ,अजय चौहान आदि उपस्थित थे।

# पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता

**समाज जागरण**

पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों से मीडिया को अवगत रखने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, भारत सरकार ने आज राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने ईंधन की उपलब्धता, समुद्री संचालन और क्षेत्र में भारतीय नागरिकों को दी जा रही सहायता के साथ-साथ सभी क्षेत्रों में स्थिरता सुनिश्चित करने के उपायों पर जानकारी साझा की। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने खाद्य सुरक्षा तैयारियों और आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर भी अद्यतन जानकारी प्रदान की।

**खाद्य सुरक्षा और कीमतों का अद्यतन**

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने आवश्यक खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और मौजूदा मूल्य स्थिति पर अद्यतन जानकारी साझा की। मंत्रालय ने पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और बाजार स्थिरता बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे उपायों पर भी प्रकाश डाला।

# धुमधाम के साथ मनाई महर्षि कश्यप जयंती

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मडावर।थाना क्षेत्र के गांव डैवलगढ और बादशाहपुर में भगवान कश्यप जी की जयंती बड़े धुमधाम के साथ मनाई गई। गांव के बहुत से लोगों ने चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर भगवान कश्यप जी की आरती



का गुणगान किया और उन्होंने प्रार्थना की कि भगवान सदा अपना आशीर्वाद हमारे उपर बनायें रखें। और प्रसाद भी वितरण किया गया इस अवसर पर डैवलगढ निवासी रामकिशोर कश्यप, सतपाल कश्यप, ग्राम प्रधान पति मुला सिंह, बिजराम कश्यप,सतवीर कश्यप, विरेन्द्र कश्यप, रोहताश कश्यप, बलिराम विरजेश और बादशाहपुर गांव के जसवंत कश्यप, घसीटा कश्यप,रामसिंह कश्यप,सतीश कश्यप, अरविंद कश्यप, रामगोपाल कश्यप, विरेन्द्र,महेन्द्र सिंह, पवन कुमार आदि।

# केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न

**सहायक आयुक्त (औषधि) एवं जिला औषधि निरीक्षक का हुआ सम्मान**

## संभल तहसील के सभी केमिस्टों ने एकता, भाईचारा एवं समर्पण की पेश की मिसाल

**समाज जागरण**

संभल।नगर एवं तहसील क्षेत्र के सभी केमिस्टों ने मुरादाबाद रोड पर स्थित डायमंड पैलेस में केमिस्ट सम्मेलन के माध्यम से केमिस्ट जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुरादाबाद मंडल के सहायक आयुक्त (औषधि) पूरन चंद्र एवं जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार का प्रतीक चिन्ह भेंट करके, शॉल ओढ़ाकर माल्यार्पण के साथ स्वागत सम्मान एवं अभिनंदन किया गया।




मुख्य अतिथि पूरन चंद्र, जैनेंद्र कुमार, प्रिय रत्न आर्य, श्याम शरण शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, अवधेश कुमार वार्ष्णेय, राहिल भारतीय, अंकुश कुमार त्यागी ने भगवान धन्वंतरि जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके माल्यार्पण किया। सहायक आयुक्त (औषधि) पूरन चंद्र ने कहा कि सभी केमिस्ट बंधुओं को अपना मेडिकल साफ सुथरा, व्यवस्थित, बिल सहित माल खरीदना और बेचना तथा ग्राहकों से शालीन और सहानुभूति पूर्वक व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने केमिस्ट बंधुओं की प्रत्येक समस्या का निदान व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से भी करने की बात कही। केमिस्ट बंधुओ से आपसी संवाद स्थापित करते हुए उन्होंने केमिस्टों की सभी समस्याओं को सुनकर समाधान दिया। जिला औषधि निरीक्षक जयेंद्र कुमार ने मेडिकल पर कैमरा लगाने, एक युद्ध नशे के विरुद्ध तथा विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश जैसी अभियानों में केमिस्ट बंधुओं के उचित सहयोग को सराहनीय एवं प्रेरणादाई बताया। उन्होंने शासन प्रशासन की मंशा के अनुरूप जनपद में मेडिकल स्वामियों को सलाह देते हुए उचित और उपयुक्त मार्गदर्शन दिया। केमिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन श्याम शरण शर्मा ने औषधि विभाग के जनपदीय एवं मंडलीय अधिकारियों का भाव भरा स्वागत करते हुए उनके मृदु व्यवहार, अच्छे कार्य एवं केमिस्टों के साथ अपेक्षित सहयोग और आशीर्वाद के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। अंकुश कुमार त्यागी ने औषधीयों के ऑनलाइन व्यापार पर गंभीर चिंता व्यक्त की। जिसे अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए उपयुक्त कार्रवाई करने और औषधीयों के ऑनलाइन व्यापार को रोकने में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रिय रत्न आर्य, श्यामशरण शर्मा, अनिल कुमार अग्रवाल, राहिल भारतीय, अंकुश त्यागी, मो .नसीम, शाहनवाज आलम, सत्यवीर सिंह पाल, प्रवीन गुप्ता, हेमंत वार्ष्णेय, मोहित गांधी, विवेक वार्ष्णेय, मनोज कुमार गुप्ता, अभिजीत पॉल, शिवरत्न, नवरत्न, यज्ञरत्न आदि अनेक केमिस्टों ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में संभल तहसील के 115 केमिस्ट बंधु उपस्थित रहे। अध्यक्षता केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार वार्ष्णेय ने की और संचालन शाहनवाज आलम एवं पुनीत त्यागी ने किया।

# आधुनिक तकनीक से युक्त नये सुविधा केन्द्र सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा प्रदान करेंगे

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 262वें सेना चिकित्सा कोर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य के हिस्से के तौर पर आज दिल्ली कैंट स्थित आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में नेत्र विज्ञान, कैंसर रोग चिकित्सा-ऑन्कोलॉजी और जॉइंट रिप्लेसमेंट केंद्रों की आधारशिला रखी और बेस हॉस्पिटल में नए बुनियादी ढांचे का शिलान्यास किया। आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रेफरल) में अत्याधुनिक सुविधाओं से सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं की तृतीयक देखभाल क्षमताओं (वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा उन्नत तकनीक का उपयोग कर विशेषज्ञ सेवा) उच्च विशिष्ट, जटिल चिकित्सा सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। विशेष रूप से नेत्र देखभाल, कैंसर उपचार और जटिल जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्रों में इससे उन्नत सेवा प्रदान की जा सकेगी। बेस हॉस्पिटल में नए अस्पताल के आधारभूत ढांचे को 998 बिस्तरों की क्षमता के साथ विकसित किया जा रहा है, जिसमें रक्षाकर्मियों की नियमित और आपातकालीन स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताएं पूरी करने के लिए आपातस्थिति में अतिरिक्त 100 बिस्तरों का विस्तार भी शामिल है।

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में सैन्य चिकित्सा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए निरंतर नवाचार, क्षमता वर्धन और आधुनिक प्रौद्योगिकियों के एकीकरण के महत्व पर बल दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक प्रौद्योगिकी और बुनियादी अवसंरचना से युक्त नई सुविधाओं से सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा मिलेगी।

श्री राजनाथ सिंह ने देश के प्रत्येक कोने में, ऊंचे पहाड़ी स्थानों से लेकर दुर्गम जंगलों तक तथा शांति काल से लेकर आपदा के क्षणों तक, हर जगह सेवा प्रदान करने वाले सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा कर्मियों के समर्पण, पेशेवर दृष्टिकोण और करुणापूर्ण भावना की सराहना की। उन्होंने देश और नेपाल सहित पड़ोसी देशों में चिकित्सा शिविर संचालित करने के लिए उनकी सराहना की और विशेष रूप से उनके ग्लूकोमा सर्जरी और नेत्र देखभाल सेवाओं के सफल संचालन का उल्लेख किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऐसी पहल मित्र देशों के साथ हमारे संबंधों को सुदृढ़ बनाती हैं और लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाती हैं। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि उनकी सेवा भारत की 'सॉफ्ट पावर' का सशक्त प्रमाण हैं।

रक्षा मंत्री ने सैनिकों और उनके परिवार को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाए प्रदान करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा से 'अनुसंधान' पर विशेष जोर देने को कहा और लोगों के लिए प्रभावी स्वास्थ्य सेवा मॉडल प्रस्तुत करने हेतु आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और प्राचीन दर्शन के एकीकरण पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा ढांचे का निरंतर विस्तार, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स जैसे संस्थानों की संख्या में बढोतरी, आयुष्मान कार्ड द्वारा सबको स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता और कैंसर उपचार, बाईपास सर्जरी और गहन चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में प्रगति शामिल है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक और गहन अनुसंधान के क्षेत्र में अभी भी हमें लंबा सफर तय करना है। श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कैंसर अनुसंधान, विशेष रूप से आरंभिक पहचान तकनीकों और व्यक्तिगत चिकित्सा में, कई देश अभी हमसे आगे हैं। हमें हृदय रोगों के लिए उन्नत पूवानुमान मॉडल विकसित करने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी तंत्रिका अनुसंधान में भी क्षमता और मजबूत करनी होगी।

श्री राजनाथ सिंह ने औषधि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत दवाओं का एक प्रमुख वैश्विक आपूर्तिकर्ता है, फिर भी उच्च स्तरीय दवा नवाचार और मौलिक अनुसंधान के क्षेत्र में बाहरी स्त्रोतों पर निर्भरता स्पष्ट रूप से दिखती है। उन्होंने जेनेरिक दवाओं के उत्पादन से आगे बढ़कर अब नवाचार-आधारित दवा पारितंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, नई दवाओं की खोज, नैदानिक अनुसंधान सुदृढ बनाने और वैश्विक गुणवत्ता मानकों को अपनाने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने दवा नवाचार परिदृश्य में लघु एवं मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप्स के एकीकरण, मजबूत जांच अवसंरचना के विकास और कुशल कार्यबल के संवर्धन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह नजरिया घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति के साथ ही भारत को इन क्षेत्रों में विश्व में अग्रणी बनने में भी सक्षम बनाएगा।

क्लिनिकल ट्रायल्स (नई दवाओं, टीकों, उपकरणों या उपचार विधियों की सुरक्षा और प्रभावशीलता का पता लगाने) के महत्वपूर्ण विषय पर रक्षा मंत्री ने कहा कि कई विकसित देशों में क्लिनिकल ट्रायल्स उद्योग द्वारा प्रायोजित होते हैं और अनुसंधान, उपचार और नवाचार पर समान जोर रहता है। उन्होंने कहा कि भारत में भी इस दिशा में प्रयास जारी हैं, लेकिन क्लिनिकल ट्रायल ढांचे में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें यह पता लगाना होगा कि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा इसमें अपना सार्थक योगदान किस तरह दे सकता है, ताकि हमारी चिकित्सा क्षमता केवल उपचारात्मक तक ही सीमित न रहें, बल्कि नए ज्ञान के सृजन को भी शामिल करें।

श्री राजनाथ सिंह ने विशिष्ट रोगों से संबंधित नैदानिक अनुभव व्यवस्थित माध्यमों से अन्य डॉक्टरों और अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए सुदृढ़ मानक संचालन प्रक्रियाओं और मानकीकृत प्रोटोकॉल बनाने का पक्ष लिया। उन्होंने कहा कि इससे उपचार अधिक तीव्रता, कुशलता और साक्ष्य-आधारित होगा, जिससे व्यक्तिगत क्षमता के साथ ही समग्र प्रणालीगत दक्षता भी बढेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर डेटा पूल स्थापित करना महत्वपूर्ण कदम होगा, जिससे नीति निर्माण के लिए बेहतर जानकारी, नई चिकित्सा पद्धतियों के सत्यापन में सहायता और प्रभावी उपचारों का बड़े पैमाने पर अनुकरण संभव होगा। इससे हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली धीरे-धीरे प्रतिक्रियात्मक मॉडल से सक्रिय मॉडल में बदल जाएगी।

अस्पतालों में काम के भारी बोझ पर रक्षा मंत्री ने कहा कि डॉक्टर लगातार इलाज और शल्य चिकित्सा में व्यस्त रहते हैं, जिससे अनुसंधान, प्रशिक्षण और शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण पहलू अक्सर उपेक्षित रह जाते हैं और इस व्यावहारिक चुनौती को स्वीकार करने की आवश्यकता है। उन्होंने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं का आह्वान किया कि वह इसे प्रभावी तरीके से संतुलित करने के उपाय तलाशे।

श्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं से कहा कि वे देश के चारों कोनों में आर्मी हॉस्पिटल (रिसर्च एंड रैफरल) जैसे संस्थान स्थापित करने की संभावना का पता लगाएं, ताकि प्रत्येक क्षेत्र और स्थान पर तैनात सैनिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जा सकें। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि कोई नई परियोजना आरंभ की जाए या सर्वथा नया संस्थान स्थापित किया जाए। इसमें पहले से चल रही परियोजनाओं (ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स) में भी अपार संभावनाएं हैं। विभिन्न स्थानों पर स्थित कमांड अस्पतालों या बेस अस्पतालों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करके इसी स्तर तक उन्नत किया जा सकता है।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आज के संदर्भ में 'सुरक्षा' का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा करना ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सुरक्षा भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे बड़े अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम देने में स्वास्थ्य सुरक्षा अहम भूमिका निभाती है। जब हमारे सैनिकों को यह भरोसा होता है कि उन्हें बेहतर चिकित्सा सहायता उपलब्ध है, तो वे बिना किसी भय के अपने सैन्य अभियान को पूरा करते हैं। इसलिए, स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति निरंतर सक्रियता और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना अनिवार्य है।

रक्षामंत्री ने कहा कि किसी राष्ट्र के विकास के मापदंड केवल आर्थिक नहीं होते, बल्कि इसमें अन्य महत्वपूर्ण आयाम भी शामिल होते हैं; जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है लोगों का स्वास्थ्य। उन्होंने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र को लगातार विकसित हो रही चुनौतियों को समझना, उनका प्रभावी समाधान और बदलते समय के साथ तालमेल बिठाते हुए खुद को निरंतर आधुनिक बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे नजरिए के साथ आगे बढ़ना होगा, जहां प्रगति केवल आर्थिक विकास तक ही सीमित न हो, बल्कि स्वास्थ्य को विकास का केंद्रीय स्तंभ, मानते हुए समग्रतापूर्ण हो।

रक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में सैन्य नर्सिंग सेवा की सराहना करते हुए उन्हें चिकित्सा बलों का आधार बताया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें 'पूर्व सैनिक' का दर्जा देने का हाल का निर्णय रक्षा बलों के कर्मियों के साथ ही चिकित्सा पेशेवरों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता रेखांकित करती है।

श्री राजनाथ सिंह ने अपने दौरे एक लाइव प्रदर्शन का भी अवलोकन किया और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी क्षेत्र का दौरा किया, जहां युद्धकालीन चिकित्सा देखभाल में अत्याधुनिक नवाचारों और प्रगति प्रदर्शित की गई है। इनमें आघात प्रबंधन, युद्धक्षेत्र निकासी प्रणाली, कृत्रिम अंग, टेलीमेडिसिन और गहन देखभाल प्रौद्योगिकी के विकास में शामिल रहे, जो आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशस्त्र सैन्य चिकित्सा सेवा के निरंतर प्रयासों को दशार्ते हैं।

श्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र सैन्य चिकित्सा सेवा के सर्वश्रेष्ठ अस्पताल की रक्षा मंत्री ट्रॉफी कमान अस्पताल (दक्षिणी कमान) पुणे को प्रदान की, जबकि द्वितीय सर्वश्रेष्ठ अस्पताल का पुरस्कार इंडियन नेवल हॉस्पिटल शिप, अश्विनी, मुंबई को दिया गया। ये पुरस्कार रक्षा बलों के अस्पताल नेटवर्क में इन दोनों अस्पतालों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, रोगी देखभाल में उत्कृष्टता, नवाचार और प्रशासनिक दक्षता के लिए दिए गए। रक्षा मंत्री ने इन सम्मानों को उनके सामूहिक समर्पण और अथक कार्यों का प्रमाण बताया।

रक्षा मंत्री ने 'प्रेसिशन प्रोटोकॉल' इन अर्ली न्यूरोडेवलपमेंटल इंटरवेंशन नामक पुस्तक का भी विमोचन किया , जो न्यूरोडेवलपमेंटल (मस्तिष्क विकार) स्थितियों के प्रारंभिक निदान और पहल को मानकीकृत और बेहतर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण अकादमिक योगदान है। यह प्रकाशन अनुसंधान और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों पर सैन्य बल चिकित्सा सेवा के बढ़ते ध्यान को रेखांकित करता है।

इस कार्यक्रम में प्रमुख सेना अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना अध्यक्ष एडमिरल दिनेश के.त्रिपाठी, सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, रक्षा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह, एएफएमएस महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन, वायु सेना उपाध्यक्ष एयर मार्शल नागेश कपूर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# बदलते मौसम का असर: सरकारी अस्पताल की ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़

## बुखार, उल्टी-दस्त और जुकाम के मरीज बढ़े, डॉक्टरों ने सावधानी बरतने की दी सलाह

**समाज जागरण**
**कांधला। (फुरकान जंग)**

क्षेत्र में लगातार बदलते मौसम का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर भी साफ दिखाई देने लगा है। मौसम में आए उतार-चढ़ाव के चलते विभिन्न प्रकार की बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। सोमवार को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल में सुबह से ही पर्ची बनवाने और डॉक्टर को दिखाने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग गईं। बढ़ती भीड़ के कारण डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों को भी मरीजों को देखने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।अस्पताल पहुंचे अधिकांश मरीज बुखार, सर्दी-जुकाम, उल्टी-दस्त और गले के संक्रमण जैसी समस्याओं से पीड़ित नजर आए। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए अस्पताल पहुंचे।सरकारी अस्पताल



के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इन दिनों मौसम तेजी से बदल रहा है, जिसके कारण मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। खासकर बुखार, उल्टी-दस्त, जुकाम और वायरल संक्रमण के मामले अधिक सामने आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं।डॉ. ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मौसम के बदलाव के दौरान विशेष सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। साफ-सफाई का ध्यान रखें, बाहर का खुला और दूषित भोजन न करें तथा स्वच्छ पानी का ही सेवन करें। साथ ही यदि किसी को बुखार, उल्टी-दस्त या अन्य लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं, ताकि समय रहते उपचार मिल सके और बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सके।

# आवारा कुत्तों और बंदरों का बढ़ता आतंक, लोगों में दहशत

## - हमलों में घायल दर्जनभर लोगों को सरकारी अस्पताल में लगी एंटी रेबीज वैक्सीन

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन आवारा कुत्तों के झुंड और बंदरों द्वारा मासूम बच्चों, महिलाओं तथा पुरुषों पर हमले किए जा रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।कस्बे के सरकारी अस्पताल में दर्जनभर लोग आवारा जानवरों के हमले में घायल होने के बाद उपचार के लिए पहुंचे, जहां उन्हें एंटी रेबीज की वैक्सीन लगाई गई।पीड़ितों का कहना है कि नगर में कई स्थानों पर आवारा कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं, जो राह चलते लोगों पर हमला कर देते हैं। बच्चों और बुजुर्ग चोटिला हो रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि समस्या को लेकर कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन और नगर पालिका की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।बताया गया कि पूर्व में नगर पालिका प्रशासन द्वारा आवारा कुत्तों



के बंध्याकरण के लिए अभियान चलाया गया था, लेकिन इसके बावजूद समस्या पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं हो पाया है। वहीं नगर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी आवारा बंदरों ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। बंदर घरों में घुसकर सामान नुकसान पहुंचाने के साथ ही लोगों पर हमला भी कर रहे हैं।सोमवार को सरकारी अस्पताल में उपचार कराने वालों में कस्बा निवासी अदिति पुत्री अनिल, काफिया पत्नी शाकिर, मीमला, निवासी रितिका पुत्री सचिन निवासी हुरमजपुर, राशिका निवासी दुर्गनपुर, सुखबीर निवासी रसूलपुर, प्रतीक निवासी नाला, शंकर निवासी भारसी, हसनैन निवासी कांधला, देवेंद्र निवासी सुन्ना तथा राजेंद्र सिंह निवासी नाला सहित अन्य लोग शामिल रहे।सरकारी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायलों को एंटी रेबीज की वैक्सीन लगा दी गई है। साथ ही उन्हें आवारा जानवरों से दूर रहने और किसी भी हमले की स्थिति में तुरंत अस्पताल पहुंचकर उपचार कराने की सलाह दी गई है।

# ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग पर गांव भभीसा बिजलीघर के समीप दो ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी मोहसिन किसी कार्य से कस्बे में आया हुआ था। अपना कार्य समाप्त कर वापस अपने गांव लौटते समय वह ई-रिक्शा में बैठकर जा रहा था। जैसे ही ई-रिक्शा क्षेत्र के बुढ़ाना मार्ग गांव भभीसा बिजलीघर के पास पहुंचा तो सामने से आ रही दूसरी ई-रिक्शा से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही ई-रिक्शा में सवार मोहसिन गंभीर रूप से घायल हो गया।हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।खबर लिखें जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।



# अधिवक्ता के पुत्र के निधन पर शोक

**समाज जागरण**

कैराना। अधिवक्ता के दो वर्षीय मासूम पुत्र के निधन पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर है।

थाना बाबरी के गांव हिरनवाडा निवासी अधिवक्ता गौतम सिंह पुंडीर कैराना कचहरी में कार्य करते है। उनका दो वर्षीय पुत्र बीमार चल रहा था, जिसका उपचार दिल्ली के एम्स हास्पिटल में चल रहा था और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बालक की मौत पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गई। बार भवन में बार एसोसिऐशन अध्यक्ष ईशपाल सिंह की अध्यक्षता व महासचिव सरवेज जंग के संचालन में शोकसभा का आयोजन किया गया, जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिवार को अपार दुख सहन करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक के कारण अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे।

# आत्मरक्षा तकनीक का किया प्रदर्शन

**समाज जागरण**

कैराना। विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत छात्राओं द्वारा आत्मरक्षा तकनीकों का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया।

नगर में महाविद्यालय में कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की आत्मरक्षा तकनीकों का अभ्यास कर प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. हरेंद्र सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में बालिकाओं का सशक्त और जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। मिशन शक्ति प्रभारी डॉ. नीतू त्यागी ने कहा कि




वर्तमान समय में अपनी सुरक्षा के लिए स्वयं सक्षम बनना जरूरी है। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और हर परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आंचल, आकांक्षा, सपना, शगुन, निक्की और मेघा आदि ने सड़क पर होने वाली घटनाओं जैसे चेन स्नैचिंग आदि से बचाव के तरीके विस्तार से समझाए।

# मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में भूख हड़ताल की चेतावनी

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

तहसील ऊन क्षेत्र के ग्राम ऊदपुर तिराहा निवासी बाबा प्रेमपुरी ने अपनी शिकायत पर लंबे समय से कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताते हुए भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय को संबोधित एक प्रार्थना पत्र भेजा है।

बाबा प्रेमपुरी ने ने 31 दिसंबर 2024 को उप जिलाधिकारी ऊन को एक शिकायत पत्र दिया था, जिसमें शिव मंदिर की भूमि पर अवैध कब्जा, मूर्ति को क्षति पहुंचाने, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे। आरोप है कि इतने गंभीर मामले के बावजूद आज तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही शिकायत की जांच या निस्तारण के संबंध में कोई सूचना दी गई है। इससे संबंधित अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बाबा प्रेमपुरी का कहना है कि कार्रवाई न होने के कारण वह लगातार भय और मानसिक तनाव में जीवन यापन कर रहे हैं। उन्होंने शासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर मंदिर की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने प्रार्थना पत्र में 15 दिनों के भीतर कार्रवाई न होने पर भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर का शुभारंभ

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शहर के वीवी पीजी कॉलेज में सोमवार को पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नीना छोकरा, डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार एवं चीफ प्रॉक्टर कुणाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती पूजन के साथ किया। इस अवसर पर डॉ. नीना छोकरा ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए शिविर से अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। वहीं कुणाल सिंह ने



कहा कि एक अनुशासित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करता है और रोवर्स-रेंजर्स शिविर युवाओं को बेहतर नागरिक बनाने का माध्यम है। डीन डॉ. भूपेंद्र कुमार ने कहा कि किसी भी कार्य में केवल भागीदारी ही नहीं, बल्कि उसमें दक्षता और निपुणता हासिल करना भी आवश्यक है। शिविर में जिला संगठन आयुक्त गीता रानी एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त गायत्री देवी प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों को झंडा बांधने का प्रशिक्षण दिया तथा रोवर्स-रेंजर्स का इतिहास, नियम और सिद्धांतों की जानकारी दी।गीता रानी ने बताया कि रोवर्स-रेंजर्स एक समाजसेवी एवं गैर-राजनीतिक संस्था है, जिसका उद्देश्य युवाओं का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास करना है। गायत्री देवी ने कहा कि रोवर्स-रेंजर्स को विनम्र, अनुशासित, वफादार और प्रकृति प्रेमी होना चाहिए तथा सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। रोवर्स प्रभारी निर्भय कुमार ने जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि रेंजर्स प्रभारी डॉ. अनुप्रिया ने शिविर के शैक्षणिक महत्व की जानकारी दी।

# एक दिवसीय आत्मरक्षा शिविर एवं कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग)जवाहर नवोदय विद्यालय में एक दिवसीय आत्मरक्षा शिविर एवं कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कराटे एसोसिएशन ऑफ शामली के अध्यक्ष व अवेंजर फाइट क्लब शामली के कोच शिवांश भार्गव तथा विद्यालय प्रबंधन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश कुमार एवं शारीरिक शिक्षा प्रमुख आशुतोष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। आत्मरक्षा शिविर में विद्यार्थियों को कराटे के माध्यम से आत्मरक्षा के विभिन्न गुर सिखाए गए और उन्हें विपरीत परिस्थितियों में खुद की सुरक्षा के प्रति जागरूक



किया गया। इसके साथ ही आयोजित कराटे प्रतियोगिता में शामली के पदक विजेता खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आत्मरक्षा कौशल का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

# बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

बहुजन समाज पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष बीरपाल कुडाना ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर अजय राय ने कहा कि दलित समाज का वास्तविक उत्थान कांग्रेस पार्टी में ही सुरक्षित है और पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। उन्होंने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। कांग्रेस में शामिल होने के बाद बीरपाल कुडाना ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने



मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय राय का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह अब कांग्रेस पार्टी के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वह दलित समाज को जागरूक करने के साथ-साथ किसानों, व्यापारियों और छात्रों के हितों के लिए संघर्ष करेंगे। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि वह कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने और प्रदेश में सरकार बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। बीरपाल ने यह भी कहा कि उनके साथ आए सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कांग्रेस पार्टी के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे।

# पालिका सभागार में नामित सभासदों को दिलाई गई शपथ

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) नगर पालिका सभागार में सोमवार को शासन द्वारा नामित पांच सभासदों को शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिका सभागार में चेयरमैन अरविन्द संगल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जहां एसडीएम अर्चना शर्मा ने सभी नामित सभासदों को राज्य निष्ठा एवं पद की शपथ दिलाई।

शासन के निर्देश पर नगर पालिका शामली में पांच सदस्य देवानंद गौड, मीरा चावला, हरिओम पाठक, संगीता जिंदल, उत्तम नामदेव को नामित किया गया। सोमवार को नगर पालिका सभागार में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन अरविन्द संगल ने नव-नामित सभासदों का फूलमालाओं एवं बुके देकर स्वागत किया और सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। एसडीएम ने सभी नामित सदस्यों को एक एक कर शपथ दिलाई। भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप ने कहा कि पार्टी के समर्पित और पुराने कार्यकताओं



को सम्मान देते हुए उन्हें जिम्मेदारी दी गई है, जो संगठन के लिए गौरव की बात है। पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि नगर पालिका बोर्ड एक परिवार की तरह होता है और नए सदस्यों के जुड़ने से यह परिवार और मजबूत होगा। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने सभी नामित कहा कि प्रदेश में विकास के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम का संचालन ईओ विनोद कुमार सोलंकी ने किया। इस दौरान लोकदल जिलाध्यक्ष वाजिद अली, सभासद आशीष गुप्ता, अजीत निर्वाल, तोहिद रहमानी, अरविन्द खटीक, विनोद तोमर, निशीकांत संगल, गुलजार मंसूरी, सलमान अहमद, अंकित जैन, सोनू चावला, बादल गौतम, उमेश खुरगान, विपिन सैनी, मनीष भटनागर, पवन नामदेव, दिनेश पाठक, रजनीश नामदेव आदि मौजूद रहे।

# किसानों ने विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में की नारेबाजी

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

ठाकुर पूरण सिंह के किसान मजदूर संगठन के बैनर तले दर्जनों किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शामली कलक्ट्रेट में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होने लगाए गए स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए इनको हटाये जाने और, 32 गांवों पर वन विभाग द्वारा किए गए दावे को खत्म करने की मांग की है।

सोमवार को किसान मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने दर्जनों किसानों के साथ शामली कलक्ट्रेट में पहुंचकर जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इस दौरान वह कलक्ट्रेट की सीढियों पर ही धरना देकर बैठ गए। धरने को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष श्यामपाल सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा अन्य प्रदेशों का गेंहू खरीद बंद करने से समस्याऐं पैदा हो रही है। जिससे किसान परेशान है। उन्होने



कहा कि जिस क्षेत्र में गेंहू की बुआई ज्यादा है वहा गांव में क्रय केन्द्र खोले जाये। स्मार्ट मीटरों से नागरिक और ग्रामीण दोनों परेशान है। इनको बंद किया जायेगा। चीनी मिलों पर बकाया गन्ना भुगतान अविलंब कराया जाये। किसानों के खेतों में फूंके ट्रांस्फार्मर बदले जाये। प्राईवेट स्कूलों की ड्रेस और किताबों की मन मानी बंद होनी चाहिए। 32 गांवा में विन विभाग द्वारा किया जा रहा दावा निरस्त किया जाये। एनएचएआई से जुडी समस्याओं का समाधान किया जाये। ऊन स्थित एथोनॉल प्लांट से हुए दूषित पानी की जांच की जाये। एलपीजी गैंस की जुडी समस्याओं का समाधान किया जाये। किसानों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडीएम सत्येन्द्र सिंह को भी सौंपा, जिसमें उन्होने समस्याओं का समाधान न होने पर आन्दोलन की चेतावनी दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ठाकुर लाखन सिंह, शहजाद पुंडीर, लोकेश राणा, जनेश्वर, नरेश तोमर आदि मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने धूमधाम के साथ मनाया स्थापना दिवस

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जनपद में उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी मोहित बेनीवाल ने पार्टी ध्वज फहराकर कार्यक्रम




का शुभारंभ किया और संगठन की नीतियों, विचारधारा व कार्यकर्ता सशक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की।

एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का मजबूत संकल्प है। पार्टी ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ देश के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस हमें उन महापुरुषों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिनकी बदौलत संगठन आज एक विशाल वटवृक्ष बना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र सेवा के इस अभियान से जुड़कर देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। साथ ही कार्यकताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामजी लाल कश्यप ने जिला कार्यालय पर ध्वजारोहण कर स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में हरवीर मलिक, रंधावा मलिक, मानस संगल, सचिन जैन, बादल गौतम, पुनीत द्विवेदी, विवेक प्रेमी, कपिल पवार उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति ने ग्रामीण भारत के रूपांतरण में दीनबंधु छोटू राम की भूमिका पर प्रकाश डाला

उपराष्ट्रपति ने हरियाणा के 'धर्म क्षेत्र' की पवित्र भूमि पर अपनी उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने दीनबंधु छोटू राम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सत्यनिष्ठा, सामाजिक न्याय और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि दीनबंधु छोटू राम ने अपना जीवन किसानों और वंचित समुदायों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने एवं उनके सम्मान को पुनर्स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उपराष्ट्रपति ने उनके योगदानों को रेखांकित करते हुए कहा कि सहकारी संस्थाओं और न्यायसंगत भूमि प्रथाओं पर उनके जोर ने एक मजबूत कृषि ढांचे की नींव रखी। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों ने हरियाणा को एक प्रगतिशील और समृद्ध कृषि प्रधान राज्य के रूप में उभरने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसने भारत की खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास में अहम भूमिका निभाई।

उपराष्ट्रपति ने स्नातक छात्रों को बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की कि स्वर्ण पदक विजेताओं में लगभग 64 प्रतिशत महिलाएं थीं और कुल स्नातक छात्रों में महिलाओं की संख्या लगभग 50 प्रतिशत थी। उन्होंने इसे हाल के वर्षों में महिला-केंद्रित विकास के माध्यम से आए परिवर्तनकारी बदलावों का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियानों और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जैसी पहलों के माध्यम से किए गए निरंतर प्रयासों से हरियाणा में जेंडर अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो सामाजिक परिवर्तन और समावेशिता का एक प्रेरक उदाहरण है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने इस बात पर बल दिया कि आत्मनिर्भर भारत का आह्वान नवोन्मेषण, आत्मविश्वास और स्वदेशी समाधानों का आह्वान है।

उपराष्ट्रपति ने कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की प्रतिक्रिया को याद करते हुए कहा कि जब दुनिया इस संकट से जूझ रही थी, तब कई देशों और बहुराष्ट्रीय दवा कंपनियों ने टीके विकसित किए, जिनमें से कुछ ने अधिक लाभ के लिए उनका पेटेंट कराने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने टीके विकसित किए और उन्हें अपनी जनता को निःशुल्क उपलब्ध कराया, साथ ही 100 से अधिक देशों को भी इनकी आपूर्ति की। उन्होंने कहा कि यह भारत की भावना और महानता को दशार्ता है।

उपराष्ट्रपति ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, रोबोटिक्स, क्वांटम कंप्यूटिंग और हरित प्रौद्योगिकियों के परिवर्तनकारी प्रभाव की चर्चा की। उन्होंने छात्रों से इन उभरते क्षेत्रों को जिज्ञासा और जिम्मेदारी के साथ अपनाने तथा अपने ज्ञान का उपयोग राष्ट्र निर्माण के साधन के रूप में करने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने नशीले पदार्थों के दुरुपयोग के खतरे पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से मादक पदार्थों का दृढ़तापूर्वक त्याग करने और स्वास्थ्य, उद्देश्य और सकारात्मकता का मार्ग अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को नशामुक्त समाज के राजदूत बनने के लिए प्रोत्साहित किया।

उपराष्ट्रपति ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता केवल उपलब्धियों से ही नहीं, बल्कि चरित्र, ईमानदारी और विफलताओं से उबरने की क्षमता से भी परिभाषित होती है।

# दुर्लभ प्रजाति के 170 तोते बरामद, राजस्थान से ला रहे थे, तीन तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण**

बागपत। पुलिस और एनिमल वेलफेयर की संयुक्त टीम की को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर मवीकलां टोल के पास एक टैक्सी कार से सात कैरेट्स में रखे दुर्लभ प्रजाति के 170 तोतों के चूजों को रेस्क्यू किया है। पुलिस ने मौके से तीन तस्करों को हिरासत में लिया है जबकि दो तस्कर मौके से भागने में कामयाब हो गए। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता के नेतृत्व में यह बड़ी कार्यवाही हुई। टीम द्वारा बिछाए गए जाल में संगठित रूप से पशु-पक्षियों की अंतर्राज्यीय स्तर पर तस्करी करने वाले तीन तस्कर धर दबोचे। राजस्थान के हनुमानगढ़ से ये तस्कर दुर्लभ प्रजाति के तोते



(बच्चे) लेकर आ रहे थे। एनिमल वेलफेयर ऑफिसर गौरव गुप्ता ने बताया कि ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे बागपत पर लोनी की दिशा में जा रही एक टैक्सी को रुकवाने का प्रयास किया गया, लेकिन तस्करों ने गाड़ी दौड़ा दी। टोल होने के कारण इन्हें पकड़ने में कामयाबी मिली, मौके से दो तस्कर भाग निकले। टीम ने वाहन को रोककर तलाशी ली, जिसमें सात कैरेट (पिंजरों) में बंद कुल 170 तोते के बच्चे बरामद हुए। सभी पक्षियों की हालत खराब बताई जा रही है। बरामद तोतों को सुरक्षित स्थान पर रखकर उनकी देखभाल की जा रही है।

# रटौल गैस एजेंसी पर लगी उपभोक्ताओं की भीड़

## उपभोक्ता ने लगाया सिलेंडर न देने का आरोप

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की सिलेंडर लेने के लिए भीड़ लगी है। लोगो ने बताया की सिलेंडर बुक होने के बाद भी सिलेंडर नही दिया जा रहा है। जिससे लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगो ने बताया की सिलेंडर बुक होने पर घर पर सिलेंडर नही भेजे जा रहा है। गैस एजेंसी पर लोगो की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सिलेंडर बुकिंग के बाद घर फर ही सिलेंडर देने के आदेश दिए गए है। जिससे गैस एजेंसी पर भीड़ न लगे लेकिन रटौल गैस एजेंसी पर उसके बाद भी भीड़ लग रही है उपभोक्ता लहचौड़ा निवासी फय्याज की वह तीन घंटों से लाइन में लगा है। उसके बाद भी उसे सिलेंडर नही दिया गया है। खैला निवासी राजेन्द्र



ने बताया ने बताया की उन्होंने सिलेंडर बुक कराया था। लेकिन जब वह सिलेंडर लेने एजेंसी पर पहुंचे तो पता चला सिलेंडर पहले ही जा चुका है। उसने बताया की उसने सिलेंडर नही लिया फिर कौन उसका सिलेंडर ले गया। उसने गैस कर्मचारीयों पर सिलेंडर बेचने का आरोप लगाया रटौल निवासी चांद ने बताया 20 मार्च में सिलेंडर बुक किया था। लेकिन आज तक सिलेंडर नही दिया गया जिससे लेकर वह परेशान है। उपभोक्ताओं ने कहा की उन्हें समय से सिलेंडर नही मिल रहे है जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# रटौल नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में 15 करोड़ के प्रस्ताव पास

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल कस्बें में नगर पंचायत में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 15 करोड़ के प्रस्ताव पास किए गए। कस्बें में चौपाल, बारात घर और लाइब्रेरी जल्द बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में कस्बें के विकास को लेकर चर्चा की गई। गर्मी के मौसम को देखते हुए वाटर कूलरों की संख्या बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। वहीं रटौल में बारात की समस्या को देखते



हुए जल्द बारात घर निर्माण को लेकर बात हुई, जिसमें लेखपाल से ग्राम समाज की जमीन की तलाश कर जल्द बारात घर बनाने पर विचार किया गया।इसके अलावा रटौल में चौपालों का सौंदर्यकरण और नए चौपाल भवन बनाने पर भी चर्चा हुई। युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने और तैयारी करने के लिए एक लाइब्रेरी निर्माण भी जल्द करने पर चर्चा हुई। बैठक में 15 करोड़ के प्रस्ताव पास किए गए। चैयरमैन हाजी मुंतजिर और ईओ आस्था पाठक ने बताया की कस्बें को सुन्दर बनाना उनका लक्ष्य है। बैठक में 15 करोड़ के प्रस्ताव रखे गए है जल्द उन्हें पास करा निर्माण कार्य कराए जायेगे। इस मौके पर सभासद नजारत चौधरी, हसमत चौधरी, आमिर, साजिद, सुरेन्द्र, खालिद, मोसिन मलिक, महबूब, उबैद उल्ला, रामनिवास सैनी, महबूब, सचिन, सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# अंकित जैन को मानद डॉक्टरेट की उपाधि से किया गया सम्मानित

**समाज जागरण**

बागपत। सामाजिक क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों से निरंतर सक्रिय योगदान देने के लिए अंकित जैन को मानद डॉक्टरेट से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जयपुर में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में प्रदान किया गया। अंकित जैन, मानव निर्माण जागृति मंच के माध्यम से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। उनके द्वारा शिक्षा, जागरूकता एवं सामाजिक उत्थान से जुड़े अनेक अभियानों का सफल संचालन किया गया है, जिससे समाज के विभिन्न



वर्गों को लाभ प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेत्री मंदाकिनी (फिल्म राम तेरी गंगा मैली से प्रसिद्ध) ने उन्हें यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने अंकित जैन के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सम्मान उनके समर्पण, सेवा भावना और समाज के प्रति उनके निरंतर योगदान का प्रतीक है।

# स्किल डेवलपमेंट व संस्कारों से विकसित होगा उपाध्याय समाज

**समाज जागरण**

छपरौली। क्षेत्र के गांव शबगा में अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय सेवा संगठन द्वारा आयोजित उपाध्याय समाज के सम्मेलन में शिक्षा, संस्कार, रोजगार और गोरखनाथ महापर्व पर चर्चा हुई। जनपद बागपत व अन्य जनपदों से आये उपाध्याय उपाध्याय के बन्धुओं ने समाज की एकता और समाज में संचालित विभिन्न संगठनों के समन्वित पर बल दिया। आमन्त्रित अतिथियों को पगड़ी व पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूराम उपाध्याय ने कहा उपाध्याय समाज के उत्थान के लिए हमें राजनीतिक महत्वाकांक्षा से ऊपर उठकर शिक्षा और संस्कारों के लिए कार्य करने की आवश्कता है।

सभा को सम्बन्धित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संगीता उपाध्याय ने कहा हमें



एक दूसरे के प्रति उत्पन्न ईर्ष्या का त्याग कर विभिन्न संगठनों के समन्वय के साथ समाज हितों के लिए कार्य करना चाहिए। उपाध्याय समाज को संस्कारों व स्किल डेवलपमेंट के साथ विकसित किया जा सकता है। सम्मेलन के आयोजक प्रधानाचार्य सुनील कुमार आर्य ने उपाध्याय समाज से 12 मई 2026 (मंगलवार) को अपने-अपने परि-वारों में गुरू गोरक्षनाथ महापर्व मनाने की अपील की। सम्मेलन को मुख्य रूप से समाजसेवी आर०आर०डी० उपाध्याय, धर्मवीर उपाध्याय, राजश्री, शामली जिलाध्यक्ष शिवानी उपाध्याय, रविकुमार एडवोकेट, सन्नी योगी, मुकेश कुमार उपाध्याय ने सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता रामनिवास उपाध्याय ने और संचालन राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द उपाध्याय ने किया। इस अवसर भूरा लिलौन, रजनीश उपाध्याय, कमल, विकास, देवेन्द्र कुर्डी, नरेश, सुखबीर सिंह, चरण उपाध्याय, मांगेराम उपाध्याय, रामपाल, शौकीन आदि उपस्थित रहे।

# कालूराम धाम की श्रद्धांजलि सभा में उमड़ी भीड़

**समाज जागरण**

बागपत। मां अंबा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालियर खेड़ा बागपत के अध्यक्ष कालूराम धाम की श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, राजनीतिक हस्तियों और समाजसेवियों ने भाग लिया। सभा में सभी ने कालूराम धाम को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके कार्यों को याद किया। कालूराम धाम के



निवास स्थान खेकड़ा में सुबह 8:00 बजे शान्ति यज्ञ प्रारंभ किया गया, जिसमें क्षेत्र की राजनीतिक और सामाजिक हस्तियां मौजूद रही। सभी ने आहुति दी और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर दोनों कॉलेजों के प्रबंधक और कालूराम धामा के छोटे भाई बृजपाल सिंह शास्त्री ने कहा कि कालूराम धामा हम सब के प्रेरणा स्त्रोत थे। उनके जाने से मुझे एक अभिभावक की कमी हमेशा महसूस होती रहेगी। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री डॉ कुलदीप उज्जवल, महन्त डॉ साधुराम, सुखबीर सिंह गठीना, ओमबीर तोमर, सुशील चौधरी अश्वनी तोमर, रामछैल सिंह पवार, बिजेंद्र पंवार, राजबीर सिंह मोघा, मनीष मोघा, मदनपाल धामा, डॉ रवि पवार डॉक्टर प्रवीण पवार, हरेंद्र तोमर, योगेन्द्र तालियान, सुखेन्द्र राणा, जितेंद्र धामा, बबलू धामा, संजय फौजी, धर्मेंद्र, संदीप, अभिलाष, डॉ राजीव गुप्ता, देशपाल सिंह तोमर आदि ने भी श्रृद्धांजलि अर्पित की।

# नवी मुंबई वस्त्र अपशिष्ट को लोगों और पर्यावरण के लिए एक अवसर बना रहा है

नवी मुंबई की टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी, चक्रीय प्रणालियों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वस्त्र अपशिष्ट को अवसरों में बदलने का काम कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 के अंतर्गत यह पहल न केवल लैंडफिल कचरे को कम कर रही है, बल्कि रोजगार के नए रास्ते भी खोल रही है और शहरी भारत के लिए एक प्रभावी व विस्तार योग्य मॉडल पेश कर रही है।

भारत में हर साल लगभग 78 लाख मीट्रिक टन वस्त्र अपशिष्ट उत्पन्न होता है, जो घरों, संस्थानों और उद्योगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वस्त्रों की व्यापकता और विविधता को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। साड़ियों और वर्दी से लेकर डेनिम और घरेलू लिनेन तक, कपड़े शहरी कचरे के प्रवाह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। शहरों में वस्त्रों की रिकवरी, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए सुनियोजित प्रणालियां विकसित करने की आवश्यकता को तेजी से महसूस की जा रही है। चक्रीय अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण और संसाधन दक्षता पर बढ़ते ध्यान के साथ, नगरपालिकाएं ऐसे नवीन समाधानों की खोज कर रही हैं जो वस्त्रों को लैंडफिल में जाने से रोकते हैं।

स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 के तहत, नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) इस मामले में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। व्यवस्थित उपायों के माध्यम से वस्त्र अपशिष्ट की समस्या से निपटने के अवसर को पहचानते हुए, एनएमएमसी ने नवी मुंबई के बेलापुर में भारत की पहली नगर निगम टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी (ट-ीआरएफ) स्थापित की। विकेंद्रीकृत संग्रहण, वैज्ञानिक छंटाई, पता लगाने की क्षमता और महिलाओं के नेतृत्व में आजीविका सृजन को एकीकृत करके, टीआरएफ वस्त्र अपशिष्ट को एक उपेक्षित धारा से शहरी चक्रीय अर्थव्यवस्था के एक मूल्यवान घटक के रूप में पुनर्स्थापित करता है।

नवी मुंबई की टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी (टीआरएफ) की परिकल्पना, एक स्वतंत्र संग्रह केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक चक्रीय इकोसिस्टम के रूप में की गई है जो संग्रह, छंटाई, प्रौद्योगिकी और आजीविका सृजन को जोड़ता है।

इस मॉडल की शुरूआत विकेंद्रीकृत संग्रहण प्रणाली से होती है, जिसके तहत सभी 8 नगर निगम वार्डों में स्थित हाउसिंग सोसाइटियों में ब्रांडेड कपड़े के कूड़ेदान लगाए गए हैं। अब तक 140 कूड़ेदान स्थापित किए जा चुके हैं और 250 कूड़ेदान लगाने का लक्ष्य है जिससे जमीनी स्तर पर सुलभता और नागरिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

बेलापुर के एक पुराने शहरी स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित अंतरिम टीआरएफ में, वैज्ञानिक छंटाई और अनुरेखण




क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एकत्रित वस्त्रों का वजन किया जाता है, उन पर टैग लगाए जाते हैं और उन्हें व्यवस्थित रूप से पुनः प्रयोज्य, पुनर्चक्रण योग्य, अपसाइक्लिंग योग्य, डाउनसाइक्लिंग योग्य और अस्वीकृत श्रेणियों में वगीर्कृत किया जाता है। कोशा हैंडहेल्ड स्कैनर के एकीकरण से कपास, पॉलीकॉटन, पॉलिएस्टर, ऊन और रेशम सहित रेशों की तत्काल पहचान संभव हो पाती है, जिससे वैज्ञानिक वर्गीकरण को मजबूती मिलती है और सामग्री की पुनर्प्राप्ति को अनुकूलित किया जाता है।

दाता से अंतिम उत्पाद तक वस्तु की यात्रा को ट्रैक करने के लिए एक विशेष एमआईएस प्लेटफॉर्म विक-सित करता है, जो डिजिटल निगरानी, पारदर्शिता, जवाबदेही और डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया को बढ़ावा देता है। पहचान के बाद, आगे की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए वस्त्रों को कपड़े के प्रकार, रंग और स्थिति के आधार पर अलग किया जाता है। छांटे गए पदार्थों को पुनः उपयोग में लाने से पहले स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अच्छी तरह से कीटाणुरहित किया जाता है।

उपयुक्त कपड़ों को स्वयं-सहायता समूहों की कुशल महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित बैग, चटाई, सहायक उपकरण, परिधान और घरेलू सज-ावट की वस्तुओं में परिवर्तित किया जाता है। इन पुनर्निर्मित उत्पादों को बाद में प्रदर्शनियों में प्रदर्शित और बेचा जाता है। इससे उन सामग्रियों को नया जीवन और अर्थ मिलता है, जिन्हें कभी बेकार समझा जाता था। 300 से अधिक महिलाओं ने फाइबर की पहचान, पृथक्करण प्रोटोकॉल, मरम्मत तकनीक और अपसाइक्लिंग कौशल को कवर करने वाले 8 दिवसीय प्रशिक्षक प्र-शिक्षण (टीओटी) मॉड्यूल में भाग लिया है। 150 से अधिक महिलाएं अब कपड़ा छंटाई, सिलाई और उत्पाद रूपांतरण के माध्यम से प्रति माह 9,000 रुपए से 15,000 रुपए के बीच से कमा रही हैं।

इस पहल ने एक क्रांतिकारी बदलाव लाया है। इसने गृहिणियों को कुशल चक्रीय अर्थव्यवस्था के प्रणेता के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। यह संयंत्र एक समर्पित अपसाइक्लिंग केंद्र के रूप में कार्य करता है जहां स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्य पुराने वस्त्रों से बैग, कपड़े, पाउच और घरेलू सजावट के उत्पाद बनाते हैं। वस्त्र पुनर्चक्रण एक सुनियोजित आजीविका का साधन बनकर उभरा है जो हरित रोजगार सृजित करता है, स्थानीय उद्यम को मजबूत करता है और शहरी स्थिरता के ढांचे के भीतर श्रम की गरिमा को सुदृढ़ करता है।

टीआरएफ मॉडल ने उपभोक्ता द्वारा इस्तेमाल किए गए 30 मीट्रिक टन वस्त्र अपशिष्ट को इकट्ठा करने में मदद की है जिसमें से 25.5 मीट्रिक टन को वैज्ञानिक तरीके से छांटा गया है। प्रतिदिन औसतन लगभग 500 वस्तुओं की दर से 41,000 से अधिक वस्तुओं का प्रसंस्करण किया गया है। इस पहल ने 1,14,575 से ज्यादा परिवारों तक पहुंच बनाई है, 75 से अधिक आईईसी कार्यशालाएं आयोजित की हैं और 350 से अधिक समाज प्रतिनिधियों को जोड़ा है, जिससे नागरिक भागीदारी और संस्थागत सहयोग को बल मिला है। 400 से अधिक अपसाइकल्ड उत्पादों के नमूने विकसित किए गए हैं, जिसमें अस्वीकृत वस्त्र अपशिष्ट से तैयार किया गया कागज का एक सफल प्रायोगिक बैच भी शामिल है। यह पहल संसाधन पुनर्प्राप्ति में नए और रचनात्मक समाधानों को दशार्ती है।

जागरूकता बढ़ाने और बाजार अवसरों का विस्तार करने के लिए, टीआरएफ ने 30 से अधिक प्रदर्शनियों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लिया है। इन मंचों ने उपभोक्ता द्वारा उपयोग किए गए वस्त्रों के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही महिला कारीगरों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और बेचने के अवसर भी प्रदान किए हैं।

नवी मुंबई में टीआरएफ के कार्यान्वयन में शुरूआती दौर में कई चुनौतियां सामने आईं, जिनमें कू-ड़ेदान लगाने में प्रतिरोध, वस्त्र पृथक्करण के बारे में सीमित जागरूकता और मिश्रित रेशों की छटाई में जटिलताए शामिल थीं। इन चुनौतियों को चरणबद्ध कार्यान्वयन, निरंतर नागरिक सहभागिता, अंतर-एजेंसी समन्वय और फाइबर-स्कैनिंग तकनीक को अपनाकर दूर किया गया।

बेलापुर में अंतरिम टीआरएफ की सफलता के आधार पर, अगले चरण में निसर्ग उद्यान के पास कोपरखैरान में एक स्थायी, उच्च क्षमता वाली टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी की परिकल्पना की गई है।

नवी मुंबई स्थित टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी साबित करती है कि आमतौर पर बेकार माने जाने वाले अपशिष्ट पदार्थों को आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ के स्त्रोत के रूप में पुनर्जीवित किया जा सकता है। यह स्वच्छ भारत 2.0, स्मार्ट सिटी मिशन और सतत विकास लक्ष्य 12-जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन के सिद्धांतों के अनुरूप है।

# घर में घुसकर किशोरी के साथ रेप और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप

## - महिला ने कोतवाली में शिकायत कर की कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

बागपत। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने अपने गांव के ही दो युवकों पर घर में घुसकर उसकी नाबालिग बेटी के साथ रेप करने और उसकी अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाया है। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

महिला ने बताया कि सोमवार को उसकी नाबालिक बेटी घर में अकेली थी, तभी गांव के दो युवक उसके घर में घुस गए। दोनों युवकों ने उसके साथ रेप किया और उसकी अश्लील वीडियो भी बनाई। सोर सुनकर उसके ताऊ का लड़का वहां पहुंचा तो दोनों युवक वहां से फरार हो गए। उसकी बेटी ने बताया कि चार अप्रैल को भी दोनों ने उसके साथ जबरन ईख के खेत में रेप किया था और उसकी वीडियो भी बनाई थी। सोमवार को आरोपियों ने उसे वीडियो दिखाकर उसके साथ फिर से रेप किया। उन्होंने डायल 112 पर भी शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप है आरोपी पक्ष और कुछ मौजूद व्यक्ति फैसले का दवाब बना रहे है। महिला ने कोतवाली में तहरीर देकर दोनों युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# नए अध्ययन से गंगा के मैदानी इलाकों में घास के पराग कणों का उपयोग करके भारत के कृषि इतिहास को समझने में मदद मिली है

खेती की गई फसलों और जंगली घासों के बीच परागकणों में अंतर करने का एक नया तरीका वैज्ञानिकों को भारत की कृषि उत्पत्ति की कहानी, विशेष रूप से मध्य गंगा मैदान में, को उजागर करने में सक्षम बनाता है। यह इस बात की एक सशक्त झलक प्रदान करता है कि मानव समाजों ने सहस्त्राब्दियों से भूदृश्य को कैसे आकार दिया।

भारत विश्व के प्रमुख खाद्य पदार्थों, गेहूं और चावल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। अनाज और गैर-अनाज घासों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट जैवमापी मानदंड स्थापित करना, खेती की जाने वाली और जंगली घासों के पराग की सटीक पहचान के लिए आवश्यक है, जिससे भारत में अतीत की मानव बस्तियों और कृषि पद्धतियों के पुनर्निर्माण में सहायता मिल सकती है।

गेहूं, चावल, जौ और बाजरा जैसी अधिकांश अनाज फसलें पोएसी (घास) परिवार से संबंधित हैं, जिनके परागकण जंगली घासों के परागकणों से काफी मिलते-जुलते हैं। सूक्ष्मदर्शी से देखने पर इनमें अंतर करना लंबे समय से कठिन रहा है। चूंकि परागकण तलछट में संरक्षित रहते हैं, इसलिए इनका संयोजन होलोसीन काल (पिछले 11,700 वर्ष) के दौरान कृषि, वनों की कटाई और बस्तियों के बारे में जानकारी दे सकता है।

पराग कणों की सूक्ष्म-आकृति विज्ञान, विशेष रूप से समग्र अनाज के आकार और वलय व्यास (छिद्र के चारों ओर का वलय), अतीत के मानव प्रभाव और पुरावनस्पतिविज्ञान के पुनर्निर्माण के लिए खेती वाले अनाजों को जंगली अनाजों से अलग करने का एक प्रमुख मानदंड है।

फिर भी, पोएसी (घास) परिवार की प्रमुख खाद्य फसलों और उनसे संबंधित जंगली प्रजातियों के परागकणों के सूक्ष्म-आकृति विज्ञान संबंधी विस्तृत विश्लेषण के लिए अभी तक कोई व्यापक अध्ययन नहीं किया गया है। इसलिए, पिछले कुछ सहस्त्राब्दियों में मानव गतिविधियों के पुनर्निर्माण के लिए जीवाश्म मानवजनित परागकणों की सटीक पहचान अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भारत में अपनी तरह के पहले अध्ययन में, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान, बीरबल साहनी पुरावनस्पतिविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी) के वैज्ञानिकों ने सहयोगियों के साथ मिलकर लाइट माइक्रोस्कोपी (एलएम), कॉन्फोकल लेजर स्कैनिंग माइक्रोस्कोपी (सीएलएसएम) और फील्ड एमिशन स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी (एफईएसईएम) का उपयोग करके 22 अनाज और गैर-अनाज प्रजातियों का विश्लेषण किया ताकि एक विश्वसनीय बायोमेट्रिक सीमा स्थापित की जा सके। उन्होंने मध्य गंगा मैदान पर ध्यान केंद्रित किया। इसका कारण यह है कि अनाज और गैर-अनाज वाली घासों के लिए क्षेत्र-विशिष्ट बायोमेट्रिक सीमाएं स्थापित करना, जंगली घासों से खेती वाली घासों को विशिष्ट रूप से अलग करने के लिए आवश्यक है, जिससे भारत में अतीत के मानव निवास और कृषि पद्धतियों के सटीक पुनर्निर्माण के लिए एक मजबूत उपकरण उपलब्ध होता है, और व्यापक फसल भूमि और कृषि विविधता वाला क्षेत्र, मध्य गंगा मैदान (सीजीपी), इस अध्ययन के लिए उपयुक्त था।

इससे शोधकताओं को अतीत के वातावरण का पुनर्निर्माण करने में मदद मिली, जिससे वहां उगने वाले पौधों का पता लगाने, भूदृश्यों में आए बदलावों और यहां तक कि मनुष्यों द्वारा इकोसिस्टम को प्रभावित करने के तरीकों का पता लगाने में सहायता मिली।

पत्रिका द होलोसीन (सेज प्रकाशन) में प्रकाशित इस अध्ययन में एक स्पष्ट "युग्मित बायोमेट्रिक सीमा" स्थापित की गई है, जहां अनाज के पराग का व्यास आमतौर पर 46 पे और वलय का आकार 9 पे से अधिक होता है (बाजरा को छोड़कर, जो छोटा होता है), जबकि जंगली घास का आकार छोटी होती है।

यह अवसंरचना मध्य गंगा मैदान, जो भारत की कृषि क्षेत्र है, में अनाज और गैर-अनाज के परागों के बीच अंतर करने और प्राचीन कृषि पद्धतियों की शुरूआत और तेजी से सटीक पता लगाने के लिए एक मजबूत उपकरण प्रदान करता है।

यह पहली बार है जब गंगा के मैदानी क्षेत्र से प्राप्त स्वदेशी आंकड़ों का उपयोग करके इस तरह का एक अनुरूप मॉडल विकसित किया गया है, जिससे वैज्ञानिकों को यूरोपीय पराग संदर्भ डेटाबेस पर निर्भर रहने के बजाय स्थानीय साक्ष्यों के आधार पर क्षेत्र के कृषि इतिहास का पुनर्निर्माण करने में मदद मिलेगी।

इस अध्ययन का नेतृत्व लखनऊ स्थित बीरबल साहनी पुरावनस्पतिविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी) की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. स्वाति त्रिपाठी ने डॉ. आरती गर्ग (भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, प्रयागराज), आर्य पांडे और अनुपम शर्मा (बीएसआईपी), प्रियंका सिंह (भारतीय भूचुंबकत्व संस्थान, मुंबई) और अंशिका सिंह (लखनऊ विश्वविद्यालय) के सहयोग से किया।

इस खोज से प्राचीन कृषि, भूमि उपयोग और इकोसिस्टम पर मानव प्रभाव से संबंधित शोध की सटीकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे पुरातत्वविदों और पर्यावरण इतिहासकारों को यह समझने में मदद मिलेगी कि किस प्रकार मनुष्यों ने धीरे-धीरे गंगा के उपजाऊ मैदानों को एक प्रमुख कृषि केंद्र में परिवर्तित कर दिया।

यह अध्ययन भारत को कृषि और मानव बस्तियों की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए पहला स्पष्ट, क्षेत्र-विशिष्ट वैज्ञानिक उपकरण प्रदान करता है, जिससे यह काम कहीं अधिक सटीकता के साथ किया जा सकता है।

# गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जेम) ने 18.4 लाख करोड़ रुपये का जीएमवी हासिल किया, एक प्रमुख डिजिटल सार्वजनिक खरीद मंच के रूप में उभरा

गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जेम) ने कुल मिलाकर 18.4 लाख करोड़ रुपये का सकल व्यापार मूल्य (जीएमवी) हासिल किया है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 लाख करोड़ रुपये जीएमवी का आंकड़ा पार करना भी शामिल है। यह प्लेटफॉर्म एक पारदर्शी, कुशल और समावेशी डिजिटल सार्वजनिक खरीद प्रणाली के रूप में लगातार विकसित हो रहा है, जो भारत की सार्वजनिक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में योगदान दे रहा है।

यह उपलब्धि सरकारी संस्थाओं में बड़े पैमाने पर खरीद प्रक्रिया को सक्षम बनाने वाले सार्वजनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में जेम की बढ़ती भूमिका को दशार्ती है। यह प्लेटफॉर्म खरीद संबंधी निर्णयों को सुगम बनाता है, विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमों को सरकारी मांग से जोड़ता है और सार्वजनिक व्यय में आर्थिक समावेशन, स्थिरता और पारदर्शिता को बढ़ावा देता है।

मीडिया को संबोधित करते हुए, गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मिहिर कुमार ने कहा कि 18.4 लाख करोड़ रुपये के संचयी जीएमवी को पार करना एक पारदर्शी और प्रौद्योगिकी-संचालित खरीद प्रणाली में खरीदारों, विक्रेताओं और संस्थानों के विश्वास को दशार्ता है।

जेम ने सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों (एमएसई), महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमों और स्टार्टअप उद्यमों के लिए पहुंच बढ़ाने हेतु समावेशी दृष्टिकोण अपनाया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, कुल ऑर्डरों में से 68 प्रतिशत एमएसई द्वारा निष्पादित किए गए, जो कुल सकल बाजार मूल्य (जीएमवी) का 47.1 प्रतिशत था।

इस प्लेटफॉर्म पर 11 लाख से अधिक लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसई) पंजीकृत हैं और वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान इन्हें 2.36 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 51 लाख से अधिक ऑर्डर प्राप्त हुए हैं, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दशार्ते हैं।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर बहल में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान शुरू

## मैडिटेशन और प्राणायाम से तनावमुक्त जीवन का संदेश, निःशुल्क शिविर का आयोजन

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल 6 अप्रैल। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बहल की ओर से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह कार्यक्रम 7 अप्रैल से स्वास्थ्य के लिए एकजुट रहें, विज्ञान के साथ खड़े रहें विषय के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत मैडिटेशन और प्राणायाम द्वारा स्वस्थ एवं तनावमुक्त जीवन शैली पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसमें बहल



के सांगवान हॉस्पिटल के आयुर्वेद व प्राणायाम विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र सांगवान प्रतिदिन अपनी सेवाएं देंगे। यह कार्यक्रम रामलीला मैदान स्थित कृष्ण वाटिका के सामने ब्रह्माकुमारीज प्रांगण में रोजाना सुबह 6:00 बजे से 6:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी आयु वर्ग के लोग भाग लेकर लाभ उठा सकते हैं।

कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग और बहल केंद्र की संचालिका बीके शकुंतला दीदी के सान्निध्य में आयोजित किया जा रहा है और यह पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है।

# सक्षम युवा योजना: शिक्षित युवाओं को हर माह 6000 रुपये तक का आर्थिक सहारा

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली 06 अप्रैल (सुरेश जोरासिया) रोजगार विभाग, हरियाणा द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए सक्षम युवा योजना चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं को आर्थिक सहायता के साथ-साथ कार्य अनुभव प्रदान करना है। इस योजना के तहत 10+2, स्नातक और स्नातकोत्तर योग्यताधारी बेरोजगार युवाओं को प्रतिमाह भत्ता एवं मानदेय दिया जाता है।

योजना के अनुसार 10+2 पास युवाओं को 1200 रुपये, स्नातक को 2000 रुपये तथा स्नातकोत्तर युवाओं को 3500 रुपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ता दिया जाता है। इसके अतिरिक्त कार्य के आधार पर अभ्यर्थियों को अधिकतम 6000 रुपये प्रतिमाह तक का मानदेय भी प्रदान किया जाता है, जिससे वे सरकारी या अर्धसरकारी कार्यालयों में कार्य करते हुए अनुभव प्राप्त कर सकें। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है।

**योजना के लिए पात्रता एवं शर्ते**

इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है और उसका नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता हरियाणा, यूटी चंडीगढ़ या दिल्ली के मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्वविद्यालय से होनी चाहिए। आयु सीमा 10+2 के लिए 18 से 35 वर्ष तथा स्नातक/स्नातकोत्तर के लिए 21 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके साथ ही अभ्यर्थी किसी भी सरकारी या निजी नौकरी में कार्यरत नहीं होना चाहिए और उसकी पारिवारिक वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा, परिवार में किसी सदस्य के डिफॉल्टर होने, बिजली बिल बकाया होने या अन्य सरकारी देनदारियों की स्थिति में योजना का लाभ प्रभावित हो सकता है।

**ऐसे करें ऑनलाइन आवेदन**

जिला रोजगार अधिकारी डा कविता ग्रेवाल ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी इस योजना के लिए आधिकारिक पोर्टल https://hreyahs.gov.in पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन के बाद उन्हें रोजगार कार्यालय में सत्यापन कराना होगा।

# पंजाब सरकार ने चार जिलों के डिप्टी कमिश्नर समेत 13 आई.ए.एस. अधिकारियों का ट्रांसफर किया

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

चंडीगढ़, 6 अप्रैल : पंजाब सरकार ने सोमवार को चार जिलों के डिप्टी कमिश्नर समेत 13 आई.ए.एस. अधिकारियों का ट्रांसफर कर दिया। ये आदेश तुरंत लागू हो गए हैं। हिमांशु अग्रवाल को पटियाला का नया डिप्टी कमिश्नर बनाया गया है, जबकि अमित कुमार पंचाल को श्री मुक्तसर साहिब का नया डिप्टी कमिश्नर बनाया गया है। वरजीत वालिया अब जालंधर के नए डिप्टी कमिश्नर होंगे। आकाश बांसल को कपूरथला का नया डिप्टी कमिश्नर बनाया गया है। विकास प्रताप को टेक्निकल एजुकेशन का एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, सुमेर सिंह गुर्जर को डिफेंस सर्विसेज वेलफेयर का प्रिंसिपल सेक्रेटरी, जसप्रीत सिंह को इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स का डायरेक्टर और अभिजीत कपलिश को माइंस एंड जियोलॉजी का डायरेक्टर बनाया गया है।कवलप्रीत बराड़ को फरीदकोट डिवीजन के साथ-साथ हेल्थ सेक्रेटरी का एडिशनल चार्ज और बबीता को फिरोजपुर डिवीजन कमिश्नर के साथ-साथ एग्रीकल्चर कमिश्नर का एडिशनल चार्ज दिया गया है। हरप्रीत सिंह सूदन अब स्पोर्ट्स डायरेक्टर के साथ-साथ पीएसआईईसी के मैनेजिंग डायरेक्टर का भी काम संभालेंगे, जबकि जसबीर सिंह-क्कको जनरल एडमिनिस्ट्रेशन में एडिशनल सेक्रेटरी और तेजदीप सिंह सैनी को जालंधर का एडिशनल डिप्टी कमिश्नर (अर्बन डेवलपमेंट) बनाया गया है। ऑर्डर के मुताबिक, पुनीत गोयल को ट्रेडर्स कमीशन का एडिशनल चार्ज दिया गया है।

# किसानों की हालत दयनीय, सरकार की नीतियां पूरी तरह विफल : राकेश ओबरा

## मंडियों की अव्यवस्था और खराब खरीद नीति पर उठाए सवाल, मुआवजे की मांग

**समाज जागरण, जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 6 अप्रैल। पूर्व विधायक चंद्रभान ओबरा के पड़पौत्र एवं एडवोकेट राकेश ओबरा ने प्रेस बयान जारी कर प्रदेश में किसानों की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताते हुए सरकार की नीतियों को किसान विरोधी बताया है।

उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, वहीं सरकार की खराब खरीद नीति किसानों की परेशानियों को और बढ़ा रही है। ऐसे में सरकार को मंडियों में बेहतर खरीद व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए और फसल नुकसान का उचित मुआवजा समय पर देना चाहिए।



राकेश ओबरा ने मंडियों में फैली अव्यवस्था के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि आज हरियाणा का किसान अपनी मेहनत की फसल बेचने के लिए कई तरह की दिक्कतों का सामना कर रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि फसल खरीद से जुड़े पोर्टल में तकनीकी खामियां, ट्रैक्टर नंबर और बायोमेट्रिक प्रणाली किसानों के लिए बड़ी परेशानी बन चुकी है। साथ ही उन्होंने पोल्ट्री फार्म से जुड़े किसानों की समस्याओं को भी उठाते हुए कहा कि यह वर्ग भी आर्थिक संकट से जूझ रहा है और सरकार की उपेक्षा का शिकार हो रहा है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाए, ताकि उन्हें राहत मिल सके

# वर्षो की सैन्य सेवा के बाद वीर सपूत सतवीर सैन का कालांवाली में ऐतिहासिक स्वागत

**समाज जागरण**

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) कालांवाली ने उस समय गर्व और भावनाओं से भरा दृश्य देखा, जब क्षेत्र के वीर सपूत सतवीर सैन भारतीय सेना में 22 वर्षों की निष्कलंक सेवा पूरी कर अपने घर लौटे। रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़, ढोल-नगाड़ों की गूंज, फूल-मालाओं की वर्षा और देशभक्ति के नारों ने माहौल को उत्सव में बदल दिया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो कोई विजेता अपने रणक्षेत्र से लौटा हो। स्टेशन से उनके घर तक स्वागत जुलूस निकाला गया, जिसमें परिजन, मित्र, ग्रामीण, व्यापारी और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। हर चेहरा गर्व से दमक रहा था। लोगों ने उन्हें कंधों पर उठाकर सम्मान दिया और मिठाइयों से खुशियां साझा कीं। यह केवल एक सैनिक की वापसी नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के आत्मसम्मान और देशभक्ति का उत्सव बन गया।

मीडिया से बातचीत में सतवीर सैन ने सेना के अनुभवों को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। उन्होंने कहा कि वर्दी केवल कपड़ा नहीं, बल्कि जिम्मेदारी, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक है। युवाओं को संदेश देते हुए उन्होंने आग्रह किया कि वे देश सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें और सेना में भर्ती होकर राष्ट्र की रक्षा में योगदान दें।



अपनी सेवा के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण अभियानों में भाग लिया। विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदुर का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि उस समय उनकी टीम की प्राथमिकता दुश्मन के ड्रोन को सीमा से पहले ही निष्क्रिय करना था। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों में टीमवर्क, साहस और त्वरित निर्णय ही सफलता की कुंजी होते हैं।

घर पहुंचने पर परिवारजनों ने पारंपरिक तरीके से उनका अभिनंदन किया। बुजुर्गों का आशीर्वाद, बच्चों का उत्साह और युवाओं की प्रेरणा—हर आयु वर्ग के लोग इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। क्षेत्रवासियों ने कहा कि सतवीर सैन ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे कालांवाली का नाम रोशन किया है।

रिटायरमेंट के बाद भी सतवीर सैन समाज सेवा और युवाओं को मार्गदर्शन देने के लिए सक्रिय रहने का संकल्प ले चुके हैं। उनका मानना है कि सेना में सीखे अनुशासन और सेवा भाव को समाज के विकास में लगाया जाना चाहिए।

यह स्वागत समारोह इस बात का प्रमाण बना कि देश के सच्चे रक्षकों के प्रति लोगों के मन में कितना सम्मान है। सतवीर सैन की घर वापसी ने कालांवाली को गर्व, प्रेरणा और देशभक्ति से भर दिया।

# जैतो के पास आई.जी. फरीदकोट रेंज और एस.एस.पी. नेतृत्व में भारी मात्रा में बरामद ड्रग्स को किया नष्ट

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 6 अप्रैल : पंजाब से ड्रग्स को खत्म करने के लिए पंजाब सरकार ने ड्रग्स के खिलाफ जंग के नाम से एक कैंपेन शुरू किया है। जिसके तहत डीआईजी पंजाब श्री गौरव यादव के निदेशों के अनुसार, पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे पंजाब में ड्रग तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। यह बात फरीदकोट रेंज की आईजी श्रीमती नीलांबरी जगदाले ने सेडा सिंह वाला, सेल लिमिटेड पावर प्लॉट में अलग-अलग मामलों में बरामद किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट करने के बाद कही। इस मौके पर फरीदकोट रेंज की आईजी नीलांबरी जगदाले ने जानकारी देते हुए बताया कि आज



फरीदकोट पुलिस ने पिछले दिनों बरामद 13.7 kg से ज्यादा हेरोइन, 59 kg अफीम, करीब 5000 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 510 ग्राम आइस ड्रग को नष्ट किया है, जो एनडीपीएस एक्ट के 32 मामलों से जुड़े हैं, जिन्हें आज पूरी पारदर्शिता के साथ नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा ड्रग्स के खिलाफ शुरू की गई मुहिम 'ड्रग्स के खिलाफ जंग' में पूरी तरह से असरदार साबित हुई है, जिसके तहत फरीदकोट पुलिस ने पिछले कुछ सालों में एनडीपीएस एक्ट के तहत बड़ी मात्रा में बरामदगी की है। जिसमें आज बरामद ड्रग्स को नष्ट किया गया है। इस बीच, जिला पुलिस कप्तान फरीदकोट डॉ. प्रज्ञा जैन ने फरीदकोट पुलिस की ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई के नतीजे जारी करते हुए कहा कि फरीदकोट पुलिस की ड्रग्स के खिलाफ मुहिम के दौरान मार्च 2025 से अब तक 1199 केस दर्ज किए गए हैं और 1800 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही, पिछले 19 महीनों के दौरान, संबंधित अथॉरिटी से मंजूरी मिलने के बाद ड्रग तस्करों की 09 करोड़ से ज्यादा की प्रॉपर्टी फ्रीज की गई है। इसके साथ ही, ररढ फरीदकोट ने जनता से अपील की कि वे ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें और ड्रग तस्करों या सप्लायरों के बारे में जानकारी शेयर करने के लिए पंजाब सरकार की तरफ से जारी सेफ पंजाब एंटी-ड्रग हेल्पलाइन नंबर 97791-00200 का इस्तेमाल करें। आपकी पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी। हाई लेवल ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने 01 केस में ड्रग्स का डिस्पोजल किया है। सीरियल नंबर नष्ट किए गए नशीले पदार्थ मात्रा हेरोइन 11 किलो 880 ग्राम, जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा 31 मामलों में नष्ट किए गए नशीले पदार्थ, मात्रा हेरोइन 01 kg 829 ग्राम 155 एमजी,पोस्त की भूसी 59 kg 400 ग्राम, नशीली गोलियां 351, कैप्सूल 4780, आइस ड्रग 510 ग्राम।

# नवी मुंबई वस्त्र अपशिष्ट को लोगों और पर्यावरण के लिए एक अवसर बना रहा है

नवी मुंबई की टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी, चक्रीय प्रणालियों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से वस्त्र अपशिष्ट को अवसरों में बदलने का काम कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 के अंतर्गत यह पहल न केवल लैंडफिल कचरे को कम कर रही है, बल्कि रोजगार के नए रास्ते भी खोल रही है और शहरी भारत के लिए एक प्रभावी व विस्तार योग्य मॉडल पेश कर रही है।

भारत में हर साल लगभग 78 लाख मीट्रिक टन वस्त्र अपशिष्ट उत्पन्न होता है, जो घरों, संस्थानों और उद्योगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले वस्त्रों की व्यापकता और विविधता को स्पष्ट रूप से दशार्ता है। साड़ियों और वर्दी से लेकर डेनिम और घरेलू लिनेन तक, कपड़े शहरी कचरे के प्रवाह का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिसे अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। शहरों में वस्त्रों की रिकवरी, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए सुनियोजित प्रणालियां विकसित करने की आवश्यकता को तेजी से महसूस की जा रही है। चक्रीय अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण और संसाधन दक्षता पर बढ़ते ध्यान के साथ, नगरपालिकाएं ऐसे नवीन समाधानों की खोज कर रही हैं जो वस्त्रों को लैंडफिल में जाने से रोकते हैं।

स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 के तहत, नवी मुंबई नगर निगम (एनएमएमसी) इस मामले में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बनकर उभरा है। व्यवस्थित उपायों के माध्यम से वस्त्र अपशिष्ट की समस्या से निपटने के अवसर को पहचानते हुए, एनएमएमसी ने नवी मुंबई के बेलापुर में भारत की पहली नगर निगम टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी (टीआरएफ) स्थापित की। विकेंद्रीकृत संग्रहण, वैज्ञानिक छंटाई, पता लगाने की क्षमता और महिलाओं के नेतृत्व में आजीविका सृजन को एकीकृत करके, टीआरएफ वस्त्र अपशिष्ट को एक उपेक्षित धारा से शहरी चक्रीय अर्थव्यवस्था के एक मूल्यवान घटक के रूप में पुनर्स्थापित करता है। नवी मुंबई की टेक्सटाइल रिकवरी फैसिलिटी (टीआरएफ) की परिकल्पना, एक स्वतंत्र संग्रह केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि एक व्यापक चक्रीय इकोसिस्टम के रूप में की गई है जो संग्रह, छंटाई, प्रौद्योगिकी और आजीविका सृजन को जोड़ता है।

इस मॉडल की शुरूआत विकेंद्रीकृत संग्रहण प्रणाली से होती है, जिसके तहत सभी 8 नगर निगम वार्डों में स्थित हाउसिंग सोसाइटियों में ब्रांडेड कपड़े के कूड़ेदान लगाए गए हैं। अब तक 140 कूड़ेदान स्थापित किए जा चुके हैं और 250 कूड़ेदान लगाने का लक्ष्य है जिससे जमीनी स्तर पर सुलभता और नागरिक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

बेलापुर के एक पुराने शहरी स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित अंतरिम टीआरएफ में, वैज्ञानिक छंटाई और अनुरेखण क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। एकत्रित वस्त्रों का वजन किया जाता है, उन पर टैग लगाए जाते हैं और उन्हें व्यवस्थित रूप से पुनः प्रयोज्य, पुनर्चक्रण योग्य, अपसाइक्लिंग योग्य, डाउनसाइक्लिंग योग्य और अस्वीकृत श्रेणियों में वर्गीकृत किया जाता है। कोशा हैंडहेल्ड स्कैनर के एकीकरण से कपास, पॉलीकॉटन, पॉलिएस्टर, ऊन और रेशम सहित रेशों की तत्काल पहचान संभव हो पाती है, जिससे वैज्ञानिक वर्गीकरण को मजबूती मिलती है और सामग्री की पुनर्प्राप्ति को अनुकूलित किया जाता है।

दाता से अंतिम उत्पाद तक वस्तु की यात्रा को ट्रैक करने के लिए एक विशेष एमआईएस प्लेटफॉर्म विकसित करता है, जो डिजिटल निगरानी, पारदर्शिता, जवाबदेही और डेटा-आधारित निर्णय प्रक्रिया को बढ़ावा देता है। पहचान के बाद, आगे की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए वस्त्रों को कपड़े के प्रकार, रंग और स्थिति के आधार पर अलग किया जाता है। छांटे गए पदार्थों को पुनः उपयोग में लाने से पहले स्वच्छता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अच्छी तरह से कीटाणुरहित किया जाता है।

उपयुक्त कपड़ों को स्वयं-सहायता समूहों की कुशल महिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित बैग, चटाई, सहायक उपकरण, परिधान और घरेलू सजावट की वस्तुओं में परिवर्तित किया जाता है। इन पुनर्निर्मित उत्पादों को बाद में प्रदर्शनियों में प्रदर्शित और बेचा जाता है। इससे उन सामग्रियों को नया जीवन और अर्थ मिलता है, जिन्हें कभी बेकार समझा जाता था।

300 से अधिक महिलाओं ने फाइबर की पहचान, पृथक्करण प्रोटोकॉल, मरम्मत तकनीक और अपसाइक्लिंग कौशल को कवर करने वाले 8 दिवसीय प्रशिक्षक प्रशिक्षण (टीओटी) मॉड्यूल में भाग लिया है। 150 से अधिक महिलाएं अब कपड़ा छंटाई, सिलाई और उत्पाद रूपांतरण के माध्यम से प्रति माह 9,000 रुपए से 15,000 रुपए के बीच से कमा रही हैं।

इस पहल ने एक क्रांतिकारी बदलाव लाया है। इसने गृहिणियों को कुशल चक्रीय अर्थव्यवस्था के प्रणेता के रूप में उभरने में सक्षम बनाया है। यह संयंत्र एक समर्पित अपसाइक्लिंग केंद्र के रूप में कार्य करता है जहां स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्य पुराने वस्त्रों से बैग, कपड़े, पाउच और घरेलू सजावट के उत्पाद बनाते हैं। वस्त्र पुनर्चक्रण एक सुनियोजित आजीविका का साधन बनकर उभरा है जो हरित रोजगार सृजित करता है, स्थानीय उद्यम को मजबूत करता है और शहरी स्थिरता के ढांचे के भीतर श्रम की गरिमा को सुदृढ़ करता है।

# डी.आर.एम.संजीव कुमार ने मंडल रेल ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विशेष उपलब्धियां व परिचालन उत्कृष्टता की दी जानकारी

**समाज जागरण**

जैतो,6 अप्रैल( रघुनंदन पराशर): मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार ने आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय फिरोजपुर के सभागार में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान फिरोजपुर मंडल की उपलब्धियों और परिचालन उत्कृष्टता को प्रस्तुत किया गया। मीडिया को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने वित्तीय वर्ष का विवरण दिया,जो माल ढुलाई, महत्वपूर्ण अवसंरचना विस्तार और यात्री सुरक्षा व सुविधा में उल्लेखनीय सुधारों से परिभाषित रहा। उन्होंने कहा कि इंजीनियरिंग विभाग में 76.77 किमी ट्रैक का नवीनीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इससे रेल संचालन सुरक्षित, तेज और सुचारु बनता है साथ ही समयपालन में सुधार होता है। अमृतसर-खेमकरण सेक्शन तथा जलंधर-होशियारपुर सेक्शन के कुल 116.2 रूट किलोमीटर सेक्शन में अधिकतम गति को बढ़ाकर 110 किमी/घंटा किया गया। इससे यात्रियों को तेज, समयबद्ध और सुविधाजनक यात्रा अनुभूति मिलेगी।

लुधियाना-जलंधर-पठानकोट सेक्शन में कुल 85.2 किलोमीटर क्षेत्र में सुरक्षा फेंसिंग स्थापित की गई है। इससे अनधिकृत प्रवेश एवं पशुओं की आवाजाही पर रोक लगी है और रेल संचालन अधिक सुरक्षित व निर्बाध हुआ है। मुक्तसर व कोटकपूरा में 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज चालू कमीशनिंग की गई। 87 स्टेशनों पर पैसेंजर लूप लाइनों का अपग्रेडेशन किया गया। जिससे रेल परिचालन की क्षमता में वृद्धि हुई है।डीआरएम संजीव कुमार ने कहा कि फिल्लौर, होशियारपुर, कपूरथला व मोगा में फुट ओवर ब्रिज के गर्डर लॉन्चिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा। संरक्षा विभाग

उच्च स्तरीय सुरक्षा के साथ रेल संचालनःसुरक्षा विभाग का मुख्य उद्देश्य ह्लशून्य सहनशीलताह्व नीति के साथ रेल संचालन करना है।

मंडल में विभिन्न स्थानों पर फ्रंटलाइन स्टाफ की जागरूकता हेतु कुल 69 सेफ्टी सेमिनार एवं शंटिंग मेला (फील्ड डेमोंस्ट्रेशन सत्र) आयोजित किए गए।लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलटों के लिए 47 काउंसलिंग सत्र आयोजित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप की घटनाओं को प्रभावी रूप से समाप्त किया गया।

आपदा प्रबंधन एवं मॉक ड्रिलः30 अक्टूबर 2025 को के साथ संयुक्त मॉक ड्रिल आयोजित की गई। मॉक ड्रिल के बाद समीक्षा कर सुधारात्मक रणनीतियां तैयार की जाती हैं।दिनांक 06.12.2025 को सिविल डिफेंस दिवस मनाया गया, जिसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन एवं जन सुरक्षा में सिविल डिफेंस की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था। निरंतर निगरानी प्रणालीःरात्रि निरीक्षण

मंडल सुरक्षा बैठकें

प्रत्येक माह कर्मचारियों को सम्मानित करने की प्रणाली ने सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कुल 54 कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया है।चिकित्सा विभाग मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का संचालन शुरू किया गया। ऑपरेशन थिएटर में संक्रमण नियंत्रण बेहतर हुआ है तथा सर्जरी की गुणवत्ता व सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

मंडल चिकित्सालय में आर्थोस्कोपी सर्जरी की सुविधा शुरू की गई। यह एक आधुनिक तकनीक है जिसमें छोटे चीरे लगाकर, बिना जोड़ को पूरी तरह खोले, कम दर्द के साथ जल्दी रिकवरी होती है। उन्होंने कहा कि मंडल चिकित्सालय में अब यूएसजी, ब्रोंकोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी एवं एंडोस्कोपी जांचे इन-हाउस की जा रही है।

कुल 1, 76, 536 ओपीडी मरीजों की जांच की गई। कुल 2,466 इंडोर मरीजों की जांच की गई। कुल 408 स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 4,534 व्यक्तियों की जांच की गई। आयुष्मान योजना के तहत 49 मरीज



एवं 38 निजी मरीजों का उपचार किया गया, जिससे अब तक कुल ङ्9,95,081/- का राजस्व अर्जित हुआ। मंडल चिकित्सालय में 430 कर्मचारियों को सीपीआर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

मंडल चिकित्सालय में अब तक कुल 352 सर्जरी सफलतापूर्वक की जा चुकी है।

वाणिज्य विभाग में कुल राजस्वः फिरोजपुर मंडल ने वित्तीय वर्ष में लक्ष्य से अधिक प्रदर्शन करते हुए 3382.65 करोड़ का राजस्व अर्जित किया।यात्रियों की संख्या वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 4.85 करोड़ यात्रियों की बुकिंग की गई। यह आंकड़ा निर्धारित लक्ष्य 4.10 करोड़ यात्रियों की तुलना में 18.22% अधिक है। टिकट जांच से प्राप्त राजस्व के बारे में बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में टिकट जांच से 31.51 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जो निर्धारित लक्ष्य 30.66 करोड़ के मुकाबले 2.77% अधिक है।

नई ट्रेनों का संचालन की जानकारी देते हुए संजीव कुमार ने कहा कि गाड़ी संख्या 14622 (फिरोजपुर कैंट-हजूर साहिब नांदेड़): 13.06.2025 से प्रारंभ। गाड़ी संख्या 14626, (फिरोजपुर-हरिद्वार):18.06.2025 से प्रारंभ। वंदे भारत 26406/05 (श्री माता वैष्णो देवी कटरा-अमृतसर) 11.08.2025 से प्रारंभ।अमृत भारत 14628 (छेहरटा -सहरसा) 22.09.2025 से प्रारंभ।

वंदे भारत 26462/61 (फिरोजपुर कैंट-दिल्ली): 08.11.2025 से प्रारंभ। मंडल रेल की नई पहल में नसराला रेलवे स्टेशन पर गुड्स शेड का विकास किया गया। यहां ऑटोमोबाइल हैंडलिंग टर्मिनल विकसित किया गया। फिरोजपुर मंडल में लॉजिस्टिक्स को सुदृढ़ करने हेतु सुचीपिंड स्थित बीपीसीएल के जीसीटी को चालू किया गया।

- फिरोजपुर मंडल के अंतर्गत नूरमहल रेलवे स्टेशन पर नये गुड्स शेड निर्माण कार्य पूर्ण किया गया।विभिन्न स्टेशनों पर ऐप आधारित टैक्सियों के लिए पार्किंग, कैटरिंग स्टॉल, मल्टी पर्पज स्टॉल, फूड वैन, ऐसी वेटिंग हॉल, प्रधान मंत्री जन औषधि केंद्र, डिजिटल लॉकर कॉन्ट्रेक्ट, पार्सल स्कैनिंग कॉन्ट्रेक्ट इत्यादि की सुविधा प्रदान की गई। कार्मिक विभाग

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान विभिन्न माध्यमों से कुल 3,854 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ प्रदान किया गया।

- रेलवे सैलरी पैकेज (RSP) के अंतर्गत 01 कर्मचारी के परिवार को 1 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की गई।रेलवे भर्ती बोर्ड/रेलवे भर्ती सेल के माध्यम से 132 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। अनुकंपा के आधार पर 34 कर्मचारियों को नियुक्ति प्रदान की गई।परिचालन विभाग में एफबीआई की पहली खाद्यान्न विशेष ट्रेन अजितवाल स्टेशन से अनंतनाग (कश्मीर) के लिए रवाना की गई।कॉनकोर के फिल्लौर टर्मिनल से चेन्नई, कोलकाता एवं हैदराबाद के लिए पहली बार बासमती चावल कंटेनरों में लोड किया गया। अब तक कुल 4 रेक लोड किए जा चुके हैं।

कुल 354 एन एमजी रेकों में ट्रैक्टरों की लोडिंग की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 36.15% अधिक है। विभिन्न वस्तुओं अर्थात आलू (600%), कागज (110%) एवं भूसी (100%) की लोडिंग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।

- मालगाड़ियों की औसत गति में 21% की वृद्धि दर्ज की गई।

मोगा से 10 इंडेंटेड पार्सल ट्रेनों का संचालन किया गया। सिग्नल एवम् दूरसंचार

सिग्नलिंग प्रणाली का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण वेरका स्टेशन पर मैकेनिकल इंटरलॉकिंग के स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली लागू की गई। इससे सिग्नलिंग अधिक सुरक्षित व स्वचालित हुई है और ट्रेन संचालन बेहतर हुआ है।जंडियाला, सुरानस्सी, गोराया, हमीरा एवं टांगरा स्टेशनों पर स्टेशन सिग्निलिंग के डिजिटल केन्द्रीकरण प्रणाली का शुभारंभ किया गया। इस प्रणाली से संचालन आधुनिक, तेज एवं सुरक्षित हुआ है, जिससे ट्रेन संचालन की दक्षता और विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है।

- लेवल क्रॉसिंग सुरक्षा में सुधार

- मंडल में 5 लेवल क्रॉसिंग गेटों को इंटरलॉक किया गया है। 13 स्थानों पर मैकेनिकल बैरियर के स्थान पर इलेक्ट्रिकल लिफ्टिंग बैरियर लगाए गए है। इंटरलॉक होने से गेट बंद होने पर ही ट्रेन को सिग्नल मिलता है, जिससे सुरक्षा बढ़ती है।

उन्होंने कहा कि यात्री सूचना प्रणाली में सुधार हुआ है। मंडल के 73 स्टेशनों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम उपलब्ध कराया गया। यात्रियों को ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान की सही जानकारी मिलती है। कपूरथला, फाजिल्का, फरीदकोट, ढंडारी कलां, फिल्लौर, और मुक्तसर स्टेशनों पर नए कोच इंडिकेशन बोर्ड स्थापित किए गए। इससे यात्रियों को कोच की सही स्थिति की जानकारी मिल जाती है, जिससे चढ़ने-उतरने में सुविधा होती है। कपूरथला, फाजिल्का, फरीदकोट, ढंडारी कलां, फिल्लौर, लुधियाना और मुक्तसर स्टेशनों पर नए ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड स्थापित किए गए। जिससे यात्रियों को ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान और प्लेटफॉर्म की सही जानकारी मिलती है।

यांत्रिक (सी एंड डब्लू )

सभी प्राथमिक एलएचबी कोचों में, एसी कोचों के शौचालय में स्मोक डिटेक्टर तथा ब्रेक वाल्व से जुड़े वीईएसडीए सिस्टम की स्थापना की गई है। फिरोजपुर कैंट रेलवे स्टेशन के यार्ड में कोच वॉशिंग प्लांट स्थापित किया गया है। जिससे ट्रेनों के कोचों की साफ-सफाई बेहतर हुई है और यात्रियों को स्वच्छ और आरामदायक यात्रा अनुभूति मिल रही है। इलेक्ट्रिक (टीआरडी एंड आर एस ओ) बढ़ती हुई इलेक्ट्रिक ट्रेनों को सुचारु रूप से बिजली देने हेतु पाजियां, बाहमनी वाला और रोमाना अलबेल सिंह में ट्रैक्शन पावर सब-स्टेशन शुरू किए गए हैं।

क्रू (लोको पायलट) की ड्राइविंग कौशल को बेहतर बनाने के लिए नया आईटी आधारित प्रशिक्षण सिस्टम शुरू किया गया है।

उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल)6 जून, 2025 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जम्मू और कश्मीर में चेनाब पुल, अंजी खड़ पुल सहित उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना का पूर्ण उद्घाटन किया और वंदे भारत एक्सप्रेस (श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा- श्रीनगर) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की मदद के लिए एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन (ARF) को बहुत कम समय में तैयार किया गया। इस दौरान फिरोजपुर मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ट्रेन संचालन में बेहतरीन काम किया, जिससे उनका मनोबल भी बढ़ा। बाढ़ के समय भी उनकी मेहनत से फिरोजपुर मंडल में रेल सेवा और कनेक्टिविटी पर बहुत कम असर पड़ा। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार जानकारी देते हुए।

# युवाओं के हक की लड़ाई के लिए अब सड़क पर उतरेगी युवा कांग्रेस-यश घनघोरिया

## पंचायत चलो अभियान के तहत विलायत कला में विशाल जनसभा, कटनी के स्थानीय युवाओं को रोजगार न मिलने और पलायन पर भड़के नेता।



समाज जागरण

कटनी।मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का कटनी जिले के विलायत कला ग्राम में प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया।जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल के नेतृत्व में चलाए जा रहे पंचायत चलो अभियान के तहत रविवार को एक विशाल मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस जनसभा में क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं,महिलाओं और बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए मंच से प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकारें युवाओं के भविष्य के साथ केवल छलावा कर रही हैं,उन्होंने कहा आज का युवा उच्च शिक्षित होने के बावजूद हाथ में डिग्री लिए दर-दर भटकने को मजबूर है।कमरतोड़ महंगाई ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है।यू एस ट्रेड डील मोदी ने दबाववश स्वीकार की है।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि युवा कांग्रेस अब चुप नहीं बैठेगी और युवाओं को उनका हक व रोजगार दिलाने के लिए जल्द ही सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव दिव्यांशु अंशु मिश्रा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की केंद्र सरकार की गलत विदेश नीतियों के कारण आज देश कठिन दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल के लिए घंटों कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है और जनता अब इस सरकार से बदलाव चाहती है।श्री मिश्रा ने एलान किया कि आने वाले समय मे 5000 से अधिक कार्यकताओं के साथ वे कटनी मे सड़कों पर उतरेंगे और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने कटनी जिले की औद्योगिक स्थिति और बेरोजगारी के अंतर्विरोधों को प्रमुखता से उठाया।उन्होंने कहा कि कटनी जिला पूरे मध्य प्रदेश को हर क्षेत्र में भारी-भरकम राजस्व देता है, लेकिन इस जिले का दुर्भाग्य है कि यहाँ का मूल निवासी युवा आज भी रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश है।इसराइल ने उद्योगपतियों और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा,कटनी जिले में कई बड़ी कंपनियां और उद्योग स्थापित हैं, लेकिन बेहद अफसोस की बात है कि इन कंपनियों में बिहार,उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात और राजस्थान जैसे बाहरी राज्यों से लाकर लोगों को काम दिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं की इस अनदेखी को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से रोजगार दिलाने के लिए युवा कांग्रेस आर-पार की लड़ाई लड़ेगी।

पंचायत चलो अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस की मजबूत एकजुटता भी देखने को मिली।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ता और कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एक सुर में आगामी दिनों में युवाओं के ज्वलंत मुद्दों को लेकर ब्लॉक और जिला स्तर पर एक बड़े और निर्णायक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने की बात कही। इस दौरान पूर्व विधायक बसंत सिंह,प्रदेश उपाध्यक्ष देवेन्द्र दादु सिंह,संगठन प्रभारी चेतन चौधरी,विधानसभा अध्यक्ष सचिन गर्ग,शैलेश जयसवाल,दीपक यादव,शुभम साहू ,वरिष्ठ नेता संतोष यादव,मुकेश यादव,महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव सौम्या राँधेलिया,सन्दीप सिंह, एनएसयूआई प्रदेश सचिव अजय खटिक,हेमा शर्मा,माया चौधरी,मीनाक्षी बलवी,ब्लॉक अध्यक्ष विकास निगम,आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष ओमकार सिंह ,अवध लाल यादव ,लल्लन सिंह,कमलेश पांडेय ,विजय चौधरी ,कैलाश कोल , श्रीकान्त मिश्रा ,परम कोल ,धनी राम रजक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समर्पण भाव से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस



समाज जागरण

उमरिया। भारतीय जनता पार्टी के भरौली स्थित कार्यालय में आज 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस पूरे समर्पण भाव से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के द्वारा सबसे पहले कार्यालय में भाजपा ध्वज फहराया गया इसके बाद एलईडी के माध्यम से प्रदेश नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथलेश पयासी,पूर्व जिला अध्यक्ष अरविंद बंसल, राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, सुमित गौतम धनुषधारी सिंह, अमित सिंह, महामंत्री दीपक छतवानी,राधेलाल कोल मौजूद रहे।

भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आप सभी निष्ठावान कार्यकताओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।भाजपा राष्ट्रवाद सुशासन एवं अंत्योदय के पवित्र संकल्प के साथ निरंतर देश सेवा में समर्पित रही है और आगे भी राष्ट्रहित में विचार के लिए लक्ष्य लेकर कार्य करेगी। उन्होंने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का विचार हमारा मूल मंत्र है इसी अंतोदय को लेकर भारतीय जनता पार्टी संगठन की लंबी यात्रा के माध्यम से आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित है। उन्होंने कहा की विचार ही हमारा लक्ष्य है और इसी उद्देश्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी केंद्र राज्य की सरकार है और हमारा संगठन नीचे स्तर तक मजबूती से कार्य कर विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है।

इस अवसर पर सह कार्यालय मंत्री नीरज चंदानी, मनीष सिंह, विश्वजीत पांडे,नगर मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, महामंत्री सुजीत सिंह भदौरिया, सुनील खटीक, पार्षद सविता सोंधिया, नम्रता यादव, सोनम सोनी, राकेश दद्वंर्शी, दीपक गुप्ता, लालजी तिवारी, आशीष राय, आशुतोष तिवारी,आयुष पाठक, नितिन बासनी, आशिक बर्मन, राजेश प्रजापति, अमन बर्मन सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वर्गीय गेहलोत की पुण्यतिथि पर नारी शक्ति सम्मान समारोह का हुआ आयोजन।



समाज जागरण

अकोदिया श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुशील कुमार गेहलोत की पूज्य माताजी स्व गौरा बाई गेहलोत की 16 वी पुण्यतिथि पर शनिवार को पुष्पांजलि एवं नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मातृशक्तियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर परिषद अकोदिया अध्यक्ष रचना शर्मा विशेष अतिथि महिला मंडल तहसील अध्यक्ष रेखा खत्री अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा जिला अध्यक्ष ममता अग्रवाल मीनाक्षी चौरासिया नगर अध्यक्ष वर्षा कुशवाह उपस्थित थी कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिंदु सोनी ने की सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वर्गीय गौरा बाई गेहलोत के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि की गई कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रचना शर्मा ने कहा कि प्रतिवर्ष माताजी गौरा बाई गेहलोत की पुण्यतिथि पर डॉक्टर गेहलोत द्वारा सामाजिक कार्य किए जाते हैं उसी के तहत आज नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन कर मातृ शक्तियों का सम्मान किया है उसके लिए उनके प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया इस अवसर पर उपस्थिति मातृ शक्तियों का शाल श्रीफल भेंटकर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल नगर मीडिया प्रभारी संजय शर्मा शरद जैन गोलू गुप्ता मनीषा परमार हनी गुप्ता शीतल सोनी हर्षिता जायसवाल रीना सोनी रीता अग्रवाल प्रेमलता पेजवाल नीलम चौरासिया ममता चौरासिया प्रज्ञा अग्रवाल आरती प्रजापति ममता परमार सरोज गोयल पुष्पा अग्रवाल इंदिरा गोयल सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल उपस्थित थी कार्यक्रम का संचालन सतीश राठौर ने किया एवं आभार डॉक्टर सुशील गेहलोत ने व्यक्त किया।

# आईपीएल शुरू, सट्टा नेटवर्क एक्टिव– कोतमा से संचालित हो रहा खेल

समाज जागरण विजय तिवारी

शहडोल। आईपीएल सीजन शुरू होते ही शहडोल संभाग में क्रिकेट सट्टेबाजी का अवैध नेटवर्क एक बार फिर सक्रिय होता दिखाई दे रहा है। सूत्रों की मानें तो इस बार पूरे नेटवर्क का संचालन अनूपपुर जिले के कोतमा कस्बे से किया जा रहा है, जिसे इस सिंडिकेट का मुख्य केंद्र माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि यह नेटवर्क अनूपपुर, शहडोल, उमरिया सहित आसपास के कई क्षेत्रों में तेजी से पैर पसार चुका है। स्थानीय एजेंटों के माध्यम से सट्टा बुकिंग कराई जा रही है, जिससे कारोबार का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

**पुराना नाम फिर चर्चा में, बढ़े सवाल**

इस पूरे मामले में कोतमा निवासी सुशील का नाम एक बार फिर प्रमुखता से सामने आ रहा है। सूत्रों के अनुसार वह इस बार भी नेटवर्क में अहम भूमिका निभा रहा है।

ज्ञात हो कि करीब 4-5 वर्ष पूर्व भी वह सट्टेबाजी के मामले में पुलिस कार्रवाई का सामना कर चुका है। उस समय अनूपपुर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक की अगुवाई में गठित टीम ने उसे सतना से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद करीब एक महीने बाद उसे जमानत मिली थी।

अब दोबारा उसी नाम का उभरना यह संकेत दे रहा है कि कहीं पुराने नेटवर्क फिर से सक्रिय तो नहीं हो गए हैं।

**कोतमा बना सट्टे का नया कंट्रोल सेंटर**

सूत्रों के अनुसार कोतमा इस अवैध कारोबार का संचालन केंद्र बन चुका है, जहां से पूरे नेटवर्क की निगरानी की जा रही है। आधुनिक तकनीक, मोबाइल एप्स और डिजिटल माध्यमों के जरिए सट्टा संचालित किया जा रहा है, जिससे इस पर नजर रखना और भी कठिन हो गया है।

बताया जा रहा है कि इस नेटवर्क में पुराने खिलाड़ी पर्दे के पीछे रहकर काम कर रहे हैं, जबकि सामने नए चेहरों को आगे किया गया है।

**संरक्षण के दावों ने बढ़ाई गंभीरता**

स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि इस पूरे अवैध कारोबार को प्रभावशाली लोगों का संरक्षण प्राप्त है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन लगातार बढ़ती गतिविधियां इस ओर इशारा जरूर करती हैं कि मामला सामान्य नहीं है।

**प्रशासन के लिए चुनौती, कार्रवाई पर नजर**

आईपीएल के दौरान सट्टा कारोबार अपने चरम पर पहुंच जाता है। ऐसे में इस तरह का संगठित नेटवर्क प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन सकता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस पूरे मामले में क्या रुख अपनाता है और कब तक इस नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई होती है, खासकर तब जब पुराने विवादित नाम फिर सामने आ रहे हैं।

# अमित जोगी के मामले में सुप्रीम कोर्ट में 20 अप्रैल को होगी सुनवाई

समाज जागरण

रायपुर, छत्तीसगढ़। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के दो निर्णयों – दिनांक 25.03.2026 (जिसमें अपील दायर करने की अनुमति दी गई) और 02.04.2026 (जिसमें अपील को स्वीकार किया गया) – दोनों को एक साथ जोड़ते हुए 20.04.2026 को संयुक्त सुनवाई हेतु सूचीबद्ध किया।

इस मामले की सुनवाई माननीय न्यायमूर्ति श्री विक्रम नाथ और माननीय न्यायमूर्ति श्री संजीव मेहता की पीठ द्वारा की गई। अमित अजीत जोगी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्री कपिल सिब्बल, श्री मुकुल रोहतगी, श्री विवेक तन्खा और श्री सिद्धार्थ दवे उपस्थित हुए।उन्होंने माननीय सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि उच्च न्यायालय द्वारा पारित उपरोक्त दोनों निर्णयों में प्राकृतिक न्याय के मौलिक सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया है और सर्वोच्च न्यायालय के 06.11.2025 के स्पष्ट आदेश का उल्लंघन करते हुए श्री अमित जोगी को बिना सुनवाई का कोई अवसर दिए दोनों निर्णय पारित किए गए।

न्यायालय को यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक 02.04.2026 का उच्च न्यायालय का निर्णय, जिसमें पैरा 37 में यह दर्ज है कि यह बिना श्री अमित जोगी को सुने पारित किया गया, आज ही सुबह उच्च न्यायालय की वेबसाइट में अपलोड किया गया। इस संबंध में रजिस्ट्रार (न्यायिक) ने उनके अधिवक्ता को दूरभाष पर सूचित किया था।सर्वोच्च न्यायालय ने श्री अमित जोगी को अंतिम निर्णय के विरुद्ध अपील 20.04.2026 से पहले दायर करने के निर्देश दिए ताकि सभी मामलों की उसी दिन संयुक्त रूप से अंतिम सुनवाई की जा सके।

अमित अजीत जोगी ने आज के सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि उनके साथ हुआ यह गंभीर अन्याय माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अवश्य सुधारा जाएगा।

# युवा नेताओं में छाई मायूसी, लेकिन अनुशासन के चाबुक ने किया खामोश

## भाजयुमो की प्रदेश टीम में शहडोल संभाग खाली हाथ

समाज जागरण विजय तिवारी

शहडोल भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने अपनी 56 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, इसमें 7 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री और 8 मंत्री शामिल हैं। भाजयुमो की सामने आई इस जम्बो टीम के बीच सियासी गलियारों में एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर शहडोल संभाग के अंतर्गत तीन जिलों के दावेदारों के हाथ खाली क्यों हैं? जी... हां भाजयुमो की टीम सामने आने के बाद युवा नेताओं में मायूसी छा गई है। भले ही अनुशासन के डंडा के चलते सार्वजनिक तौर पर कोई कुछ न बोल रहा हो लेकिन दबी जुबान से सभी लिस्ट सामने आने के बाद अपने-अपने आक्रोश को व्यक्त कर रहे हैं। बताया जाता है कि जिले से ऐसे नाम थे, जिन्हें माना जा रहा था कि भाजयुमों की प्रदेश टीम में इनको कोई न कोई पद जरूर मिल सकता है, पर ऐसा नहीं हुआ।

**भाजयुमो की प्रदेश टीम में जगह पाने के दावेदारों की**

बात की जाए तो लगभग आधा दर्जन के करीब ऐसे चेहरे थे जिन्हें माना जा रहा था कि इनमें से कोई प्रदेश टीम में स्थान बनाएंगा, ये नाम ऐसे नहीं थे कि जिनके नाम की सिर्फ चर्चा थी ये ऐसे नाम हैं जिन्होंने युवा मोर्चा में रहते हुए संगठन को बूथ तक मजबूत करने के लिए खून-पसीना एक किया है, पर शायद यहां से लगभग पांच सौ किमी दूर बैठे प्रदेश नेतृत्व को इन युवाओं का संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण नजर नहीं आ रहा है।

**कहीं शक्ति प्रदर्शन तो भारी नहीं पड़ गया**

लगभग साढ़े तीन माह के बाद सामने आई भाजयुमो की प्रदेश की टीम से शहडोल उमरिया एवं अनूपपुर के कई युवा दिग्गज नेताओं के नाम गायब हैं। दिग्गजों के नाम गायब होने से कई सवाल खड़े हुए हैं। एक सवाल राजनीतिक हलकों में बड़ी तेजी के साथ उठ रहा है कि कहीं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के शहडोल संभाग के अंतर्गत तीनों जिलों के दौरे के दौरान युवा नेताओं द्वारा किया गया शक्ति प्रदर्शन तो कहीं उनकी गले की हड्डी तो नहीं बन गया।

**संतुष्ट करने के लिए भी नहीं दिया पद**

भाजपा युवा मोर्चा की 56 सदस्यीय जम्बों टीम में कई पद ऐसे हैं, जिन्हें कार्यकर्ताओं को उपकृत करने के लिए सृजित किया गया है। बावजूद इसके इन पदों पर विंध्य के नौ जिलों सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर एवं उमरिया को सिर्फ एक पद दिया गया है। वह भी 'मन की बात' का प्रभारी मुख्य बाडी के एक भी पद पर पार्टी का कोई पदाधिकारी इन जिलों से नहीं बनाया गया।

**प्रदेश से तारीफ तो मिलती है पद नहीं**

विंध्य का राजनीतिक नेतृत्व सत्ता और संगठन की दृष्टि से हमेशा ही कमजोर रहा है। सत्ता और संगठन में विंध्य को जैसी भागेदारी कांग्रेस के शासन काल में मिली है, वैसी भाजपा के दौर में कभी भी नहीं। भाजपा शासन काल में सत्ता हो या फिर संगठन हमेशा मालवा व अन्य क्षेत्र का दबदबा रहा। विंध्य में नेतृत्व के लिहाज से पार्टी नेताओं में योग्यता की कोई कमी नहीं है, लेकिन युवा मोर्चा कहीं भी उचित महत्व नहीं मिल रहा है। अक्सर हर कार्यक्रम और अभियान में उमरिया शहडोल अनूपपुर को सफलता मिलती है इसको लेकर शहडोल संभाग की तारीफ प्रदेशस्तर पर होती है, पर जब पद देने की बारी आती है तो शहडोल संभाग के हिस्से में मायूसी ही आती है।

इसके साथ ही सबसे बड़ा सवाल यह भी खड़ा हो रहा है कि विंध्य क्षेत्र से उप मुख्यमंत्री, दो मंत्री, दर्जनों विधायक और सांसद होने के बावजूद भाजयुमो की प्रदेश टीम में एक भी मजबूत प्रतिनिधित्व क्यों नहीं मिल पाया। राजनीतिक गलियारों में इसे जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक स्तर पर कमजोर पकड़ और बढ़ती राजनीतिक शून्यता से जोड़कर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि शीर्ष नेतृत्व तक प्रभावी पैरवी और दबाव बनाने में विंध्य के नेता पूरी तरह विफल रहे, जिसके चलते पूरे संभाग के युवा नेताओं को इस बार भी मायूसी हाथ लगी।

# दिखावे की रेत क्रेसर डस्ट से बना दी पाली छात्रावास की बाऊण्डी बाल चोरी छिपाने तत्काल कर दी प्लास्टर

समाज जागरण विजय तिवारी

बिरसिंहपुर पाली --- कन्या छात्रावास की बाउन्ड्री बाल क्रेसर डस्ट से जोडाई का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि लोक निर्माण विभाग ( पी आई यू) के व्दारा कन्या छात्रावास के नव निर्मित भवन में बाऊण्डी बाल बनाने का काम रीवा के किसी ठेकेदार को टेंडर में दिया गया है, जो काम पाली के एक अनाधिकृत ठेकेदार को पेटी कांटेक्ट में कराया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के तय मापदण्डों के अनुरूप यह काम उत्तम किस्म की रेत से कराया जाना था, लेकिन कार्य एजेंसी के व्दारा क्रेसर डस्ट से ही तैयार कर दी गई है। इस बात को जब लोक निर्माण विभाग के समक्ष उठाया गया तो उन्होंने दूरभाष में ही संबंधित कार्य एजेंसी को फटकार लगाते हुए तत्काल कार्य स्थल से डस्ट हटवाने के निर्देश दिए, साथ ही यह भी कहा की जो डस्ट से बाऊण्डी बनायी गयी है उसको गिरा दिया जायेगा। तब तक ठेकेदार अपना काम कर बाऊण्डी बाल की प्लास्टर कर चलते बना। इस तरह मापदंड के विपरीत बनी बाऊण्डी बाल कितनी दिन चलेंगी, कह पाना कठिन हो गया है। ठेकेदार तो अपने तरह से काम कर चलता बना, अब बारी है लोक निर्माण विभाग की वह क्या कदम उठाता है की ठेकेदार के इशारों पर उसे हरी झंडी दे दी जायेगी।

# भाजपा ने किया कार्यालय निर्माण का भूमि पूजन, अनूपपुर चचाईरोड पर बनेगा भव्य कार्यालय

## युवाओं ने ली सदस्यता, प्रत्येक बूथ पर मनाया स्थापना दिवस



समाज जागरण जितेंद्र शर्मा

अनूपपुर- भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनूपपुर जिला कार्यालय निर्माण के लिए चचाई रोड पर आज 6 अप्रैल 2026 को भूमि पूजन का भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल, जिले के प्रभारी मंत्री एवं शहडोल सांसद हिमाद्री सिंह, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता रामलाल रौतेल, जिला प्रभारी संजय साहू, जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, रामदासपुरी आधार वैश्य एवं बृजेश गौतम की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

वर्चुअल माध्यम से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जमवाल ने मार्गदर्शन प्रदान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा का कार्यालय कार्यकताओं की आधारशिला है। यह केवल दफ्तर नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ता के लिए एक मंदिर के समान है।

कार्यक्रम के दौरान कोतमा में हुई दुखद घटना के शोक में भाजपा कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की –**

बैठक के दौरान वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अनूपपुर भाजपा मंडल के लगभग 50 युवा कार्यकताओं ने मंडल अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी के प्रयास से भाजपा की सदस्यता ली। जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम एवं जिला प्रभारी संजय साहू ने उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ाकर पार्टी में स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**प्रत्येक बूथ पर उत्साह से मनाया 47वां स्थापना दिवस –**

भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के नेतृत्व में अनूपपुर जिले के सभी बूथों पर कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम आयोजित किए। विभिन्न मंडलों में विशेष कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

# जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलों एवं बूथ स्तर पर मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

समाज जागरण

शहडोल/ दिनांक 6 अप्रैल सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का 47वाँ स्थापना दिवस राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के साथ ही मध्य प्रदेश के जिला, मंडलों व बूथों पर वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकताओं की उपस्थिति में भारी उत्साह पूर्वक मनाया गया।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में जिले भर में जिला कार्यालय से लेकर बूथ स्तर तक पार्टी कार्यकताओं द्वारा झंडा वंदन किया गया। ह्यअटल निलयह्व जिला कार्यालय में,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक श्रीमती मनीषा सिंह विधायक शरद कोल व सैकड़ो कार्यकताओं की उपस्थिति में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने किया ध्वजारोहण। झंडा वंदन की पश्चात आतिशबाजी एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायकों ने कार्यकताओं को स्थापना दिवस की दी बधाई कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी संस्थापक महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर उनको नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया गया।

तत्पश्चात प्रदेश भाजपा कार्यालय से पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन को एलईडी स्क्रीन के माध्यम से शहडोल पार्टी कार्यालय में सुना गया।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाएगा साथ ही 13 अप्रैल को विशेष स्वच्छता अभियान एवं गांव चलो बस्ती चलो अभियान के तहत



चौपाल कार्यक्रम किए जाएंगे साथी 9 अप्रैल को जिले भर के सक्रिय सदस्यों बैठक भी आहूत की गई है एवं 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिले के प्रत्येक बूथ पर अंबेडकर जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा

स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक श्रीमती मनीषा सिंह विधायक शरद कोल प्रदेश पदाधिकारी शालिनी शरावगी रवि शंकर त्रिपाठी, पूर्व विधायक प्रमिला सिंह जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जगवानी, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, राकेश पांडे, मनोज गुप्ता,, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, सुनैना सिंह, गीता सिंह, कविता सिंह, सौरभ गोले, रवींद्र वर्मा,श्रीकृष्ण गुप्ता, विनय केवट, अमित गुप्ता बंटी, अंकुश शर्मा, अमित बजाज, सुधीर दुबे, सुशील शर्मा धर्मेंद्र सिंह मीनू, आदित्य चपरा, सूर्यकांत निराला, जानू छाबड़ा, गौरव तिवारी, शीला तिवारी, मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी ,मृदुल मिश्रा ,सचिन सेठिया, पिंकू शुक्ला, सत्यभामा गुप्ता, निभा गुप्ता, नीलम चतुवेर्दी, रचना श्रीवास्तव,राखी शर्मा, अंजुला नामदेव, संचिता सरवटे, सहित भारतीय जनता पार्टी के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

उपरोक्त जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने बताया कि पार्टी स्थापना दिवस का कार्यक्रम संपूर्ण जिले में जिला मुख्यालय समेत मंडलों एवं बूथ स्तर पर भारी उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम के तहत सभी के द्वारा अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाया गया और पार्टी के संस्थापक सदस्यों महापुरुषों को याद करते हुए उनके योगदान के लिए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया गया। स्थापना दिवस कार्यक्रम में नवनियुक्त भाजपा प्रदेश पदाधिकारी श्रीमती शालिनी सरावगी एवं रवि शंकर त्रिपाठी जी का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया साथ ही शहडोल जिले के नगर पालिका एवं नगर परिषदों में नगरीय निकाय एवं आवास विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा मनोनीत पार्षदों नियुक्त होने पर भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विधायकों ने शाल श्रीफल भेंट कर मनोनीत पार्षदों का सम्मान किया। स्थापना दिवस कार्यक्रम का सफल मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री अमित मिश्रा द्वारा किया गया एवं आभार भाजपा जिला मंत्री श्री कृष्ण गुप्ता द्वारा किया गया।

# बिजुरी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस, कार्यकताओं ने फहराया पार्टी का ध्वज



समाज जागरण

बिजुरी। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर आज बिजुरी मंडल के विभिन्न बूथों और कार्यालयों में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ पार्टी का ध्वज फहराया और भाजपा की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

**ध्वजारोहण और महापुरुषों का नमन**

कार्यक्रम की शुरूआत मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रिंकू शर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक देवानी मंडल पदाधिकारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण के साथ हुई। उपस्थित कार्यकताओं ने भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों के साथ वातावरण को राष्ट्रभक्ति से सराबोर कर दिया। इसके पश्चात पार्टी के पितृ पुरुषों-पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

**संगठन की मजबूती पर जोर**

इस अवसर पर वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जो अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मंडल पदाधिकारियों ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा आज का दिन हमारे उन लाखों कार्यकताओं के त्याग और तपस्या को याद करने का है जिन्होंने शून्य से शिखर तक पार्टी को पहुँचाया है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना है।

**बूथ स्तर पर मना उत्सव**

स्थापना दिवस का यह कार्यक्रम केवल मंडल मुख्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बिजुरी मंडल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न मतदान केंद्रों (बूथों) पर भी बूथ अध्यक्षों के नेतृत्व में झंडा फहराया गया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकताओं का सम्मान भी किया गया।

**यह रहे प्रमुख उपस्थिति**

कार्यक्रम में मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी, पार्षदगण, मोर्चा के अध्यक्ष, और भारी संख्या में निष्ठावान कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोनभद्र के डॉ. बृजेश महादेव को मिला "ग्लोबल डायमंड आइकन अवार्ड"

- 15 देशों के 200 विशिष्ट प्रतिभाओं को किया गया है सम्मानित
- राजस्थान प्रांत के जयपुर में मिला है यह सम्मान

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी, समाज जागरण**



सोनभद्र। जिले के चोपन ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भरहरी के नवाचारी शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ. बृजेश कुमार सिंह "महादेव" को भव्या फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मैत्री सम्मेलन में ग्लोबल डायमंड आइकन अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया। यह भव्य समारोह जयपुर स्थित सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी के कालिंदी ऑडिटोरियम में 5 अप्रैल को आयोजित हुआ, जिसमें 15 देशों सहित लगभग 200 विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। डॉ. बृजेश महादेव वर्तमान में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी, नगवां (सोनभद्र) में वरिष्ठ शिक्षक एवं ब्लॉक स्काउट मास्टर के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें यह सम्मान शिक्षा, साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके दीर्घकालीन योगदान और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया।

डॉ. महादेव इससे पूर्व भी एशियन एजुकेशन अवॉर्ड, नेशनल बिल्डर्स अवॉर्ड एवं राज्य आईसीटी अवॉर्ड जैसे प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं।

वे एक प्रख्यात शिक्षाविद्, समाजसेवी एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान केवल कक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि संस्थागत विकास, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण उत्थान तक विस्तृत है।

उनके द्वारा एक दर्जन से अधिक पुस्तकों का लेखन एवं प्रकाशन किया जा चुका है। डॉ बृजेश महादेव सर्च लुक शोध पत्रिका, साहित्य सरोवर ई-पत्रिका एवं बैसवार दर्पण सामाजिक पत्रिका का संपादन भी कर रहे हैं।

**डॉ. महादेव का मानना है कि**
शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। वे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, सोनभद्र के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु हरियाली आंदोलन का संचालन भी कर रहे हैं। उनका संदेश स्पष्ट है—जहाँ है हरियाली, वहाँ है खुशहाली।

इस अवसर पर भव्या फाउंडेशन के संस्थापक शैलेन्द्र माथुर एवं निदेशक डॉ. निशा माथुर द्वारा सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देश के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। जनपद सोनभद्र का मान बढ़ाने पर डॉ. बृजेश महादेव को शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# प्राचीन हनुमान मंदिर में तोड़.फोड़.कर किया आग के हवाले, इलाके में मचा हड़कंप

★ ग्रामप्रधान तथा ग्रामीणों के सक्रियता से मामले में संलिप्त दो लोगों को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले
★ अब तक मंदिरों में तीसरी घटना से ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**






सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा पुलिस चौकी अन्तर्गत मारकुंडी ग्राम पंचायत स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में बीती रात्रि रविवार को चोरों ने सर्वप्रथम पुजारी का कमरा का ताला तोड़कर खंगाला इसके पश्चात मंदिर के पिछले हिस्से का रोशनदान को तोड़ने का भरपूर प्रयास किया लेकिन सफलता न मिलने पर चोरों ने पुनः मंदिर का मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर मंदिर का पूजा-अर्चना का सम्पूर्ण सामान चढ़ावा नारियल लेने के पश्चात प्राचीन हनुमान मंदिर के सभी चुनरी झंडा आदि वस्त्रों को प्राचीन हनुमान जी के मूर्ति पर रख कर आग के हवाले कर मौके से फरार हो गये। सुबह 5 बजे के लगभग प्रतिदिन की भांति दर्शन-पूजन करने वाले गांव के नवयुवक, पुजारी लोग आये तो मंदिर का नजारा देखकर अचंभित हो गये मानो उनके पैर के नीचे से जमीन ही खिसक गई हो। जैसे ही इसकी जानकारी ग्राम प्रधान उधम सिंह यादव को हुई तो वे तत्काल इसकी सूचना गुरमा चौकी प्रभारी अतुल पटेल को दी।सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी तत्काल अपने हमराहियों समेत मौका स्थल पर पहुंच यथास्थिति से अवगत होते हुए संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर, मंदिर के चारो तरफ छानबीन करते नवयुवकों के साथ अगोरी स्टेशन रेलवे लाईन की तरफ गये तो देखा कि दो संदिग्ध व्यक्ति परदेशी पुत्र थन्नू डगमगपुर चुनार व सुरेश पुत्र अज्ञात रेलवे लाईन पर बैठ कर नारियल छिल रहे थे तथा ट्रेन से भागने के फिराक में थे। इसी दौरान दोनों को पकड़.कर पूछताछ किया तो दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया और दोनों चोरों को ग्रामप्रधान उधम सिंह यादव के नेतृत्व में चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। जो इस क्षेत्र में बहुत बड़ी घटना का पदार्फाश हो गया।

बताते हैं कि मारकुंडी क्षेत्र में अब तक मंदिरों में इस प्रकार की तीसरी घटना घटित हो चुकी है। इससे ग्रामीणों, श्रद्धालुओं में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए सुनसान एवं एकांत इलाकों में पुलिस गस्त व्यवस्था बढाये़ जाने की मांग की है।

इस मौके पर मुख्य रुप से चिरंजीव यादव, प्रतीक यादव, संजय विश्वकर्मा, रामबाबू यादव, अमित यादव, पुजारी बृजभूषण यादव, राजकुमार मिश्रा, प्रसन्न कुमार मिश्रा"रामू", रामसेवक यादव, त्रिलोकी यादव, अमरनाथ पनिका, मसालू गिरी इत्यादि लोग मौजूद रहे।

# पीसीएस आनंद राज सिंह का माता-पिता के साथ हुआ भव्य स्वागत

## नियमित पढ़ाई ही लक्ष्य हासिल करने का है मूलमंत्रः आनंद राज सिंह

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। अपने मातृ शैक्षणिक संस्थान संत कीनाराम सीनियर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल लोढी राबर्टगंज सोनभद्र में सोमवार को आनंद राज सिंह का भव्य स्वागत समारोह आयोजित हुआ। यूपी पीसीएस में 22वां रैंक हासिल




करने के उपरान्त आनंद राज का अपने गृह जनपद में जैसे ही आने की खबर लगी । विद्यालय, महाविद्यालय परिवार ने दिल खोलकर अपने होनहार लाल का सम्मान किया। इस पुनीत अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने गुरूजनों के दिशानिर्देश में आनंद राज के शैक्षणिक संस्थान संत कीनाराम पब्लिक स्कूल राबर्टगंज को फूल, माला, गुब्बारा, पोस्टर, बैनर से दुल्हन की तरह सजाकर स्वागत हेतु आकुल व्याकुल रहे। आनंद राज का जैसे ही अपने माता- पिता के साथ परिसर मे आगमन हुआ छात्र -छात्राओं ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह ने आनंद राज सिंह के साथ उनके माता पिता का भी अंग वस्त्र, माला, फूल और सन्त कीनाराम महाराज की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया।

आनंद राज सिंह ने कहा कि संत कीनाराम महाराज मेरे साथ रहे हैं। उनका ही आशीष है कि मैं आज सफल होकर आप सबके बीच में आया हूं। मैं दावे के साथ अब कह सकता हूं कि यह विद्यालय जितना कम शुल्क में शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। यह एक उदाहरण है। इससे बेहतर संसाधन और शैक्षणिक संस्थान अन्यत्र दुर्लभ है। मेरे रग रग में इस संस्था का अनुशासन और ज्ञान दौड़ रहा है । विद्यालय के प्राचार्य डॉ गोपाल सिंह मेरे गुरू ही नही अभिभावक भी हैं। कभी भी इन्होने पठन पाठन और अनुशासन से समझौता नही किया। सर्वदा इन्होने समस्त छात्र छात्राओ को विद्यार्थी नही अपितु पुत्र पुत्री का स्नेह, प्यार दुलार आशीष दिया है। जिसका जीवन्त उदाहरण मैं स्वयं हूं। आनंद राज ने कहा कि यहां के शिक्षक सचमुच एक सकारात्मक पारिवारिक परिवेश में शिक्षक की भूमिका अदा करते हैं। मेरी आदि से अंत तक पूरी शिक्षा केवल और केवल संत कीनाराम संस्थान से ही हुई है । छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास का यह पूर्वांचल का बडा शैक्षणिक संस्थान है । हमें गर्व महसूस हो रहा है कि हमारे माता पिता ने इस संस्थान की गुणवत्ता भांप कर इस संस्थान से शिक्षा लेने का पुनीत अवसर मुझे प्रदान किया। मै विद्यालय, महाविद्यालय परिवार के लिए आभार व्यक्त करता हूं। छात्र-छात्राओं से निवेदन है कि अध्ययन काल में एकाग्र मन से पढाई करें। सफलतापूर्वक की गयी पढाई सफलता ही देती है। नियमित रूप से 8 से 10 घंटे की पढ़ाई आपको आपका लक्ष्य हासिल करने का मूल मंत्र है। स्थायी सफलता कभी भी शार्टकट नही होती है । त्याग, तपस्या ही सफलता का मूल कारण है। समुचित अध्ययन समुचित मार्ग प्रशस्त करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर गोपाल सिंह ने कहा कि मेरा हमेंशा से यहीं प्रयास रहा है कि छात्र- छात्राओं का सर्वांगीण विकास हो यह उद्देश्य दिन प्रतिदिन सफल हो भी रहा है।

इस अवसर पर सन्त कीनाराम सीनियर सेकण्डरी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य मनुश्री, निदेशक अंकित सिंह सहित समस्त छात्र- छात्राएं, शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। कार्यक्रम के दौरान राजस्व प्रकरणों एवं अन्य पुलिस संबंधी मामलों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों की गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक जांच की जाए तथा पीड़ितों को की गई कार्यवाही से समय पर अवगत कराया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही, विलंब या उत्पीड़न पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। जिन मामलों में त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है, उनमें तत्काल विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई कार्यक्रम पुलिस और जनता के मध्य विश्वास, संवाद एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ करने का प्रभावी माध्यम है। आमजन की समस्याओं का त्वरित, निष्पक्ष एवं संतोषजनक समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# करहिया राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय व एएनएम सेंटर में लटक रहा ताला, डॉक्टर/एएनएम नदारद

## ग्रामीणों ने किया जमकर प्रदर्शन, स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ लोगों का फूटा गुस्सा

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




सोनभद्र। दुद्धी तहसील व विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत करहिया में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय और चिकित्सा उपकेन्द्र / एएनएम सेंटर में वर्षो से लटक रहा है ताला और वहीं डॉक्टर व एएनएम नदारत है। बतातें चलें कि जनपद का सबसे पिछड़ा व आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र दुद्धी तहसील व विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत करहिया का मामला सामने आया है जहाँ एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री आदिवासियों के लिए तरह तरह की योजनाएं व स्वास्थ्य सेवाएं दे रही है वहीं राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में नियुक्त होम्योपैथिक चिकित्सक मिली जानकारी के अनुसार घर बैठे बैठे वेतन उठा रहे हैं और जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि न तो उप केन्द्र पर एएनएम हैं और न ही होम्योपैथिक चिकित्सक व अन्य स्टॉफ जिससे लोगों को ईलाज व टिकाकरण में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बतातें चलें कि उक्त स्वास्थ्य केंद्र अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा है और केन्द्र पर गंदगी और घासफूस लगा हुआ जिससे देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जिसके क्रम में सोमवार को सुबह 11.22 बजे समाजसेवी कुंदन यादव की अगुवाई में जोरदार प्रदर्शन कर तत्काल गायब होम्योपैथिक चिकित्सक व एएनएम के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग किया है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है एएनएम तो कभी कभार दो तीन महीने में एक दिन तो कुछ समय दिख जाती हैं पर उनकी भी उपस्थिति नहीं के बराबर रहती है, और वहीं होम्योपैथिक चिकित्सक सहित अन्य स्टॉफ वर्षो से घर बैठे वेतन ले रहे है और जनपद के संबंधित अधिकारी मौन हैं। जिसके क्रम में स्थानीय निवासी रामनिहोर ने बताया कि वर्षों से राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय और उपकेन्द्र/एएनएम सेंटर करहिया बंद पड़ा है जिससे स्थानीय लोगों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है जैसे कि राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा व बच्चों / गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण प्रभावित हो रहा है जिससे स्थानीय लोगों के जेब पर भारी पड़ने के साथ साथ बहुमूल्य समय नष्ट हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी व संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराते हुए संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई और डॉक्टर / एएनएम की उपर नकेल कसने की मांग किया है। प्रदर्शन में मुख्य रूप से कुंदन, रामनिहोर, द्वारिका यादव, ब्रह्मदेव, दिनेश, विजय, बाबूलाल, अक्लू आदि शामिल रहे। इस बावत प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी पंकज कुमार राय ने सेल फोन पर बताया कि मामले की जानकारी सीएचसी अधीक्षक दुद्धी से ही लेकर कुछ कह पाना संभव है। बहरहाल उन्होंने मामले को देखवा लेने की बात कही। वहीं जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की गई किन्तु संपर्क नहीं हो सका।

# सीएम डैशबोर्ड के फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में मण्डलायुक्त ने की समीक्षा बैठक

## जन शिकायतों का समयबद्ध व गुणवतापूर्ण निस्तारण किया जाये सुनिश्चित- मण्डालायुक्त/नोडल अधिकारी

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। सीएम डैशबोर्ड के फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं जन शिकायतों के निस्तारण के संबंध में एवं प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मंडल आयुक्त विंध्याचल मंडल एवं नोडल अधिकारी श्री राजेश प्रकाश ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं निर्माण एजेन्सीयों के अधिशासी अभियन्ता के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिये कि माननीय मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि जन शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो अतः सभी अधिकारी इस दिशा में पूर्ण गंभीरता से कार्य करें। बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए साथ ही पाइपलाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत भी जल जीवन मिशन विभाग द्वारा प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए, जिन ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, वहां टैंकर से जलापूर्ति न कर, उसी योजना के माध्यम से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन विद्यालयों में बेंच-डेस्क एवं मरम्मत की आवश्यकता है, उनकी सूची शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए नियमित निगरानी के निर्देश भी दिए गए। लोक निर्माण विभाग एवं संबंधित एजेंसियों को सड़कों के निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा ट्रामा सेंटर से मेडिकल कॉलेज यूनिट तक सड़क निर्माण हेतु शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान उन्होंने बी एवं सी ग्रेड प्राप्त विभागों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में जिलाधिकारी बी0एन सिंह ने कहा कि नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिये गये है सभी अधिकारी निर्देश का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करायेगें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, संयुक्त विकास आयुक्त रमेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, बैठक में अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनपरा नाइट प्रीमियर लीग (ANPL) 2026 एस्मेशर्स, ग्लैडिएटर और टर्मिनेटर ने दर्ज की शानदार जीत

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। अनपरा कॉलोनी स्थित ऑपरेटिंग क्लब के मैदान पर दूधिया रोशनी में खेले जा रहे अनपरा नाइट प्रीमियर लीग (ANPL) 2026 का रोमांच रविवार को अपने चरम पर रहा। क्रिकेट प्रेमियों के भारी उत्साह के बीच खेले गए तीन मुकाबलों में टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। रविवार की शाम का पहला मुकाबला एस्मेशर्स और रेड बुल के बीच खेला गया। रेड बुल की पारी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रेड बुल की टीम ने निर्धारित 11.3 ओवरों में 8 विकेट खोकर 82 रन बनाए। टीम की ओर से बृजेश शर्मा ने आक्रामक रुख अपनाते हुए 17 गेंदों पर 28 रनों की सर्वाधिक पारी खेली। एस्मेशर्स की पारी 83 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एस्मेशर्स की टीम ने शानदार खेल दिखाया। उमेश बिंद के तूफानी 38 रन (20 गेंद) की बदौलत टीम ने 10.3 ओवरों में ही 85 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। दूसरा मुकाबला ग्लैडिएटर और नाइट वॉरियर के बीच रहा। नाइट वॉरियर की पारी नाइट वॉरियर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का निर्णय लिया, लेकिन ग्लैडिएटर की कसी हुई गेंदबाजी के सामने टीम 10.3 ओवर में केवल 60 रन ही बना सकी। शुभम वर्मा ने सर्वाधिक 26 रन (21 गेंद) बनाए। ग्लैडिएटर की पारी लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्लैडिएटर ने महज 8.2 ओवरों में 64 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। रात का अंतिम मैच नाइट राइडर और टर्मिनेटर के बीच हुआ। नाइट राइडर की पारी पहले बल्लेबाजी करते हुए नाइट राइडर ने 12 ओवरों में 76 रनों का लक्ष्य रखा। परमेंद्र कुमार ने 21 गेंदों पर 25 रनों का योगदान दिया। टर्मिनेटर की पारी जवाब में टर्मिनेटर की टीम ने विस्फोटक बल्लेबाजी करते हुए 8.3 ओवर में 80 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैच के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया। रॉबिंस यादव, उमेश बिंद, अशोक कुमार, मैच अधिकारी अंपायर जितेंद्र प्रजापति और नवीन सागर। स्कोरर हरिकेश भारती और रविकांत गोंड। कमेंट्री सुरेंद्र जी (अपनी चिर-परिचित आवाज में दर्शकों का उत्साहवर्धन किया)। प्रतियोगिता के दौरान आयोजन समिति के मुख्य सदस्य और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इनमें मुख्य रूप से इंजीनियर विजय दिनकर, ई. बलराम गोंड, ई. मनीष तिवारी, ई. रवि गुप्ता, महबूब अहमद, ई. शैलेश यादव, ई. प्रवीण कश्यप, प्रशांत उपाध्याय और प्रभाकर सिंह समेत सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

# भाजपा स्थापना वर्ष गांठ पर काव्य संध्या में हुआ राष्ट्र वंदन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। इमिरती कालोनी राबर्ट्सगंज में भाजपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा कमलेश सिंह खांबे के आवास पर उनके आयोजकत्व में सोमवार को भाजपा बर्ष गांठ के उपलक्ष्य में काव्य संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें कवियों ने राष्ट्र वंदन कर एक से बढ़कर एक वीर रस, हास्य, श्रृंगार, ओज राष्ट्र वाद, गीत, गजल, छंद, नज्म सुनाकर वाहवाही लूटते रहे। मुख्य अतिथि पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष डॉक्टर धर्मवीर तिवारी व अन्य भाजपा नेताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर भारत भारती के चित्र पर माल्यार्पण किया। विधिवत कार्यक्रम का आगाज सुशील मिश्रा अध्यक्ष सोन संगीत फाउंडेशन के वाणी वंदना, माई सारद अइली तोहरे दुअरिया, लेतू आ खबरिया हो से वातावरण सृजित हुआ। ओज राष्ट्र वाद की प्रखर कवयित्री कौशल्या कुमारी चौहान ने, देश विरोधी हर ताकत की हस्ती हमें मिटानी है, जिस इंसान का खून न खौला खून नहीं वह पानी है सुनाकर महफि ल में शमां रौशन की और राष्ट्र वंदन कर आयोजन में चार चांद लगाया।

शहीद स्थल करारी प्रमुख प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट ने अपनी कालजयी रचना, वंदेमातरम वंदेमातरम वंदेमातरम बानी, पहिरि केसरिया झूलले फांसी नाहर हिंदुस्तानी सुनाकर वाहवाही लूटी और लोगों में देशभक्ति का जोश भर दिया। अटल जी को समर्पित रचना फूल से भी कोमल पाहन से सख्त थे अंतः करण विशुद्ध था भारत के भक्त थे देते रहे आहुति इस हवन कुंड में शेखर सुभाष बिस्मिल भगत सिंह के रक्त थे सुनाकर श्रद्धांजलि दी।

आयोजन की अध्यक्षता करते हुए शायर अशोक तिवारी एडवोकेट ने अटल जी को समर्पित बेहतरीन रचना, दिल में हिंदोस्तान रखता था पांव जमींन में सर पे आसमान रखता था, अंधेरों के बढते हुए सन्नाटे में, वो एक शख्श था जो मुंह में जुबान रखता था । सुनाकर वाहवाही लूटी सराहे गये। सफल संचालन करते हुए राष्ट्र वाद के प्रहरी प्रभात सिंह चंदेल ने, जय जगत जननी जन्म भू धन्य वीर वसुंधरा,तन प्राण है तुझपर निछावर और यह जीवन मेरा सुनाकर देर तक जय हिंद का उद्घोष कराते रहे। गीतकार धर्मेश चौहान एडवोकेट ने, उन वीर सपूतों को हमारा कोटि कोटि नमन, जिनका जीवन सिर्फ त्याग और बलिदान के लिए सुनाकर आयोजन को गतिज उर्जा दी सराहे गये। सुनील चौचक ने हास्य व्यंग्य की रचना, जेबा कटि गैल थाने में सुनाकर लोगों को खूब हंसाते रहे। बासी भात पर बेना जिनि हौंका, बनल बाप के बिगरल बेटवा एतना मति फौंका, तंज कसकर लोगों को खूब रिझाया।

लोकभाषा कवि दयानंद दयालू ने पर्यावरण पर उजड़ल जाता बाग बगैचा लागै सूना सूना सुनाकर लोगों को सोचने पर विवस कर पर्यावरण के प्रति सचेत किया।

। नवगीतकार दिलीप सिंह दीपक ने, वीर शहीदों को समर्पित रचना बुजुर्गों ने लहू देकर रक्खी है आबरू इसकी तो वहीं विवेक चतुर्वेदी शायर ने समझते हो अगर कमजोर हमको, चलो फिर जंग हो जाये दुबारा सुनाकर भारत माता के विरुद्ध सोंच रखने वालों को ललकारा सराहना पाई। सभी कवियों का सारस्वत अभिनंदन किया गया।

आयोजक कमलेश सिंह खांबे ने आभार व्यक्त करते हुए अनेक शेर ओ शायरी सुनाकर आयोजन को शिर्ष पर पहुंचाया तो वहीं मुख्य अतिथि डा, धर्मवीर तिवारी एडवोकेट पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष ने सभी कवियों की रचना को साधकों की साधना से देश वंदना का पुष्प निरंतर पल्लवित पुष्पित हो इस संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी के वर्ष गांठ पर सबको बधाई देते हुए सम सामयिक चिंतन वक्तव्य देकर आयोजन को विराम दिया गया। इस अवसर पर लालता प्रसाद मिश्र, दिलीप चौबे, ऋषभ, हर्ष, अनीशा, जयशंकर त्रिपाठी एडवोकेट, देवानंद पांडेय, गुलाम हुसैन, शिवम आदि लोग रहे।

# रामपुर बरकोनिया पुलिस ने एक अभियुक्त को 01 किलो 285 ग्राम गांजा के साथ किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के पर्यवेक्षण में जनपद में मादक पदार्थों की बिक्री व उसमें संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस को सफलता प्राप्त हुई। आज दिनांक 06.04.2026 को समय प्रातः 07:20 बजे मुखबिर खास की सूचना पर थाना रामपुर बरकोनिया पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए अभियुक्त रोहित पनिका पुत्र स्व0 गुलाब पनिका निवासी बरकोनिया (सोढा) थाना रामपुर बरकोनिया जनपद सोनभद्र को 01 किलो 285 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 34/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु भेजा गया।

# मण्डलायुक्त ने अस्थायी गौ आश्रय स्थल रावर्टसगंज का किये औचक निरीक्षण

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। मण्डलायुक्त राजेश प्रकाश ने आज नगर पालिका स्थित अस्थायी गौ आश्रय स्थल रावर्टसगंज केंद्र का औचक निरीक्षण किये निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्थायी गौ आश्रय स्थल रावर्टसगंज में व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किये तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



मण्डलायुक्त/नोडल अधिकारी ने कहा कि गौशाला में संरक्षित पशुओं के लिए पर्याप्त मात्रा में चारा, भूसा और स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण तथा शेड की स्थिति के सम्बन्ध में भी नोडल अधिकारी ने जानकारी ली गौ आश्रय स्थल में पशुओं के लिए की गयी व्यस्था पर उन्होने संतुष्टी व्यक्त की। इस दौरान उन्होने कहा कि संबंधित अधिकारी को गौशाला का नियमित रूप से निरीक्षण करें और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी रखे। मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि पशुओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी आवश्यक संसाधनों का समुचित उपयोग किया जाए, इस मौके पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अजय कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रमेश चन्द्र, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुकेश कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# करंट की चपेट में आए एक ही परिवार के तीन लोग, वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। कोन थाना क्षेत्र के एक गांव में बिजली विभाग की लापरवाही के चलते बड़ा हादसा हो गया, जहां टूटकर लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आकर एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना उस समय हुई जब घर की 30 वर्षीय सुल्तानी पत्नी रामप्रवेश पानी लेने के लिए बाहर गई थी। उसी दौरान उसका 2 वर्षीय बेटा राम प्रवेश भी पीछे-पीछे वहां पहुंच गया और पोल के सहारे लटक रहे बिजली के तार को पकड़ लिया। तार में करंट प्रवाहित होने के कारण वह तुरंत उसकी चपेट में आकर चिपक गया। बेटे को तड़पता देख



मां उसे बचाने दौड़ी, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। इसके बाद 3 वर्षीय बेटी अर्चना भी दोनों को बचाने पहुंची, लेकिन वह भी बिजली के करंट की जद में आकर घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी, लेकिन आरोप है कि समय पर एंबुलेंस उपलब्ध नहीं हो सकी और विभिन्न बहाने बनाए गए। ऐसे में परिजनों ने निजी वाहन की व्यवस्था कर तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों के परिजन राजकुमार ने बताया कि बिजली के तार पोल पर लटक रहे थे, लेकिन समय रहते ठीक नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि समय रहते विभाग द्वारा तार को ठीक करा दिया जाता तो यह हादसा टाला जा सकता था। ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए लापरवाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल तीनों घायलों का इलाज वाराणसी में चल रहा है और उनकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की बात कही जा रही है। हालांकि घटना के बाद जेई मौके पर पहुंचे कि नहीं पहुंचे इसकी जानकारी से परिजनों ने अनभिज्ञता जताई है।

# औरा में गेहू की क्रॉप कटिंग में पैदावार 40 कुन्तल प्रति हेक्टेयर मिला

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ विकास खंड के औरा गांव में दयाराम यादव के गेहू के खेत में क्रॉप कटिंग का कार्य आज सोमवार को कराया गया। 43.3 वर्ग मीटर के क्षेत्रफल में 17 किलो 430 ग्राम उत्पादन पाया गया।
औरा में खसरा संख्या 122 में क्रॉप कटिंग मंडलीय सांख्यकी अधिकारी दिनेश यादव, अपर जिला सांख्यिकी अधिकारी गंगेश परिहार के देख रेख में कराया गया।



सहायक विकास अधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि गेहूं का उत्पादन 40 कुन्तल प्रति हेक्टेयर मिला। किसान दयाराम ने बताया कि इस वर्ष फरवरी में ही मौसम गर्म हो गया जिससे उत्पादन हल्का हो गया। जो सामान्य से बहुत कम है।
इस मौके पर प्राविधिक सहायक कृष्ण कुमार मौर्य, किसान जयप्रकाश पांडेय, चतुर्भुज पाण्डेय, शारदा प्रसाद, रामदुलार यादव किसान उपस्थित रहे।

# हरहुआ क्षेत्र में ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ चलाए गए अभियान में 40 वाहनों का किया गया चालान

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल के आदेश और यातायात पुलिस उपायुक्त के निर्देशन मे सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान का नेतृत्व टीम प्रभारी व हरहुआ पुलिस चौकी के उप निरीक्षक कृष्ण कुमार वर्मा ने किया। बताया कि यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान उनके साथ हेड कांस्टेबल दीना नाथ शुक्ल और कांस्टेबल अनिल कुमार गौतम भी मौजूद थे। टीम ने ट्रैफिक लाइन से मिली स्पीड रडार गन का उपयोग कर तेज गति से चल रहे वाहनों की निगरानी की।
सोमवार के अभियान मे 40 छोटे-बड़े वाहनों का चालान किया गया।इसका मुख्य उद्देश्य सड़क हादसो में कमी लाना और लोगों को



यातायात नियमो के प्रति जागरूक करना है।
टीम प्रभारी के0 के0 वर्मा ने बताया कि हरहुआ रिंग रोड चौराहा, भेलखा और आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है। रविवार को इसी क्षेत्र में चलाए गए अभियान में लगभग 50 वाहनों का
चालान किया गया था। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।
यातायात पुलिस के अनुसार, ओवरस्पीडिंग सड़क हादसो का एक प्रमुख कारण है, जिस पर नियंत्रण आवश्यक है।
अधिकारियों ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने और यातायात नियमो का उल्लंघन न करने की अपील की ताकि स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।
पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि नियमो की अनदेखी करने वालों के खिलाफ भविष्य मे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# मेधावी बच्चों के सम्मान से सर्वांगीण विकास सम्भव : के0एन0 सिंह

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। एस0 आर0 कॉन्वेंट स्कूल, राजेश्वरी बालिका इंटर कॉलेज, बैजलपट्टी, हरहुआ में परीक्षा फल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि प्रबंध निर्देशक कौशलेन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि मेधावी बच्चों के सम्मान से सर्वांगीण विकास सम्भव होता है। अभिभावकों को अपने बच्चे के अच्छाइ और कमजोरी दोनों को समझना जरूरी है।
प्रधानाचार्य शेर बहादुर विश्वकर्मा ने बताया कि इस समारोह में छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन छात्रों के लिए





एक अच्छा अवसर था अपने कौशल को दिखाने का और कॉलेज के लिए गर्व का क्षण रहा।
धन्यवाद ज्ञापन देते हुए डॉ0 सर्वदेव सिंह अभिभावकों का समर्थन और प्रेरणा की सराहना की। इस अवसर पर डॉ0 विनोद पांडेय, प्रेमा सिंह , आशा यादव , रजनी ने सक्रिय योगदान दिया । कक्षा 11 की छात्रा मानवी गुप्ता संस्कृति गुप्ता और पूजा गौड़ ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर विशेष पुरस्कार से सम्मानित हुई। संचालन सन्तोष विश्वकर्मा ने किया।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं दिखाया हुनर

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। क्षेत्र के संजय मेमोरियल वूमेंस कॉलेज केराकतपुर लोहता वाराणसी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कालेज की छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की आकर्षक रंगोली बनाई। कार्यक्रम का आयोजन कालेज के डायरेक्टर डॉ आई पी पांडेय की अध्यक्षता में किया



गया।प्रतियोगिता में चेयरमैन शशिकांत सिंह का छात्राओं ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। शशि कांत सिंह ने कहा कि रंगोली हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसको सीखना और आगे बढ़ाना हम सब की जिम्मेदारी है। इस प्रकार की कार्यशाला में भाग लेने से छात्राओं की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य कलाओं में भी पारंगत हो जाते हैं।साथ ही रंगोली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रंगोली कार्यशाला का आयोजन किया गया है। सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाली छात्राओं के समूह को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया जिसमे प्रथम स्थान लोटस ग्रुप की लीडर आंचल राय,द्वितीय स्थान रोज ग्रुप की नेहा गुप्ता और तृतीय स्थान जैस्मिन ग्रुप की सुहानी सरोज को पुरस्कार देकर चेयरमैन शशिकांत सिंह ने सम्मानित किया।प्रतियोगिता में मुख्य रूप से प्रबंधक अभिषेक सिंह, डायरेक्टर आई पी पांडेय, प्राचार्य डॉ विष्णु प्रकाश,अतुल, डॉ दीपिका,डॉ सुनीत सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन कादम्बिनी पांडेय ने किया।

# गड़बड़ा धाम मे 50 हजार भक्तों ने किए दर्शन-पूजन।

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गड़बड़ा शीतला धाम में सोमवार को वैशाख मास कृष्ण पक्ष चतुर्थी होने के कारण श्रद्धालुओं की भारी भीड़। करीब 50 हजार भक्तों ने मां शीतला के दरबार में पहुंचकर दर्शन-पूजन किया। मंदिर का कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं,जो दिनभर जारी रहीं। दूर-दराज के गांवों और जनपदों से आए पुरुष, महिला और बच्चों ने विधि-विधान के साथ मां की आराधना की। भक्तों ने मां को माला, फूल, नारियल, चुनरी, हलुवा और पूरी अर्पित कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। परंपरा के अनुसार, बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहले सेवटी नदी पहुंचे, जहां उन्होंने स्नान कर खुद को पवित्र किया। इसके बाद भक्तगण माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना में शामिल हुए। मंदिर परिसर में प्रवेश के लिए भक्तों को कतारबद्ध किया गया, जिससे व्यवस्था बनी रही। मंदिर का कपाट खुलते ही मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। मां की एक झलक पाने के लिए लोग घंटों कतार में खड़े रहे। पूरे मंदिर परिसर में घंटा-घड़ियाल की ध्वनि और जय मां शीतला के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ला सीसीटीवी कैमरा से निगरानी करते हुए बताया कि सुबह से लेकर शाम तक लगभग 50 हजार श्रद्धालुओ ने माता शीतला देवी का दर्शन पूजन किया। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने मेले से लकड़ी के बने तरह-तरह के उपकरणों की खरीदारी की और बच्चों ने तरह तरह के खिलौनों की खरीदारी कर मेले का लुत्फ उठाया। वही मंदिर परिसर के चारों ओर गंदगी का अम्बार लग रहा और मंदिर में फिसलन बनी रही।

# पार्टी के मूल सिद्धांतों राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक मूल्यों, अंत्योदय को पुनः दोहराने का दिन है: टी0 राम विधायक।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल कार्यकताओं के लिए समर्पण, विचारधारा और राष्ट्रसेवा के संकल्प का प्रतीक है। यह दिन पार्टी के इतिहास,त्याग और वैचारिक आधार को याद करने का अवसर है।
आज अजगरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोसाईपुर मोहांव में वीरलोरिक इण्टर कालेज में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के स्मारक पर माल्यार्पण कर भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किया।
वक्ताओं ने स्थापना दिवस के महत्व को लेकर यह कहा कि मूल्यों का स्मरण पार्टी के मूल सिद्धांतों ,राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक मूल्यों और अंत्योदय अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का विकास ,कार्यकर्ताओ का समर्पण ,तप ,त्याग और संघर्ष को नमन करने का अवसर है जिन्होंने पार्टी को शिखर तक पहुंचाया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों के प्रति वैचारिक प्रतिबद्धता, विकसित भारत के निर्माण और राष्ट्र सेवा में खुद को समर्पित करने का संकल्प के साथ यह दिन पार्टी के



मण्डल से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के संगठन को और अधिक मजबूत करने और डिजिटल प्रशिक्षण जैसी नई पहल शुरू करने का अवसर होता है। आज भाजपा के हर कार्यकर्ताओ, पदाधिकारियों को अपने दायित्व के प्रति सजग रहने की जरूरत है।
अजगरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिभुवन राम ने प0 दीनदयाल उपाध्याय के मूर्ति पर माल्यार्पण करने के पश्चात हर कार्यकताओं को श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प0 दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा करते हुए सभी उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ,पदाधिकारियों का स्वागत और सम्मान किया।साथ ही साथ समर्पण ,राष्ट्रसेवा ,त्याग सहित पार्टी के मूल सिद्धांतों के प्रति हितार्थ दायित्व निभायें।
इस कार्यक्रम में रामप्रकाश सिंह बीरू,अखण्ड सिंह ,अंजनी नंदन पांडेय,भोला उपाध्याय,राणा चौहान, कपिलनारायन पांडेय,विपिन चंद्र राय मण्डल अध्यक्ष चोलापुर,शैलेन्द्र पटेल मण्डल अध्यक्ष आयर,अजय मिश्र मण्डल अध्यक्ष हरहुआ, जयप्रकाश मौर्य प्रधान गोसाईपुर मोहाव,रामदेव वर्मा,मनीष चौहान प्रधान,हुकुम सिंह प्रधान, रामसूरत प्रधान,शकुंतला देवी,सुमंत जी,विजय राजभर,मनोज मानव, रमेश मिश्र, डी0 के0 सिंह, भोदू यादव पूर्व प्रधान ,पप्पू भास्कर,राजू मौर्य,सतीश सिंह,रामजी मौर्य,तथा पार्टी के अन्य सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# फार्मर रजिस्ट्री शिविर का जिलापूर्ति अधिकारी ने किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /लालगंज विकास खंड के ग्राम पंचायत बसुहरा, अहुगी कला गांव के पंचायत भवन में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का सोमवार को जिलाधिकारी द्वारा नामित नोडल अधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी संजय प्रसाद एवं सहायक विकास अधिकारी कृषि हलिया नरेंद्र कानापुरिया द्वारा फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया गया जिसमें टीम में लेखपाल,



सचिव, कौशलेन्द्र राय, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव पंचायत सहायक मनोज कुमार , कृषि कर्मी मौके पर उपस्थित हैं। लेखपाल द्वारा मौके पर आदेश में नाम एवं नाम मिश्मेच वाले किसानों का निस्तारण कर उनका फॉर्मर रजिस्ट्री कराया जा रहा है।इस संबंध में एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया ने बताया की ग्राम पंचायत बसुहरा, अहुगी कला फार्मर रजिस्ट्री शिविर का जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया है फार्मर रजिस्ट्री शिविर का आयोजन 6 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री विशेष शिविर का आयोजन किया जायेगा किसान अपना फार्मर रजिस्ट्री जरूर करा ले जिससे कृषि विभाग के योजनाओं का लाभ मिल सके

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न, पेयजल आपूर्ति बाधाओं के शीघ्र समाधान के निर्देश

**समाज जागरण**

मीरजापुर / जिला कलेक्ट्रेट, मिजार्पुर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जलापूर्ति में आ रही बाधाओं का आकलन करने एवं उनके समयबद्ध निस्तारण हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।
बैठक में नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ,पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल , मझवां विधायक सूचिस्मिता मौर्य एवं विधायक रिंकी कोल उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हो रहे पेयजल संकट को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। जहां-जहां पाइपलाइन के माध्यम से जलापूर्ति नहीं पहुंच पा रही है, वहां तत्काल प्रभाव से आवश्यक कार्यवाही कर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।
उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न गांवों से जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी की आपूर्ति में अनियमितता एवं बाधाओं की लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान किया जाना आवश्यक है।
बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे क्षेत्रवार समीक्षा कर समस्याओं की पहचान करें और समयबद्ध तरीके से उनका निस्तारण सुनिश्चित करें,ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।
इस अवसर पर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार , मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ,जल जीवन मिशन के अधिकारीगण सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।
बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना तथा जनसमस्याओं का त्वरित समाधान करना रहा।

# अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही का पर्याय इंस्पेक्टर अमरेंद्र, राजा बाबू हत्याकांड में प्रेमिका समेत तीन गिरफ्तार

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। पीड़ितों की सहायता और अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में अग्रणी शिवली पुलिस की परिश्रम पूर्ण सक्रियता ने 2 मार्च को मकरंदपुर बंधा के पास रामगंगा नहर रोड किनारे हुए बहुचर्चित राजा बाबू हत्याकांड का सटीक खुलासा करते हुए दस्तमपुर थाना अकबरपुर निवासिनी 19 साल की प्रेमिका कोमल पुत्री लालाराम,सागर राजपूत पुत्र शिवनारायन निवासी ग्राम झखरा थाना सचेण्डी, कानपुर नगर और बाल अपचारी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, मृतक राजाबाबू पुत्र रामलखन वर्मा निवासी ग्राम झखरा थाना सचेण्डी कानपुर नगर का मोबाइल फोन, हत्या में प्रयुक्त चाकू, प्रेमिका कोमल, सागर राजपूत और बाल अपचारी से भी एक एक मोबाइल फोन और घटना को अंजाम देते समय अभियुक्त सागर राजपूत द्वारा पहनी शर्ट भी बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। अब शेष बचे फरार एक आरोपी की तलाश भी लगातार की जा रही है।
मृतक की कॉल डिटेल में नाम सामने आने पर पूछताछ में मंगेतर कोमल द्वारा हत्या की पूरी साजिश कबूलने से निकले निष्कर्ष के मुताबिक कोमल का पहले सागर से प्रेम संबंध,इस प्रेम संबंध के टूटने के बाद कोमल की राजाबाबू से नजदीकियां, फिर दोनों की मंदिर में शादी के बाद परिवार वालों द्वारा भी 7 मई को उनकी विधिवत शादी तय करना। इसी बीच सागर द्वारा कोमल को अपने प्रेमजाल में फिर फंसाना, जिसके बाद दोनों द्वारा रास्ते से हटाने के लिए रची गई साजिश के अनुरूप राजा बाबू की हत्या की घटना को अंजाम देना, जिसकी सच्चाई निष्पक्ष और पारदर्शी गहन जांच विवेचना से प्रमाणित भी हो गई।
अवगत कराते चलें कि आम जनमानस के हित में शांति और कानून व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों





के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में अग्रणी जिस शिवली पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने राजा बाबू हत्याकांड का सटीक खुलासा किया है, आजकल उस शिवली थाने की कमान हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तेजतर्रार, व्यवहार कुशल तथा बेहद स्वाभिमानी स्वभाव के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के हाथ में है।
सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अपनी जुझारू नौकरी के अबतक कार्यकाल में अनेक अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह के अब तक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन उन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।
इसी के साथ सरल और शालीन स्वभाव के इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की कार्यशैली भी संभ्रांत असहाय लोगों की हितरक्षक और बहुत मैत्रीपूर्ण भी मानी जाती है ,जिसके अनुरूप ही वह जहां उचित पात्र लोगों की हर संभव सहायता करते हैं। वहीं कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ शठे शाठ्यम समाचरेत वाली कहावत चरितार्थ करने से भी नहीं चूकते। यही वजह है कि अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के जुझारू तेवरों वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह की कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा उनकी जुझारू नौकरी के अब तक के कार्यकाल में सभी संगीन घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए दर्जनों शातिरों को सबक सिखाने में भी सफल हो चुकी है। जिसके क्रम में ही संगीन घटनाओं के सटीक खुलासे के महारथी भी माने जाने वाले इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बहुचर्चित राजा बाबू हत्याकांड का भी सटीक अनावरण कर दिया।
कुल मिलाकर अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश निर्देशों का अक्षरशः पालन करने में भी अग्रणी होने के साथ ही पीड़ितों के पक्ष में और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्वाई के रूप में योगी सरकार का इकबाल भी लगातार बुलंद कर रहे लोकहित में अपनी धुन के पक्के कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर अमरेंद्र बहादुर की लोकप्रिय कार्यशाली वाली नेतृत्व कुशलता का सार्थक परिणाम शिवली क्षेत्र की जनता को भारी राहत भी प्रदान करने वाला भी माना जा रहा है। उनकी अगुवाई में आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में सब इंस्पेक्टर अजय कुमार, हेड कांस्टेबल मोहित, जय कृष्ण, कांस्टेबल, अभिषेक कुमार, अंकुर अहलावत, धनंजय चौधरी, रवि कुमार और महिला कांस्टेबल कल्पना भी शामिल रहीं।

# हत्या मामले में बड़ी कार्रवाई: सास, ससुर और पत्नी गिरफ्तार, एक आरोपी फरार

**समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जनपद के रायपुर थाना क्षेत्र में हुए सनसनीखेज हत्या मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की सास, ससुर और पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपी वारदात के बाद फरार होने की फिराक में थे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर दबोच लिया। वहीं, घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, 5 अप्रैल को ग्राम पसवनिया टोला में एक युवक की हत्या की सूचना मिली थी। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी दरमा पहाड़ी तिराहे पर खड़े होकर कहीं भागने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो महिलाओं सहित एक पुरुष को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान दशरथ पासवान (58), फुलवंती देवी (56) और जनती देवी (32) के



रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक सुनील पासवान (35), निवासी गढ़के गांव, थाना अधौरा, जनपद कैमूर (बिहार) अपनी पत्नी को विदा कराने ससुराल आया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद ससुराल पक्ष पर उसे कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटने का आरोप है। गंभीर हालत में उसे सीएचसी वैनी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे, जबकि परिजनों को शाम के समय सूचना मिली। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि जांच जारी है। फिलहाल पुलिस फरार आरोपी साला राजू की तलाश में जुटी है। घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

# राज्य स्तरीय पत्रकार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

**समाज जागरण जीवन यादव**

19 अप्रैल को अनूपपुर । प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अरुण सक्सेना जी के निर्देशानुसार,बड़ौद इकाई के सौजन्य से जर्नलिस्ट्स यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश (JUMP) के तत्वाधान में राज्यस्तरीय पत्रकार एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 2026 का आयोजन दिनांक-19 अप्रैल 2026 समय- प्रातः 10:00 बजे श्री महावीर विद्यालय, बड़ौद जिला आगर म प्र में किया जा रहा है। कार्यक्रम में, प्रदेश भर के सभी पत्रकार साथी उपस्थित रहेंगे।

# 'स्कूल चलो अभियान' रैली, ओबरा से चोपन तक निकाली गई, बच्चों के नामांकन पर जोर

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

चोपन/ सोनभद्र। चोपन में 'स्कूल चलो अभियान' के तहत एक ब्लॉक स्तरीय रैली का आयोजन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनंद पाण्डेय के नेतृत्व में यह रैली ओबरा के बिल्ली गांव, वीआईपी रोड और डिग्री कॉलेज चौराहे से होते हुए ब्लॉक संसाधन केंद्र चोपन पर समाप्त हुई। रैली का संयोजन खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्रा ने किया। इस रैली में उच्च प्राथमिक विद्यालय बिल्ली, खैरटियां, कोठा टोला, तथा प्राथमिक विद्यालय बिल्ली मारकुंडी, भलुआ टोला, बिल्ली प्रथम, खैरटिया सहित विभिन्न विद्यालयों के 500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। रैली को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित जन समुदाय से अपील की कि वे अपने 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराएं।



उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा विद्यालयों में कई सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, जिनमें निःशुल्क यूनिफॉर्म, बैग, जूता-मोजा, स्वेटर के लिए डीबीटी के माध्यम से अभिभावकों के खाते में 1200 रुपये भेजना, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, मध्याह्न भोजन, सक्रिय पुस्तकालय, 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए बाल वाटिका और स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम शामिल हैं। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी म्योरपुर सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी चोपन ने बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन और उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने पर जोर दिया। उन्होंने आंगनवाड़ी/बाल वाटिका, दीक्षा ऐप, मीना मंच और बाल संसद के महत्व पर भी प्रकाश डाला। राज्य संदर्भ समूह के सदस्य विद्या सागर ने मदर ओरिएंटेशन, इको क्लब और दीक्षा कोर्स के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम के साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग में 39 वर्षों की सफल सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए शिक्षक सरफराज अहमद खां का विदाई और सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। सह शिक्षकों ने सरफराज अहमद खां की निर्बाध सेवा की सराहना की। 'स्कूल चलो अभियान' और विदाई समारोह में संत जेवियर पब्लिक स्कूल डाला के प्रबंधक जितेंद्र यादव, एआरपी ज्ञान प्रकाश, प्रशांत अवस्थी, वंशदीप सिंह, वरिष्ठ संकुल शिक्षक अजीत सिंह, रुद्र प्रसाद मिश्रा, रजनीश श्रीवास्तव, अनिरुद्ध यादव, सुनील वर्मा, इंद्रदेव सिंह, राजेश सिंह, राकेश सिंह, सुरेश राम, रामाशंकर, मैनेजर प्रसाद, रजनी प्रजापति सहित सभी संकुल शिक्षक मौजूद रहे। विभिन्न विद्यालयों की शिक्षिकाएं अंजू जायसवाल, शीलावती यादव, सविता यादव, सीमा सिंह, मीरा सिंह और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित थीं। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुमन सिंह और आनंद त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया।

# पुलिस टीम को कुचलने की कोशिश ! एक गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में शनिवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को कुचलने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। शहर चौकी इंचार्ज अमित कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। प्रभारी निरीक्षक रामस्वरूप वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमन पांडेय निवासी विकासनगर (रॉबर्ट्सगंज) के रूप में हुई है, जिसका मूल पता थाना करमा क्षेत्र के ओइनी चौबे गांव का बताया गया है। पूछताछ में आरोपी ने घटना के लिए सिविल लाइन रोड निवासी अनमोल शुक्ला का नाम लिया है, जो मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, शनिवार रात करीब 11 बजे बढ़ौली चौराहे पर वाहन चेकिंग चल रही थी। इसी दौरान उरमौरा की ओर से बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध कार आती दिखी।

# ट्रांसजेंडर बिल 2026 के खिलाफ उत्थान सीबीओ का विरोध, जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण 06.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुरः शहर में ट्रांसजेंडर समुदाय से जुड़े एक अहम मुद्दे ने जोर पकड़ लिया है। उत्थान सीबीओ - थर्ड जेंडर राइट्स संस्था की ओर से वर्ष 2026 में प्रस्तावित ट्रांसजेंडर बिल का विरोध करते हुए जिला प्रशासन को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया है। संस्था के सदस्यों ने इस प्रस्तावित बिल को ट्रांसजेंडर समुदाय के हितों के खिलाफ बताते हुए इसे लागू नहीं करने की मांग की है।






यह ज्ञापन पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) के जिला उपायुक्त के नाम संबोधित किया गया है। संस्था के फाउंडर एवं सेक्रेटरी अमरजीत सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों ने अपनी चिंताओं को प्रशासन के समक्ष रखा।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित ट्रांसजेंडर बिल 2026 समुदाय की वास्तविक जरूरतों, अधिकारों और सम्मानजनक जीवन की अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं है।

संस्था के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह बिल ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए नई समस्याएं खड़ी कर सकता है। उनका आरोप है कि इस प्रस्ताव में ऐसे कई प्रावधान शामिल हैं, जो न केवल अव्यवहारिक हैं, बल्कि समुदाय की स्वतंत्र पहचान के अधिकार को भी प्रभावित करते हैं। उनका कहना है कि यह बिल ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को फिर से सरकारी और प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर निर्भर बना सकता है, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान को ठेस पहुंचेगी।

ज्ञापन में वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए ऐतिहासिक नालसा जजमेंट का विशेष उल्लेख किया गया है। संस्था का कहना है कि उस फैसले में ट्रांसजेंडर समुदाय को तृतीय लिंग के रूप में मान्यता दी गई थी और उन्हें अपनी पहचान स्वयं तय करने का अधिकार प्रदान किया गया था। इसके साथ ही, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक अवसरों में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में यह फैसला मील का पत्थर साबित हुआ था।

लेकिन संस्था का आरोप है कि प्रस्तावित ट्रांसजेंडर बिल 2026 इस ऐतिहासिक फैसले की मूल भावना के विपरीत है। उनका कहना है कि नए बिल में ऐसे प्रावधान शामिल हैं, जो ट्रांसजेंडर समुदाय के आत्मनिर्णय के अधिकार को सीमित करते हैं। इससे समुदाय के लोगों को अपनी पहचान साबित करने के लिए फिर से जटिल प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ सकता है।

उत्थान सीबीओ के प्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि बिल के कई प्रावधान व्यवहारिक रूप से लागू करना कठिन है। इससे जमीनी स्तर पर समस्याएं बढ़ेंगी और ट्रांसजेंडर समुदाय को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं। उनका मानना है कि इससे समाज में पहले से मौजूद भेदभाव और भी गहरा सकता है।

ज्ञापन के माध्यम से संस्था ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि इस गंभीर मुद्दे को राज्य और केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि यदि इस बिल को बिना किसी संशोधन के लागू किया गया, तो यह ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों पर नकारात्मक प्रभाव डालेगा और उनकी सामाजिक स्थिति को और कमजोर करेगा।

संस्था ने यह भी मांग की है कि किसी भी नए कानून को लागू करने से पहले ट्रांसजेंडर समुदाय के प्रतिनिधियों से व्यापक स्तर पर परामर्श किया जाए। उनका कहना है कि जब तक समुदाय की वास्तविक समस्याओं और जरूरतों को समझा नहीं जाएगा, तब तक कोई भी कानून प्रभावी और न्यायसंगत नहीं हो सकता।

अंत में, उत्थान सीबीओ ने जिला प्रशासन से इस मामले में त्वरित संज्ञान लेने और उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की अपील की है। ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को उम्मीद है कि उनकी आवाज को गंभीरता से सुना जाएगा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# जमशेदपुर के निजी स्कूलों पर 'री-एडमिशन' के नाम पर वसूली का आरोप, जांच की मांग तेज

**समाज जागरण 06.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुरः शहर के निजी स्कूलों में री-एडमिशन के नाम पर अभिभावकों से कथित अवैध वसूली का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता राजा कांडिली ने पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को एक लिखित शिकायत सौंपते हुए पूरे मामले की जांच और दोषी स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि शहर के कई निजी स्कूल हर साल ह्यफ्री एडमिशनह्ल या ह्यरी-एडमिशनह्ल के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूलते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह अनियमित और पारदर्शिता से दूर बताई जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन इस शुल्क को अनिवार्य बताकर उन्हें भुगतान के लिए मजबूर करता है, जबकि इसके लिए कोई स्पष्ट सरकारी दिशा-निर्देश नहीं है।

मामले को और गंभीर बनाते हुए शिकायत में यह भी कहा गया है कि स्कूल प्रबंधन अभिभावकों को एक पर्ची थमा देता है, जिसके आधार पर स्कूल परिसर में ही लगाए गए स्टॉल से किताबें खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। अभिभावकों का आरोप है कि उन्हें बाजार से सस्ती कीमत पर उपलब्ध किताबें खरीदने की अनुमति नहीं दी जाती, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है।

राजा कांडिली ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर कई अभिभावक उनकी पार्टी के पास शिकायत लेकर पहुंचे हैं। हालांकि, स्कूल प्रबंधन के दबाव के कारण वे खुलकर विरोध नहीं कर पाते। उन्होंने आरोप लगाया कि जो अभिभावक इस तरह की वसूली के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश करते हैं, उनके बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। यहां तक कि कुछ मामलों में स्कूल से नाम काटने की धमकी भी दी जाती है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित अभिभावक मजबूरी में चुप रह जाते हैं और इस तरह की व्यवस्था को सहने के लिए विवश होते हैं। इससे न केवल अभिभावकों पर आर्थिक दबाव बढ़ता है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े होते हैं।

शिकायत पत्र में उपायुक्त से मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी स्कूलों की पहचान की जाए और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी आग्रह किया गया है कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो सकें और अभिभावकों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिले।

इस मामले के सामने आने के बाद शहर में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक बार फिर बहस तेज हो गई है। सामाजिक संगठनों और अभिभावक समूहों ने भी इस मुद्दे पर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि शिक्षा जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस प्रकार की मनमानी को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

अब सबकी नजर जिला प्रशासन पर टिकी है कि वह इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह कार्रवाई न केवल दोषी स्कूलों के खिलाफ एक सख्त संदेश देगी, बल्कि अभिभावकों के अधिकारों की रक्षा के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# एमजीएम अस्पताल में जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन तेज

**समाज जागरण 06.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**




जमशेदपुरः शहर के प्रमुख सरकारी स्वास्थ्य संस्थान एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर में जूनियर डॉक्टरों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल के चलते अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार से शुरू हुई इस हड़ताल में बड़ी संख्या में जूनियर डॉक्टर अस्पताल परिसर के बाहर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि वे पिछले पांच वर्षों से लगातार स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कई बार संबंधित अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया गया, लेकिन हर बार ये आश्वासन कागजों तक ही सीमित रह गए।

प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों ने साफ शब्दों में कहा है कि जब तक उनकी स्टाइपेंड वृद्धि की मांग पूरी नहीं होती, तब तक वे हड़ताल समाप्त नहीं करेंगे। उनका आरोप है कि सरकार उनकी मेहनत और सेवा के प्रति संवेदनशील नहीं है, जबकि वे दिन-रात मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं।

हड़ताल का सबसे ज्यादा असर अस्पताल की ओपीडी और सामान्य सेवाओं पर देखने को मिल रहा है। कई विभागों में कामकाज ठप हो गया है और मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। हालांकि, जूनियर डॉक्टरों ने यह स्पष्ट किया है कि इमरजेंसी सेवाओं को पूरी तरह बंद नहीं किया गया है। गंभीर मरीजों का इलाज जारी है, लेकिन सीमित संसाधनों और स्टाफ के कारण वहां भी दबाव बढ़ गया है।

डॉक्टरों का कहना है कि वे 24 घंटे सेवा देते हैं, कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं और फिर भी उन्हें उचित स्टाइपेंड नहीं मिलता। उनका मानना है कि वर्तमान स्टाइपेंड महंगाई और बढ़ती जरूरतों के हिसाब से बेहद कम है, जिससे उनका गुजारा करना मुश्किल हो रहा है।

इस बीच, जूनियर डॉक्टरों ने दावा किया है कि मेडिकल कॉलेज के अन्य स्टाफ और अस्पताल के सीनियर डॉक्टर भी उनके समर्थन में हैं। इससे आंदोलन को और मजबूती मिल रही है। डॉक्टरों ने यह भी संकेत दिया है कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो आंदोलन और तेज किया जा सकता है।

अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन की ओर से फिलहाल कोई ठोस बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, सूत्रों के अनुसार, मामले को लेकर उच्च स्तर पर चर्चा जारी है और समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है।

इधर, मरीजों और उनके परिजनों में इस हड़ताल को लेकर नाराजगी भी देखी जा रही है। उनका कहना है कि डॉक्टरों और सरकार के बीच चल रहे विवाद का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। कई मरीजों को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

कुल मिलाकर, स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर शुरू हुई यह हड़ताल अब एक बड़े आंदोलन का रूप लेती नजर आ रही है। यदि जल्द ही इस पर कोई समाधान नहीं निकाला गया, तो शहर की स्वास्थ्य व्यवस्था पर इसका और भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

# बास्केटबॉल में जमशेदपुर का बढ़ता कद, हुनर और अनुशासन से मिलती है सफलताः सरयू राय

**समाज जागरण 06.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**







जमशेदपुर पश्चिम के विधायक एवं झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के पैट्रन ऑफ चीफ सरयू राय ने कहा है कि बास्केटबॉल के क्षेत्र में जमशेदपुर का नाम अब राज्य ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान बना रहा है। उन्होंने इसे शहर और राज्य के लिए गर्व की बात बताते हुए खिलाड़ियों के जज्बे, मेहनत और हुनर की सराहना की।

श्री राय ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी की सफलता के पीछे केवल उसकी शारीरिक बनावट नहीं, बल्कि उसका कौशल और समर्पण महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार औसत कद का खिलाड़ी भी अपने हुनर के बल पर लंबे खिलाड़ियों को मात दे देता है। इसलिए खेल में तकनीक और अभ्यास का विशेष महत्व है। उन्होंने खिलाड़ियों को संदेश दिया कि अगर जज्बा, मेहनत और हुनर एक साथ हो, तो सफलता निश्चित है। उन्होंने खेलों में अनुशासन की भूमिका पर भी विशेष जोर दिया। उनके अनुसार, अनुशासन ही किसी भी युवक को एक सफल खिलाड़ी बनने की दिशा में आगे बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने गुरु और कोच के मार्गदर्शन को सर्वोपरि मानना चाहिए, क्योंकि वही उन्हें सही दिशा दिखाते हैं।

गौरतलब है कि 26वीं जूनियर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन साहिबगंज में 29 मार्च से 1 अप्रैल 2026 तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन की ओर से भेजी गई लड़कों और लड़कियों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर श्री राय ने विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर एसोसिएशन के महासचिव एवं अंतरराष्ट्रीय कोच जेपी सिंह की मांग पर श्री राय ने वैकल्पिक व्यवस्था होने तक अपने बारीडीह स्थित कार्यालय के दो कमरों के उपयोग की अनुमति भी प्रदान की। कार्यक्रम में मानगो नगर निगम के ब्रांड अंबेसडर मुख्तार आलम खान, वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी आसिफ खान सहित कई खेल प्रेमी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# टाटानगर में ट्रेनों की लेटलतीफी के खिलाफ कांग्रेस का धरना, चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण 06.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**







जमशेदपुरः टाटानगर रेलवे क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अव्यवस्था और ट्रेनों की लेटलतीफी के विरोध में सोमवार को कांग्रेस कार्यकताओं ने साकची स्थित 9 नंबर स्टैंड, जेएनएसी गोल चक्कर के पास एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस सहकारिता विभाग के अध्यक्ष चिन्ना राव के नेतृत्व में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने भाग लिया।

धरना में जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंद सिंह, पूर्व प्रदेश सचिव विजय यादव, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह चंदेल, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू, रजनीश सिंह, विश्वजीत जेना सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने रेलवे प्रशासन और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और रेल सेवाओं में सुधार की मांग उठाई।

प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा ट्रेनों का निर्धारित समय पर नहीं चलना और खराब परिचालन व्यवस्था रहा। नेताओं ने आरोप लगाया कि रेलवे की लापरवाही के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परविंद सिंह और विजय यादव ने कहा कि चांडिल से जमशेदपुर की दूरी, जो सामान्यतः लगभग 30 मिनट में तय हो जाती है, उसे पैसेंजर ट्रेनें 3 से 4 घंटे में पूरा कर रही हैं। कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही हैं, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों और छात्रों की समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि समय पर ट्रेन न मिलने के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बाधित हो रही है। वहीं चिन्ना राव और राकेश साहू ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही रेल परिचालन में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का पुतला दहन, रैली, डीआरएम कार्यालय का घेराव और अंततः टाटानगर रेलवे स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन किया जाएगा।

भीषण गर्मी के बावजूद प्रदर्शन में शामिल कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों का उत्साह देखने लायक था। स्थानीय लोगों ने धरना पर बैठे प्रदर्शनकारियों को पानी उपलब्ध कराकर सहयोग भी किया। इस मौके पर संजय यादव, धर्म राव, सोनू सोनकर, राजा ओझा, राजू शर्मा, मो. आशिफ, विशाल कोटिया, बलदेव सिंह, अमरीक सिंह, मुन्ना मिश्रा सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारतीय रेल ने विभिन्न रेलवे जोन में सुरक्षा प्रणाली कवच लगाने और सिग्नलिंग आधुनिकीकरण के लिए 1,364.45 करोड़ रुपये स्वीकृत किए

भारतीय रेल ने अपने समूचे नेटवर्क में सुरक्षा, सिग्नलिंग और संचार ढांचे को सुदृढ बनाने के लिए 1,364.45 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं को स्वीकृति दी है। इनमें लोकोमोटिव (रेल इंजन) में कवच लगाना, ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क का विस्तार और विभिन्न रेलवे जोन में पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से बदलना शामिल है।

**दक्षिण रेलवे के 232 इंजनों में कवच उपकरण लगाए जाएंगे**

भारतीय रेल ने दक्षिण रेलवे के 232 लोकोमोटिव इंजन में कवच उपकरण लगाने के लिए 208.81 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह प्रस्ताव "भारतीय रेल के शेष मार्गों पर लॉन्ग-टर्म इवोल्यूशन संचार व्यवस्था के साथ कवच का प्रावधान अंब्रेला कार्य का हिस्सा है, जो 2024-25 की कार्य योजना ("रेलवे के कार्य, मशीनरी और रोलिंग स्टॉक कार्यक्रम" पिंक बुक) में शामिल है और जिसकी कुल लागत PH-33 (वर्क्स प्रोग्राम 2024-25" के तहत प्रमुख वित्तीय आवंटन मद) के तहत 27,693 करोड़ रुपये है।

कार्यक्रम के अंतर्गत दक्षिण रेलवे के लिए 2,950 करोड़ रुपये का उप-आवंटन किया गया है। वर्तमान कार्य इसी उप-आवंटन के तहत प्रस्तावित है और इसमें इंजन में कवच का चौथा संस्करण लगाना शामिल है।

**उत्तर रेलवे में 248 आप्टिकल फाइबर संचार नेटवर्क के साथ संचार व्यवस्था सुदृढ बनाई जाएगी**

भारतीय रेलव ने उत्तर रेलवे में संचार आधारभूत संरचना सुदृढ बनाने के लिए कुल 400.86 करोड़ रुपये की लागत से तीन कार्यों की स्वीकृति दी है। ये कार्य "भारतीय रेल में संचार आधारभूत संरचना सुदृढ बनाने, मरम्मत कार्य और कलपुर्जे बदलने (अम्ब्रेला वर्क 2024-25)" नामक व्यापक परियोजना का हिस्सा हैं, जिसे ढल-33 के तहत 4,871 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत किया गया है।

उत्तर रेलवे के लिए 871 करोड़ रुपये का उप-अम्ब्रेला प्रावधान किया गया है। इसके तहत तीन कार्यों को मंजूरी दी गई है। इनमें अंबाला मंडल में 926.05 किलोमीटर मार्ग पर 248 फाइबर केबल बिछाने का कार्य 115.74 करोड़ रुपये की लागत से; दिल्ली मंडल में 1,204 किलोमीटर मार्ग पर 248 फाइबर केबल बिछाने और स्टेशनों पर ऑप्टिकल फाइबर संचार केन्द्र स्थापित करने का कार्य 165.49 करोड़ रुपये की लागत से और लखनऊ मंडल में 1,074 किलोमीटर मार्ग पर 248 फाइबर केबल बिछाने का कार्य 119.63 करोड़ रुपये की लागत से किया जाना शामिल हैं।

इनका उद्देश्य विभिन्न विभागों में संचार प्रणालियों की क्षमता और विश्वसनीयता बढ़ाना है, जो आधुनिक सिग्नलिंग और कवच स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

उत्तर मध्य रेलवे में कवच के लिए ऑप्टिकल फाइबर संचार व्यवस्था 2,196 किलोमीटर मार्ग में स्थापित की जाएगी।

भारतीय रेल ने उत्तर मध्य रेलवे में कवच लाइन पर 248 फाइबर ऑप्टिकल फाइबर संचार केबल बिछाने के लिए 176.7699 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। यह कार्य भारतीय रेलवे के संचार तंत्र को सुदृढ़ बनाने, मरम्मत कार्य और कजपुर्जे बदलने की व्यापक परियोजना के अंतर्गत किया जाएगा।

उत्तर मध्य रेलवे के लिए 200 करोड़ रुपये का उप-क्षेत्रीय आवंटन किया गया है। इसके अंतर्गत 2,196 किलोमीटर के मार्ग में प्रयागराज मंडल में 1,016 किलोमीटर, झांसी मंडल में 709 किलोमीटर और आगरा मंडल में 471 किलोमीटर के मार्ग पर उपरोक्त कार्य शामिल हैं।

यह परियोजना कवच लगाने में सहायता के साथ ही अधिक यातायात वाले मार्गों पर संचार के बुनियादी ढांचे में सुधार लाएगी।

**दक्षिण मध्य रेलवे में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कार्यों को मंजूरी**

भारतीय रेल ने दक्षिण मध्य रेलवे में पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम से बदलने के लिए कुल 578.02 करोड़ रुपये की लागत से दो कार्यों को मंजूरी दी है। ये कार्य हब एंड स्पोक परिवहन नेटवर्क हैं जो प्रमुख शहरों को छोटे शहरों से जोड़ते हैं। मार्गों पर शेष स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग की व्यवस्था जहां कवच/ एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम / केंद्रीकृत यातायात नियंत्रण स्वीकृत है और 2024-25 नामक अंब्रेला परियोजना के अंतर्गत आते हैं, जिसे सिग्नलिंग और दूरसंचार कार्य PH-33 के तहत 15,164 करोड़ रुपये की लागत से अनुमोदित किया गया है।

दक्षिण मध्य रेलवे के लिए 1,857 करोड़ रुपये के उप-अम्ब्रेला आवंटन के तहत दो परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें गुंटकल मंडल में उच्च घनत्व नेटवर्क - एचडीएन और अत्यधिक उपयोग किए जाने वाले नेटवर्क-एचयूएन मार्गों पर स्थित 35 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने की 426.82 करोड़ रुपये की परियोजना है और नांदेड़ मंडल में एचडीएन/एचयूएन मार्गों पर स्थित 14 स्टेशनों पर 151.20 करोड़ रुपये इसी प्रकार की परियोजना शामिल है।

इन कार्यों का उद्देश्य सिग्नलिंग को अधिक भरोसेमंद बनाना, मैन्युअल काम में कमी लाना और अधिक यातायात वाले मार्गों पर सुरक्षा बढाना है।

ये सभी परियोजनाएं भारतीय रेल के आधुनिकीकरण के व्यापक प्रयास का हिस्सा हैं, जिनमें सुरक्षा, विश्वसनीयता और क्षमता वर्धन पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया है। इनसे कवच प्रणाली स्थापित करने में सहायता मिलेगी, संचार तंत्र मजबूत होगा और प्रमुख मार्गों पर सिग्नलिंग प्रणालियों को समुन्नत बनाया जा सकेगा। इनसे परिचालन दक्षता में सुधार और समूचे नेटवर्क पर सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित होने की संभावना है।

# निगमित सेवा क्षेत्र उद्यमों के पहले वार्षिक सर्वेक्षण का शुभारंभ

**समाज जागरण**

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अप्रैल 2026 से निगमित सेवा क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआईएसएसई) का शुभारंभ किया है, जिसमें सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं; इसके साथ ही "अपने सर्वेक्षण को जानें: निगमित सेवा क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआईएसएसई) के लिए उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका" नामक एक व्याख्यात्मक दस्तावेज भी जारी किया गया है, जिसे विशेष रूप से सर्वेक्षण प्रक्रियाओं को उपयोगकर्ता के अनुकूल तरीके से संप्रेषित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

आर्थिक महत्व की दृष्टि से, सेवा क्षेत्र भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आधे से अधिक का योगदान देता है, लाखों रोजगार सृजित करता है और पिछले कुछ दशकों में देश के आर्थिक परिवर्तन का एक प्रमुख उत्प्रेरक रहा है। एएसआईएसएसई को अर्थव्यवस्था के एकीकृत सेवा क्षेत्र पर आधिकारिक आंकड़ों का एक प्रमुख स्रोत बनने की परिकल्पना की गई है, जिसमें व्यापार, परिवहन, आतिथ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि जैसी सेवाएं शामिल हैं, और इस प्रकार यह भारत की अर्थव्यवस्था के सबसे गतिशील घटकों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है।

एएसआईएसएसई भारत में निगमित सेवा क्षेत्र का व्यापक डेटाबेस विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। पंजीकृत विनिर्माण क्षेत्र के लिए इसी तरह का डेटाबेस पहले से ही राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा संचालित वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण (एएसआई) के माध्यम से मौजूद है। गैर-कृषि क्षेत्र (निर्माण को छोड़कर) को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के गैर-निगमित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसयूएसई) में शामिल किया गया है। ये तीनों सर्वेक्षण मिलकर गैर-कृषि अर्थव्यवस्था का समग्र दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिसमें राज्य और उद्योग दोनों स्तरों पर प्रमुख संकेतक शामिल होते हैं।

यह सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की कंपनियों को शामिल करता है झ कंपनी अधिनियम, 1956/2013 या सीमित देयता भागीदारी अधिनियम, 2008 के तहत पंजीकृत कंपनियां। लगभग 1.21 लाख उद्यमों के नमूना आकार के साथ, इस सर्वेक्षण से महत्वपूर्ण परिचालन और आर्थिक संकेतक प्राप्त होने की उम्मीद है, जो साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण और आर्थिक विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह सर्वेक्षण सांख्यिकी संग्रह अधिनियम, 2008 (2017 में संशोधित) और जन विश्वास (प्रावधान संशोधन) अधिनियम, 2023 के प्रावधानों के तहत आयोजित किया जाएगा और डेटा एक सुरक्षित वेब-आधारित पोर्टल के माध्यम से एकत्र किया जाएगा।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को स्थानीय भाजपा जिला कार्यालय, मंझिया रोड में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्रों पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विहपुर के विधायक इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार थे, जबकि अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष शिशीर कुमार दास ने की।






अपने संबोधन में विधायक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता ही किसी भी राजनीतिक दल की रीढ़ होते हैं। उन्होंने सभी कार्यकताओं से हमेशा अपना मनोबल ऊंचा रखने का आह्वान किया तथा कहा कि वे किशनगंज आते रहेंगे। साथ ही उन्होंने सभी से अपने-अपने घरों में पार्टी का झंडा लगाने की अपील की।
जिला उपाध्यक्ष शिशीर कुमार दास ने कहा कि जिले के कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी के सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संचालित कर रहे हैं। वहीं जिला महामंत्री कौशल झा ने उपस्थित सभी कार्यकताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि जिले के सभी मंडलों में बूथ स्तर तक स्थापना दिवस मनाने का संकल्प लिया गया है। महिला मोर्चा की ओर से रंगोली बनाकर कार्यक्रम को आकर्षक बनाया गया तथा सभी कार्यकताओं के बीच मिठाई वितरित कर एक-दूसरे को बधाई दी गई।
इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हरिराम अग्रवाल, मनीष सिन्हा, नगर अध्यक्ष अरविंद मंडल, सुबोध माहेश्वरी, शिवनारायण यादव, संजय पासवान, लखवीर कोर, सोनी देवी, दुर्गा स्वर्णकार, लता मोदी, मीरा रामदास, सृष्टि कुमारी, रीता देवी, दुर्गा देवी, कौशल आनंद, हरि किशोर साह, अधिवक्ता नजाकत अली, राजा साहा, शिवम साहा, दीपम सरकार, कमलेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो दिवसीय गजना महोत्सव 2026 की तैयारी हुई पूर्ण

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) कला संस्कृति युवा विभाग बिहार सरकार एवं जिला प्रशासन औरंगाबाद द्वारा बिहार एवं झारखंड की सीमा पर स्थित सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ गजना धाम में आयोजित गजना महोत्सव 2026 की तैयारी पूर्ण हो गई है। जिला संस्कृति पदाधिकारी पप्पू राज और प्रखंड विकास पदाधिकारी



अरुण सिंह ने बताया कि महोत्सव के लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बीडीओ ने बताया कि इस वर्ष जर्मन टेंट पंडाल लगाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि 8 अप्रैल 2026 को सुबह 10 बजे मंच का उद्घाटन किया जाएगा।इसके बाद मुख्य कलाकार भाभ्या पंडित की प्रस्तुति होगी।वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए पेंटिंग, मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 9 अप्रैल 2026 को क्षेत्रीय कलाकारों और अंडर 14 के छात्र-छात्राओं के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। मौके पर न्यास समिति के अध्यक्ष महंत अवध बिहारी दास, भृगुनाथ सिंह सिंह, अरुण सिंह, अरुण मेहता,मिथलेश कुमार,शिक्षक धनंजय कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह,नाजिर धीरेंद्र कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# छड़ लदे जुगाड़ गाड़ी के पलटने से उसपर सवार एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण**

गोड्डा मेहरमा ललमटिया एनएच 133 पर बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत विरामचक के नजदीक सरिया(छड़) लदे जुगाड़ गाड़ी के पलटने से उस पर सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर बलबड्डा थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे की जानकारी ली। दोनों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां ऑन ड्यूटी डाक्टर



तुषार कुमार ने एक को मित्र घोषित कर दिया जिसकी पहचान कहलगांव अनुमंडल के कुमरसाही गांव के 30 वर्षीय अनिल यादव तथा दूसरे की पहचान मेहरमा के धमड़ी गांव के मनीष यादव के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि पता नहीं चल पाया है कि मृतक चालक था या श्रमिक। पुलिस के द्वारा शव का कानूनी प्रक्रिया पूरी करने का पंचनामा तैयार कर उसे थाना लाया गया। साथ ही जुगाड़ गाड़ी और सरिया(छड़) को भी थाना परिसर में रखा गया है।गंभीर रूप से घायल मनीष यादव को बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल भेज दिया गया है। बताया जाता है की जुगाड़ गाड़ी ललमटिया से मेहरमा की ओर आ रही थी। स्थानीय लोगों के अनुसार दोनों शराब के नशे में धूत थे। काफी तेजी और लापरवाही के साथ वाहन चला रहे थे, जो हादसा का मुख्य कारण बना।

# किशनगंज में स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया आयाम, 6 सीएचसी बनेंगे मॉडल हेल्थ सेंटर

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

6 अप्रैल। मुख्यमंत्री सात निश्चयझ3 के तहत जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके अंतर्गत ठाकुरगंज, बहादुरगंज, दिघलबैंक, टेढ़ागाछ, कोचाधामन एवं पोठिया स्थित छह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को अत्याधुनिक मॉडल हेल्थ सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।



जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीएम डॉ. मुनाजिम ने बताया कि इन केंद्रों में आधुनिक लेबर रूम, हाईटेक ऑपरेशन थिएटर एवं इमरजेंसी सेवाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रसव कक्ष को अत्याधुनिक उपकरणों से लैस किया जाएगा, जिससे सुरक्षित प्रसव के साथ-साथ नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल संभव हो सकेगी। वहीं, ऑपरेशन थिएटर में उन्नत तकनीक की व्यवस्था होने से गंभीर मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही त्वरित उपचार मिल सकेगा।
सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें प्रसव, ऑपरेशन या गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। समय पर उपचार मिलने से जटिलताओं में कमी आएगी तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने में मदद मिलेगी।
जिला पदाधिकारी विशाल राज ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि स्वास्थ्य सेवाएं हर व्यक्ति तक सुलभ रूप में पहुंचें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किए जाएं। इस योजना के लागू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा, आर्थिक बोझ कम होगा और आमजन को अपने ही क्षेत्र में बेहतर इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

# पटना के संपतचक नगर परिषद में विकास योजनाओं को हरी झंडी

## काम में देरी पर संवेदक होंगे ब्लैकलिस्ट

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता;- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के नगर परिषद संपतचक के सभाकक्ष में सोमवार को मुख्य पार्षद अमित कुमार की अध्यक्षता में सशक्त स्थायी समिति की अहम बैठक हुई। बैठक में विकास कार्यों की रफ्तार तेज करने के साथ-साथ लापरवाह ठेकेदारों पर नकेल कसने का सख्त फैसला लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से बरसात से पहले जलजमाव की समस्या से निपटने पर चर्चा हुई। मुख्य पार्षद ने बताया कि सभी वार्डों से प्राप्त योजनाओं के आधार पर नालों और पइन की उड़ाही व निर्माण के लिए जल्द निविदा (टेंडर) निकाली जाएगी। इसके अलावा शहर के सौंदर्यीकरण के लिए निर्णय में सोहगी मोड़ पर एक आकर्षक क्लॉक टॉवर लगाया जाएगा। प्रमुख प्रवेश द्वारों पर वेलकम गेट और सभी वार्डों में साइनबोर्ड लगेंगे। नगर परिषद के आंतरिक संसाधनों से चिन्हित स्थानों



पर वृक्षारोपण कराया जाएगा। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कुछ संवेदकों ने कार्य आवंटन के बावजूद न तो एकरारनामा किया और न ही काम शुरू किया। समिति ने सर्वसम्मति से ऐसे संवेदकों की सुरक्षा राशि (Security Money) जब्त करने और उन्हें काली सूची (Blacklist) में डालने का निर्णय लिया है। साथ ही, उनके पैतृक विभाग को भी उन्हें प्रतिबंधित करने के लिए पत्र भेजा जाएगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में शहर में आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान हेतु भी कार्रवाई का निर्णय लिया गया, जिसका खर्च परिषद खुद वहन करेगी। बैठक में उप मुख्य पार्षद निशा कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार, पार्षद डोमन पासवान और दिलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मुख्य पार्षद ने स्पष्ट चेतावनी दी कि विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रामनवमी समारोह को लेकर रामभक्तों को किया सम्मानित

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

देव (बिहार) औरंगाबाद जिले के देव धाम में आयोजित रामनवमी समारोह को सफल संचालन की लेकर रामभक्तों को सम्मानित किया गया और सनातन धर्म को पूरे विश्व में फैलाने का संदेश दिया गया। श्री महावीर अखाड़ा समिति ने इस समारोह का आयोजन किया था, जिसमें युवाओं ने रात-दिन मेहनत कर हनुमान झंडे को हर चौक-चौराहे पर बांधा था।समिति के संरक्षक अलोक सिंह जी ने अपने स्वागत भाषण में युवाओं में जोश भरने का काम किया। मंच का संचालन शिक्षक दिलीप राज जी ने किया। समारोह में पुराने समिति सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया था, जिन्होंने युवाओं में सनातनी प्रेरणा भरने का



मौका दिया।समिति के संरक्षक राकेश राही जी ने बताया कि रामनवमी का त्योहार छठ महापर्व जैसा ही है और देव में छठ आयोजन के तुरंत बाद रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन करना बहुत कष्टकर होता है, लेकिन सभी के आर्थिक और दैहिक मदद से इस कार्य को सफल बनाने में मदद मिल जाती है।इस सम्मान समारोह में अध्यक्ष कुंदन सिंह, संरक्षक संतोष, भारती, सनातनी नेता आलोक सिंह, दिलीप राज, गुलशन सिंह, राकेश राही, चंदन कुमार, राजबंश सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, संजय गुप्ता, मोहित मालाकार, पत्रकार रविकांत पाठक, गंगा भाष्कर, शिवम गुप्ता ने अहम योगदान दिया।

# बजरंग दल की दो दिवसीय प्रांत बैठक बरही में संपन्न, संगठन विस्तार और संस्कार जागरण पर जोर

**पंकज कुमार पाठक, दैनिक समाज जागरण**

बरही (हजारीबाग): विश्व हिन्दू परिषद की प्रांत कार्य योजना के अंतर्गत बजरंग दल की दो दिवसीय प्रांत बैठक बरही प्रखंड के खोड़ाहर स्थित श्रीदस पब्लिक स्कूल परिसर में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम दरबार, हनुमान जी एवं भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन, ओंकार ध्वनि, एकात्मता मंत्र और विजय महामंत्र के साथ हुआ तथा समापन पूर्णता मंत्र से किया गया।
बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बजरंग दल के क्षेत्र संयोजक जन्मजेय कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो एवं प्रांत मिलन प्रमुख संजय चौबे उपस्थित रहे। प्रारंभ में संगठन के कार्यों की समीक्षा की गई और विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया गया।
अपने संबोधन में क्षेत्र संयोजक जन्मजेय कुमार ने कहा कि कार्यकताओं को सेवा, सुरक्षा और संस्कार के मूल ध्येय को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवाओं में घटते संस्कारों पर चिंता जताते हुए




कहा कि उन्हें जागरूक कर कुरीतियों और भ्रामक तथ्यों से दूर करना आवश्यक है। साथ ही संगठन के विस्तार और जनसंख्या बल बढ़ाने पर भी जोर दिया।
वहीं प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने सनातन समाज की संख्या वृद्धि को आवश्यक बताते हुए कहा कि समाज को संगठित और सशक्त बनाने के लिए जनसंख्या संतुलन एवं आर्थिक सशक्तिकरण दोनों पर ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि समाज को अपने संसाधनों का एक हिस्सा सुरक्षा और सामाजिक कार्यों के लिए भी समर्पित करना चाहिए।
कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला मंत्री अरविंद मेहता, सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला संयोजक जयकुमार सोनी, गौ रक्षा प्रमुख अभिनव, सोनू महाकाल, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी, विकास यादव सहित अन्य कार्यकताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं विद्यालय परिसर उपलब्ध कराने में रंजीत चंद्रवंशी एवं नौरंगी लाल का विशेष योगदान रहा।

# पटना में जमीन विवाद में राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मारी गोली, सहयोगी भी जख्मी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी के गोपालपुर थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े तांडव मचाते हुए एक राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उनके सहयोगी को गोलियों से भून दिया। घटना बादशाही पइन के समीप की है, जहाँ पुरानी रंजिश और जमीन विवाद को लेकर हुए इस हमले ने इलाके में दहशत फैला दी है। जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय सदाबाहर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आलमगंज निवासी ओमप्रकाश यादव अपने सहयोगी जितेंद्र के साथ गोपालपुर स्थित अपनी जमीन देखने गए थे। अपराधियों को उनके आने की भनक पहले से थी। जैसे ही ओमप्रकाश यादव का वाहन बादशाही पइन के पास पहुँचा, पहले से घात लगाकर बैठे हथियारबंद अपराधियों ने उन पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों




के मुताबिक, अपराधियों ने एक के बाद एक कई राउंड गोलियां चलाईं। हमले में ओमप्रकाश यादव के पैर में गोली लगी है, जबकि उनके समर्थक जितेंद्र के पेट में गोली लगने की सूचना है। गोलीबारी के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल (NMCH) में भर्ती कराया गया, जहाँ उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।बताया जा रहा है कि उक्त जमीन को लेकर दो गुटों के बीच लंबे समय से टकराव चल रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह हमला इसी विवाद का नतीजा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुँचकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि भूमि विवाद को लेकर अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मौके से साक्ष्य जुटा रही है और हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# पटना में नशे के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़

## 51 हजार बोतल प्रतिबंधित सिरप जब्त, चेन्नई से जुड़े तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी की पुलिस ने नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र के जकरियापुर इलाके में पुलिस और औषधि विभाग की संयुक्त छापेमारी में एक कंटेनर से 51,000 बोतल अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप बरामद की गई है। इस खेप की बाजार में कीमत लाखों में आंकी जा रही है। नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) परिचय कुमार के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने जकरियापुर स्थित एक गोदाम पर धावा बोला। वहाँ से 30,000 बोतलें बरामद हुईं। वहीं, आशु चक्र के पास से 21,000 बोतलें (200 कार्टन) जब्त की गईं। मौके से पुलिस ने मुरादाबाद निवासी कंटेनर चालक मोहम्मद शमशेर को गिरफ्तार किया है।प्रारंभिक जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। नशीले सिरप की यह खेप हिमाचल प्रदेश में निर्मित है और इसे चेन्नई से बुक कर पटना भेजा गया था। तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए फर्जी लेबल और नकली दस्तावेजों का सहारा लिया था। नगर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कोई मामूली गिरोह नहीं, बल्कि एक संगठित 'सप्लाई चेन' है, जिसमें ट्रांसपोर्ट एजेंट से लेकर गोदाम मालिक तक शामिल हैं। सिटी एसपी परिचय कुमार ने बताया कि यह खेप पटना के रास्ते किन-किन जिलों में खपाई जानी थी, इसका पता लगाने के लिए गिरफ्तार चालक से पूछताछ की जा रही है। किसी भी स्तर पर मिलीभगत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस अब इस सिंडिकेट के मुख्य सरगना और स्थानीय रिसीवरों की तलाश में छापेमारी कर रही है। फिलहाल कंटेनर को सील कर दिया गया है और औषधि विभाग आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुटा है।

# पटना होगा रोशन, 25 हजार स्मार्ट लाइटों से जगमगाएगा शहर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ नगर निगम क्षेत्र की सड़कें अब अत्याधुनिक तकनीक से लैस होने जा रही हैं। शहर को स्मार्ट और ऊर्जा दक्ष बनाने के लिए नगर निगम ने 25,000 नई स्मार्ट स्ट्रीट लाइटें लगाने की योजना तैयार की है। यह पूरी व्यवस्था 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' (IoT) तकनीक पर आधारित होगी, जिससे न केवल रोशनी बेहतर होगी बल्कि बिजली की भी भारी बचत होगी। इस नई तकनीक की सबसे बड़ी खासियत यह है कि लाइटों में विशेष सेंसर लगे होंगे। शाम होते ही ये लाइटें स्वतः जल जाएंगी और सुबह होते ही अपने आप बंद हो जाएंगी। इनके संचालन और रियल-टाइम निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत नियंत्रण कक्ष (Centralized Control Room) बनाया जाएगा। यदि कहीं कोई तकनीकी खराबी आती है, तो सिस्टम तुरंत अलर्ट भेज देगा, जिससे मरम्मत कार्य तेज हो सकेगा। वर्तमान में शहर में करीब



82 हजार स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। योजना के तहत न केवल नई लाइटें लगेंगी, बल्कि पुरानी लाइटों को भी स्मार्ट सिस्टम से जोड़ा जाएगा। एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (EESL) 30 अप्रैल तक रखरखाव का कार्य देखेगी, जिसके बाद नई चयनित एजेंसी कमान संभालेगी। इसके लिए चयन प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शहर के प्रमुख चौराहों और भारी यातायात वाले क्षेत्रों के लिए 1.61 करोड़ रुपये की लागत से 35 हाई मास्ट लाइटें स्वीकृत की गई हैं। प्रत्येक पोल 12.5 मीटर ऊंचा होगा और 1200 वाट की क्षमता के साथ दूधिया रोशनी बिखेरेगा। नूतन राजधानी में 12, पाटलिपुत्र में 7, कंकड़बाग व बांकीपुर में 5-5, पटना सिटी में 4 और अजीमाबाद में 2 हाई मास्ट लाइटें लगाई जाएंगी। नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति से मंजूरी मिलने के बाद इस प्रोजेक्ट पर काम तेज कर दिया गया है। इस पहल से न केवल नागरिकों की सुरक्षा बढ़ेगी, बल्कि पटना एक आधुनिक और स्मार्ट सिटी के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा।

# राजेश कुमार शर्मा बने झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन के सहसचिव हुआ भव्य स्वागत।

**मिंटू कुमार समाज जागरण हजारीबाग।**

रविवार को झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन की बैठक अध्यक्ष मधुसूदन मेहता की अध्यक्षता में मेहता कुशवाहा भवन हजारीबाग में संपन्न हुई । सभा का संचालन संगठन के जिला सचिव आमिर अल्ताफ ने किया। पूर्व में जिला कमेटी का विस्तार किया गया था । कल पदाधिकारी को स्वागत माला पहनकर किया गया । इसमें राजेश कुमार शर्मा सहसचिव झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन हजारीबाग भी शामिल है । अन्य सभी संगठन के पदाधिकारी को उनके अधिकार और



कर्तव्य का बोध कराया गया । और आशा की गई कि इन लोगों के नेतृत्व में संगठन मजबूत होगा । समारोह को संबोधित करने वालों में संगठन के उपाध्यक्ष प्रेम गुप्ता, संयोजक मधुप मनोहर ,पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद भगत, पूर्व उपाध्यक्ष मकसीर आलम, छोटेलाल साव । पूर्व सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा, राम अवतार रजक ,सत्येंद्र प्रसाद ,राजन कुमार मेहता, राज कपूर आदि शामिल थे।

# बिहार में जहरीली शराब का मास्टरमाइंड पकड़ाया, 2 माफियाओं ने कोर्ट में किया सरेंडर

**समाज जागरण**

मोतिहारी से बड़ी खबर सामने आई. जहां जहरीली शराब कांड से जुड़े दो लोगों ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया. उन्होंने पुलिस के खौफ से आत्मसमर्पण का फैसला लिया. सुनील शाह और कन्हैया यादव पर स्प्रिट मिलाकर शराब बेचने का आरोप लगा है. जिसे पीने से पिछले दो दिनों में 9 लोगों की मौत हो गई. कई लोग बीमार हैं.
मोतिहारी: बिहार में जहरीली शराब का मास्टर माइंड पकड़ा गया. पुलिस के डर से दोनों माफियाओं ने खुद ही कोर्ट पहुंचकर सरेंडर कर दिया. मास्टरमाइंड माने जा रहे सुनील शाह और कन्हैया यादव ने मोतिहारी कोर्ट में सरेंडर किया. पुलिस की लगातार दबिश और परिवार के सदस्यों पर बढ़ते दबाव के बाद दोनों आरोपियों ने यह कदम उठाया. मालूम हो कि पिछले दो दिनों में जहरीली शराब पीने से 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई बीमार लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है.

**चप्पे-चप्पे पर ढूंढ रही थी पुलिस**

बताया जा रहा है कि दोनों आरोपियों सुनील शाह और कन्हैया यादव का नाम रघुनाथपुर और तुरकौलिया इलाके में हुए जहरीली शराब कांड से जुड़ा है. पुलिस काफी दिनों से इनकी तलाश में छापेमारी कर रही थी. दोनों आरोपी पहले से ही शराब तस्करी के मामलों में संलिप्त रहे हैं और इलाके में सक्रिय शराब माफिया के तौर पर जाने जाते हैं.

**जहरीली शराब से हुई थी 9 मौतें**

गौरतलब है कि दो दिन पहले ही मोतिहारी में जहरीली शराब पीने से 9 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे. सदर अस्पताल समेत विभिन्न अस्पतालों में दर्जनों मरीजों का इलाज चल रहा है. इस घटना के बाद पूरे जिले में हड़कंप मच गया था और प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया था. प्राथमिक जांच में सामने आया कि स्प्रिट मिलाकर तैयार की गई जहरीली शराब की सप्लाई इन इलाकों में की जा रही थी.